
In the meantime, BSF jawans have been deployed in Nabarangpur, district to deter the ultras sneaking into Odisha from Chhattisgarh.

More BSF battalions are expected in the State as the Union Home Ministry has given indications in this light.

We fight for nation, not for publicity: CRPF DIG

PNS ■ DALTONGANJ

Naxal-infested Palamu is not a strange place for CRPF DIG BK Sharma, who served here as Commandant of 13 battalion of CRPF years back. During his tenure his battalion won laurels. As CRPF DIG he is again at the helms of affairs. His most trusted man Anil Minz is Commandant of 134 battalion of the CRPF here and stays in the same room where once Sharma had spent his above 3 years time as Commandant here in Daltonganj.

The Pioneer spoke to Sharma to know what the CRPF is doing in this left wing extremist-hit Palamu and the track of record of the CRPF.

Q: The CRPF is accused of recently harassing and detaining a tiger tracker of Palamu Tiger Reserve for no rhyme or reason. Why?

A: The tiger tracker was definitely questioned. It was all due to a camera found in his possession in jungle.

Q: This camera was for the trapping of tigers in Palamu Tiger Reserve where such a device is installed to trap the tiger by lens. So what was so objectionable about it?

A: The camera made the cops suspicious. We understand this.

Q: Another tribal was like wise harassed by CRPF. Why?

A: No. This is not all true. This man whom our boys questioned lied. This man told our boys that he was coming from Daltonganj. But in fact he was coming from Mandu, a naxal belt. Why did he after all tell such a lie?

Q: The CRPF as an image building exercise distributes dhoti, saree, football, cricket bat. Is it for publicity?

A: No. Not at all. It is to prove we are for the people. We distribute freebies not for any publicity. We have given solar lights at Saryu. Is this for any show of us? No. We provided drinking water facilities, cold and purified water at two of the colleges of the NP University. Do you think it is for any kind of self glorification?

Red Rebels bank on fear psychosis to get their way

Ken Menon
Jan Konnai Bureau

Barnan Town (Countryside), Mar 13
For the Maoists, fear is their best weapon. The kidnappings and killings have become the ruthless vehicle of using this potent weapon. At all costs, the red rebels want their writ to run large, undisturbed.

In recent times, the kidnapping of the officials have proved to be more effective in getting demands accepted by the Naxal-infested states. The recent abduction of Sukma district collector Alex Paul Menon (32) confirms the Naxalites' strategy.

Before him, they carried out the abduction of Malkangiri (Orissa) district collector RV Krishna in mid-February 2011. For Krishna's freedom, 13 jailed Naxalites were released.

Although no Maoist was released for hostage Menon's freedom, the high-voltage drama gripped the whole nation for 13 days. The Maoists' negotiators, after working out an agreement with the BJP-ruled state government, issued an appeal to the Naxalites to release Menon "as his spouse Asha is in the family way".

Top officials in the state capital of Raipur and New Delhi knew that the Maoists' would not play with fire by killing Menon. But the fear psychosis created by the red rebels did have an effect.

The district collector was released on May 3 following an agreement reached between the representatives of the state administration and the Maoists, under which the government agreed to set up a high-powered committee to review all the cases of Maoists languishing in different jails.

The Maoists have claimed that many of them are "innocent" and have either been sentenced or are facing trial on "fabricated charges".

Besides, that the Maoists talk about police atrocities and human rights violations, but they and their civil ... [illegible] ... have killed and kidnapped 350 persons and killed 146 of them. Seventy five of the abducted persons were released and 40 of them had managed to escape.



MAOIST VIOLENCE

- In a little over four years, Maoists kidnapped 350 persons and killed 146 of them
- In all seven districts of the Bastar region, 194 kidnapping cases were registered against the Maoists
- Many of the kidnapped killed in deep dense forests where even the police does not enter

In all the seven districts of the Bastar region, 194 kidnapping cases were registered against the Maoists. Once kidnapped, everyone knows that the possibility of the victim getting killed is more than his or her coming back home alive. Many of the kidnapped victims are killed in deep dense forest where the Maoists' writ runs. The police, even after receiving a complaint of kidnapping from the victim's family members, rarely dare to enter the territory held by the red rebels.

The killing of kidnapped persons is also gruesome. Harishchander Upendi was picked up from his house in Koyalibeda in Kanker and produced before a 'Jan Adalat' (people's court) — it is Reds' kangaroo court — and pronounced as a 'police informer'. As per the punishment awarded by the 'Jan Adalat', he was beaten to death by lathis. The body was then ... [illegible] ... gruesome violence and arson is long. The majority of kidnapping cases occurred during the day as was in the case of Menon. He was abducted at about 4.30 pm.

Since 2007, when the Maoists' began increasing their violence to curb the tribals' counter-movement called 'Salwaa Judam'. They have killed a large number of security-men, villagers, including women and children, and injured numerous people in geo-firing and through landmines. They have looted economies, including banks, and destroyed houses and other establishments like schools, railway tracks and burnt panchayat bhawans.

The Maoists have moved on from guerrilla to military warfare. They have fully armed military 'dalams' (units). Menon's kidnapping was a military-style operation. "One should not be surprised," warned a central intelligence agency officer, "if we witness more Menon-type abductions in future, not only in Chhattisgarh but

बच्चों के सहारे चल रहा है नक्सली आंदोलन



CRPF seeks sophisticated equipment to tackle Naxals

Security forces in Left Wing Extremism-hit areas more vulnerable to surprise attacks

Sandeep Joshi

NEW DELHI: Concerned over Naxals acquiring sophisticated communication equipment and improving on their fire power, the Central Reserve Police Force (CRPF) has approached the Ministry of Communications and Information Technology, and Science and Technology, seeking advanced equipment which includes robotic arms for bomb disposal, software defined radios, portable orthanges, direction finders for wireless sets and satellite phones for detecting movement of troops.

The CRPF wants to acquire these information and communication technology (ICT) equipment to help its troops tackle the Naxal problem more effectively in 80 Left Wing Extremism (LWE)-affected districts in nine States. According to a senior CRPF officer, recent incidents clearly indicate that Naxals have acquired more sophisticated communication equipment, while the use of explosives has also gone up which led to troops suffering major casualties despite laying anti-landmine vehicles. The CRPF, which operates in Naxal-affected States in coordination with the State police, wants to improve its resources by purchasing more advanced equipment and machinery so that they can stay ahead of the Naxals, the officer added.

The list of equipment and resources that have been sought exclusively for the LWE-affected areas include robotic arms for bomb disposal, deep search mine detector with 1-metre deep capability and explosive hug guns (chemicals mixed with explosives for tracking the source of manufacturing). "All these devices for bomb disposal are crucial to fight the growing fire power of the Naxals...these will reduce casualties and help in tracking down the Naxals and those aiding them," the officer added.

Notably, in his last press conference, Home Minister P Chidambaram also pointed towards Naxals using more quantity of high-grade explosives. As a result, security forces deployed in the LWE-affected areas were getting more vulnerable to surprise attacks despite having area improvement in their weapons and equipment. Even landmine proof vehicles were getting hit due to increased quality of explosives being used by the Naxals, Mr. Chidambaram pointed out.

- Home Minister pointed towards Naxals using high-grade explosives
- CRPF is looking at nations like Israel which are also affected by terrorism

Then the list of advanced communication equipment being sought by the CRPF include mobile phone locator and surveillance system, portable V-SAT terminal for communication in remote areas, exclusive satellite services for voice and data communication, light weight satellite phones (handheld with data capability), software defined radio (a computer-based radio set for transmission of encrypted messages in a wide range of frequencies), satellite tracker for detecting movement of troops and, direction finder for wireless sets.

"All these communication equipment will enable us in keeping a tab on the movement of troops in areas which are deep inside jungles...this will help us connected with personnel deployed in the Naxal-affected areas so that we can provide them immediate assistance in case of emergencies. Then some equipment will aid in keeping track of movement of the Naxals so that we can preempt their moves. Some communications devices will take are more economic in case in a safer way so that our strategies and planning is not leaked to them, while others will allow us to swoop into their secure communication network," the officer said.

The CRPF Director General K. Vijay Kumar has already met Communications and IT Minister Kapil Sibal and discussed about various ICT and skill development-related challenges before the force for improving its functioning. Interestingly, the CRPF is looking at nations like Israel which are also affected by terrorism and possess such advanced ICT tools and equipment.

The Ministry of Home Affairs, which has already asked surveillance forces deployed in terror-affected areas to modernise its armoury to face future challenges, is concerned over growing influence of the Naxals in newer areas, particularly in Northeastern States. While Chhattisgarh, Jharkhand, Orissa and Bihar are considered severely affected, West Bengal and Maharashtra are considered partially affected. But growing incidents of Naxal violence and their activities in Uttar Pradesh, Madhya Pradesh and incursions into Karnataka, Assam and Arunachal Pradesh has left the Home Ministry officials worried as it would have long-term strategic implications, particularly in the border States.

अमरनाथ यात्रा: सीआरपीएफ की 66 कंपनियां सुरक्षा में तैनात

विवेक सिंह, जम्मू



जय जय शिव शंकर...: जम्मू में शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण कराने पहुंचा जत्था। हर साल आयोजित होने वाली यह यात्रा इस बार 25 जून से प्रस्तावित है। एपी

बाबा अमरनाथ यात्रा को पूरी तरह से सुरक्षित बनाने के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने मोर्चा संभाल लिया है। 66 कंपनियों को विशेष तौर पर तैनात कर दिया गया है, जो 39 दिन तक चलने वाली वार्षिक यात्रा की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी। यात्रा 25 जून से दो अगस्त चलेगी। यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग देने के लिए दो महिला कंपनियां भी आई हैं। लखनपुर से लेकर पत्नीटाप तक हाईवे की सुरक्षा का जिम्मा सीआरपीएफ के कंधे पर है। इसके आगे बनिहाल तक राजमार्ग को सुरक्षा सेना की 16 कोर व आगे 15 कोर के हवाले है। जम्मू शहर में भी सीआरपीएफ की 12 कंपनियां तैनात हो चुकी हैं।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस जम्मू के नए आइजी गुरिंदबीर सिंह ने कहा कि यात्रा को पूरी तरह सुरक्षित बनाया जाएगा। सीआरपीएफ सारी शक्ति झोंककर कोशिश करेगी कि श्रद्धालुओं को कोई मुश्किल न हो।

873 constables join CRPF ranks

Special Correspondent

NEW DELHI: Additional Training Centre, Group Centre, Central Reserve Police Force, Greater Noida, celebrated the passing Out Parade of 873 constables on Thursday. CRPF Director-General K. Vijay Kumar was the chief guest and took the salute.

44-week training

Training of the first batch of recruits lasted 44 weeks during which they acquired skills of unarmed combat, map reading, IED and Explosive, riot control, jungle training, field and battle craft, apart from other regular physical training. Recruits were intensely trained in indoor subjects like IPC, CrPC and other laws. The parade was followed by a display of "Unarmed Combat Skill".

CRPF drive against polythene

ESTATE TIMES NEWS
SRINAGAR: Public Relations Officer (PRO), Central Reserve Police Force (CRPF), Sudip Gupta on Thursday apprised that the Central Reserve Police Force (CRPF) is going to launch a special drive against use of polythene during Shri Amarnath Yatra.

Keeping in view of maintaining the ecological sanctity and avoid ecological imbalance of Kashmir. The use of special drive is to persuade Yatris not to use polythene bags during Yatra. As the polythene bags or plastic bags are posing a great threat to our environment. Polythene shopping bags and wrappers are presently emerging as a potential global threat also. If visitors want to carry something, they would be provided bags made of eco-friendly material at the earmark places at Manigam and Baltal. Visitors are urged to carry eco-friendly alternatives to maintain the environment of Kashmir.

CRPF along with SDOs will educate the shrine, the shop keepers and the Langar of the implementation of the polythene bags ban in the environment. CRPF will be emphasizing on the usage of eco-friendly bags.

Medical preventive aspects in training

Here are some potential Medical problems and preventive aspects to prevent morbidity and mortality during Training-

1-Heat related injuries- Diseases-Serious type-Heat Stroke/ Heat Exhaustion with dehydration. (Most potential threat) -Less serious type-Heat Syncope/Heat Cramp/Heat rashes.

Importance-Heat Injuries are frequent and most lethal during training

Prevention-1-Acclimatization- At least 3-5 days should be given to trainees to acclimatize with weather conditions before starting of training programme. During this period only light exercise shall be allowed.

2-Hydration-(Most important preventive step) Adequate water and ORS(or Nimbu-Pani with Salt) intake during outdoor exercise which will replenish water and Electrolyte loss during Outdoor Exercises. -Water with ORS intake must be started before starting the outdoor exercise/ run.-¼-½ glass water with ORS must be taken regularly by trainees during long run. -Water hydration must be continued after conclusion of long run/exercise for 1-2 hours.

3-Outdoor exercises to be conducted only during cooler hours of the day (Morning/ Evening).

4-Lecture delivery to trainees elaborating Causes/ Sign/Symptoms and prevention from Heat Illness.

2-Physical injuries- Diseases-Injuries to Ankle/Knee Joints. Other injuries due to fall on ground/fall from height

Importance-These injuries may cause long lasting/ permanent damage to body parts.

Prevention-Regular Muscle /Ligament strengthening specific exercises for Ankle and Knee joint.

Early diagnosis and complete Treatment of injuries(this will prevent long term complications).

3-Communicable diseases and Malaria-Diseases-Upper Respiratory Infection (like Common Cold) Gastro-Intestinal Diseases(Diarrhoea and Vomiting)

Importance-These Health problems are very frequent and can affect mass population causing greater per person per day loss of training.

Prevention-Simple Hygienic habits adaption like keeping cloth in front of mouth before Coughing and Sneezing.

Frequent hand washing (Specially after returning back from outdoor)

Drinking safe and purified water by adequate Boiling/Chlorine treatment/RO filtered water.

Use of Impregnated Mosquito Nets, Mosquito repellent cream/coil to prevent Mosquito Bite.

4-Any old Disease- Diseases-Diabetes Mellitus/Hypertension/Cardiac diseases

Importance-These Diseases may aggravate during training.

Prevention-Pre Training Medical examination including Blood test/ECG etc must be done to rule out unmanifested/asymptomatic Health problems.

These Medical problem were frequently encountered during Training, preventing them, we may prevent precious life and per person per day loss of training.

Compiled by-
Dr. Shekhar Kansara
SMO,CIAT Silchar



DG CRPF, Sh. K. Vijay Kumar presenting memento to DG (Investigation), NHRC, Sh. Sunil Krishna



Sh. Subhash Joshi, DG NSG with Sh. K.Vijay Kumar, DG CRPF and other senior officers at CRPF HQ



सीआरपीएफ समाचार

राजभाषा विशेषांक

वर्ष 59 जुलाई–अगस्त, 2012 अंक 12



हिन्दी हमारी मातृभाषा है, मात्र एक भाषा नहीं



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर “शहीद वाटिका”, रायपुर, छत्तीसगढ़ में केरिपुबल के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह



केरिपुबल के स्थापना दिवस के अवसर पर ग्रुप केन्द्र अगरतला में दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का शुभारंभ करते त्रिपुरा के मुख्यमंत्री श्री मानिक सरकार

चीफ पेट्रनः श्री के. विजय कुमार, महानिदेशक

संपादकीय सलाहकार मण्डल

अध्यक्षः डी. के पाठक, अपर महानिदेशक (मुख्यालय), सदस्य: डॉ. रवि प्रकाश मेहरदा, महानिरीक्षक (कार्मिक), जी.डी. पेवाल, महानिरीक्षक (संभरण), अनुपम कुलश्रेष्ठ उपमहानिरीक्षक (प्रशासन), बी.एस. चौहान उपमहानिरीक्षक (कार्मिक), पवन कुमार शर्मा, उपमहानिरीक्षक (परिचालन), प्रवीण कुमार शर्मा, उपमहानिरीक्षक (प्रशिक्षण), रोज़ी अग्रवाल, उप वित्तीय सलाहकार

सीआरपीएफ समाचार एक द्विमासिक पत्रिका है, इसमें प्रकाशित किये जानेवाले विचार लेखकों के व्यक्तिगत विचार हैं। विभाग की नीति से इसका कोई सम्बन्ध नहीं है।

- मुख्य संपादक

मुख्य संपादकः भुवन चन्द्र खंडूरी

संपादकीय सहायता व रूपरेखाः तमाल सान्याल,

चित्रः जनसंपर्क फोटो सेल, महानिदेशालय और सीआरपीएफ यूनिट्स

संपादकीय कार्यालयः महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, ब्लॉक-1, केन्द्रीय कार्यालय परिसर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003, दूरभाष: 24360649

महानिदेशक सीआरपीएफ की ओर से मुद्रित और प्रकाशितः वीबा प्रेस प्रा. लि., सी-66/3, ओखला इण्डस्ट्रियल एरिया, फेस-2, नई दिल्ली-110020 मोबाईल: 9810049515

In this issue....

महानिदेशक महोदय का राजभाषा संदेश

हिंदी हमारी संस्कृति एवं समाज का दर्पण है

राजभाषा के रूप में हिंदीः कुछ प्रश्न एवं उनका निराकरण

राजभाषा हिंदी की जीवन यात्रा

राजभाषा में माधुर्य

“गोदान”- एक नजर में

हमारा नजरिया ही हमें सुखी या दुःखी बनाता है

इंटरव्यू

बल में राजभाषा का स्वरूप और उसका कार्यान्वयन

सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग में आनेवाली मूलभूत कठिनाइयां और उनका निदान

राजभाषा हिंदी तथा इसका भविष्य

केरिपुबल में राजभाषा हिंदी का भविष्य

भाषा, समाज और अनुवादक

“राजभाषा हिंदी/केरिपुबल से संबंधित ज्ञानवर्द्धक प्रश्नरेत्तरी”

महानिदेशालय की राजभाषा रिपोर्ट

केरिपुबल अकादमी, कादरपुर में ‘राजभाषा सम्मेलन,

केरिपुबल स्थापना दिवस समारोह

सिविक एक्शन प्रोग्राम


दीक्षांत समारोह

महानिदेशालय समाचार

खबरों में केरिपुबल

लाईबेरिया में संयुक्तराष्ट्र मेडल समारोह

महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल



“महानिदेशक का राजभाषा संदेश”

भारत की संविधान सभा ने 14 सितम्बर, 1949 को देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी भाषा को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। अतः हर वर्ष 14 सितम्बर को “हिंदी दिवस” के रूप में मनाया जाता है। हिंदी एक समग्र, सर्वांगीण और सशक्त भाषा है। यह हमारी संस्कृति और समाज का दर्पण है। हिंदी हमारे सामाजिक, सांस्कृतिक तथा भावनात्मक अभिव्यक्ति की ही नहीं, अपितु राष्ट्रीय चेतना और स्वतंत्रता आंदोलन की अभिव्यक्ति की भाषा रही है। कोई भी विदेशी भाषा कितनी ही शक्तिशाली व सशक्त क्यों न हो, वह हमारे देश की भावनात्मक तथा राष्ट्रीय एकता की कड़ी नहीं बन सकती है।

विविधता में एकता वाले इस विशाल राष्ट्र को राजभाषा हिंदी एक सूत्र में बांधे रखने की अहम् भूमिका निभा रही है। यही कारण है कि यह सारे देश में संपर्क भाषा के रूप में कार्य कर रही हैं। हिंदी ही एक ऐसी भाषा है, जिसे भारत के अधिकतर लोग बोलते, पढ़ते और समझते हैं। आज देश में हिंदी राष्ट्रीय एकता की कडी बनी हुई हैं। इसमें एकता के प्रतीक हमारे अर्ध सैनिक बलों की विशेष भूमिका और योगदान है, जिनमें सभी प्राँतों के सभी भाषा-भाषी कंधे से कंधा मिलाकर देश की सेवा में रत हैं। आज जरूरत इस बात की है कि हम अपने दैनिक व्यवहार व सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करते हुए गर्व का अनुभव करें।

सरकारी कामकाज में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए हमें अधिकतम प्रयास करने चाहिए। इस सिलसिले में यह आवश्यक है कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के वार्षिक कार्यक्रम में दिए गए लक्ष्यों की प्राप्ति की पूरी कोशिश की जाए। मेरा मानना है कि सरकारी कामकाज में आम बोलचाल की हिंदी

के प्रयोग से हिंदी इस बल में अधिकाधिक लोकप्रेय व मान्य हो सकती है। हिंदी में काम करना सरल है और सभी प्रकार के सरकारी कार्यों में इसका इस्तेमाल आसानी से किया जा सकता है। हमारे अधिकारीगण खुद हिंदी का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करके अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

यह सत्य है कि सैद्धांतिक मान्यताओं के होते हुए भी प्रयोग के क्षेत्र में हम अंग्रेजी का मोह पूरी तरह से नहीं छोड़ पाए हैं, जिसके फलस्वरूप पाँच दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद भी हिंदी को हम वह स्थान नहीं दिला पाए हैं, जिसकी वह अधिकारिणी है। हिंदी व्यवहार हमारे लिए गौरव और गर्व का विषय होना चाहिए। विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में विश्व में अत्याधिक प्रगति हुई है, जिसके फलस्वरूप कम्प्यूटरों और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर हिंदी में काम करने की सुविधा उपलब्ध हो गई है। अब हिंदी में काम करना और भी सरल हो गया है। हिंदी में काम करने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति का होना आवश्यक है क्योंकि जहाँ चाह होती है वहाँ राह तो स्वयँ बन जाती है।

आज हिंदी दिवस के अवसर पर हम सब यह संकल्प लें कि अपना अधिक से अधिक कार्य हिंदी में निपटाएंगे तथा राजभाषा के रूप में हिंदी का गौरव बढ़ाएंगे।

शुभकामनाओं सहित।

स्थान : नई दिल्ली

दिनाँक: 2012

(के० विजय कुमार)
महानिदेशक, केरिपुबल

"राष्ट्रभाषा के बिना आजादी बेकार है।"

–अवनिन्द्र विद्यालंकार

हिन्दी हमारी संस्कृति एवं समाज का दर्पण है।

के.के. पाण्डेय, कमाण्डेन्ट

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने वर्ष 1918 में हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सभापति पद से बोलते हुए कहा था " हिन्दी वह भाषा है जिसे हिन्दू-मुसलमान दोनों बोलते हैं और जो देवनागरी या फारसी लिपि में लिखी जाती है। अगर हिन्दुस्तान को सचमुच एक राष्ट्र बनना है तो चाहे कोई माने या न माने, राजभाषा तो हिन्दी ही बन सकता है, क्योंकि हिन्दी को जो स्थान प्राप्त है वह किसी दूसरी भाषा को नहीं मिल सकता। हम किसी भी हालत में प्रान्तीय भाषाओं को मिटाना नहीं चाहते। हमारा मतलब सिर्फ यह है कि विभिन्न प्रांतों में पारस्परिक संबंध के लिए हम हिन्दी भाषा सीखें।"

प्रत्येक राष्ट्र की अपनी एक निजी भाषा होती है, जिसें राष्ट-भाषा का नाम दिया जाता है। उस भाषा को देश की अधिकाश जनता जानती, समझती एवं बोलती है। कविवर रवीन्द्र नाथ टैगोर ने कहा था कि " भाषा कोई छाता या ओवरकोट नहीं जिसे माँग–माँग कर अपना काम चलाया जा सके।" डॉ० जाकिर हुसैन ने ठीक ही कहा है- हिन्दी वह भाषा है जो विभिन्न मातृभाषाओं रूपी फूलों को पिरोकर भारत के लिए सुंदर हार का सृजन करती है।

14 सितम्बर, 1949 को देवनागरी लिपि में लिखी गई हिन्दी भाषा को संघ की राजभाषा घोषित किया गया था। यह हमारी संस्कृति एवं समाज का दर्पण है। कोई भी विदेशी भाषा कितनी ही सशक्त एवं शक्तिशाली क्यों न हो वह हमारे देश की भावनात्मक तथा राष्ट्रीय एकता की कड़ी नहीं बन सकती है। भावनात्मक एकता से ही राष्ट्रीय एकता को बल मिलता है। हिन्दी ही एक ऐसी भाषा है जिसे भारत के अधिकतर लोग बोलते, पढते और समझते हैं। आज जरूरत इस बात की है कि हम अपने दैनिक व्यवहार में हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करते हुए गर्व का अनुभव करें।

किसी को फर्राटेदार अंग्रेजी बोलते देख अपने अंदर हीन भावना का समावेश्य न होने दे क्योंकि भाषा का मुख्य कार्य एक दूसरे के बीच संपर्क स्थापित करना है तथा हिन्दी भाषा इस कार्य को प्रभावशाली तरीका से निभाने में सक्षम साबित हो रही है। जरा हिन्दी भाषा की क्षमता और व्याप्ति पर नजर डालकर देखते हैं। लगभग साठ करोड की आबादी रखने वाले भारत के दस राज्य में सौ फीसदी हिन्दी भाषी हैं। यह कुल आबादी का लगभग आधा है। इनके अलावा देश के अन्य राज्यों में और विदेश में हिन्दी बोलने वाले अच्छी संख्या में रहते है। उन तक हिन्दी भाषा मनोरंजन के जरिए पहुँचती है। हिन्दी जापान में सबसे अधिक लोकप्रिय विदेशी भाषा है। पाकिस्तान, नेपाल, बंगलादेश में भी उर्दू, बंगला के बाद हिन्दी ही सबसे ज्यादा बोली जाती है। अंग्रेजी मूल क्षेत्रो, अमेरिका, ग्रेट ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया में भी हिन्दी लोकप्रिय दूसरी विदेशी भाषा है। हर साल एक हजार के आस-पास बनने वाली फिल्मों में तीन-चौथाई हिन्दी की होती है। उनका गीत संगीत तो हिन्दी न जानने वालों को भी लुभाता है तथा इनकी लोकप्रियता का आलम यह है कि वे विदेशों में अच्छी


कमाइ कर रहो है। हिन्दी इस साठ हजार करोड रूपये से ज्यादा के उद्योग को व्यापार एवं कमाई कराती है जिससे करोडो का जीवन चलता है। सबसे ज्यादा लोकप्रिय टीवी चैनल हिन्दी में है। वे हिन्दी का विस्तार करते हैं। नए आंकड़ों के अनुसार कुल दर्शक संख्या लगभग 70 करोड़ बैठती है। हिन्दी चैनल कुल विज्ञापन उद्योग का पैतालिस फीसदी हिस्सा अपनी ओर खींचते हैं। इससे हिन्दी में रोजगार बढ़ा है। देश के सबसे ज्यादा पढ़े जाने वाले दस अखबारों में सात अखबार हिन्दी के हैं। यहाँ भी लाखों काम करते है। सबसे ज्यादा एफ.एम रेडियों चैनल हिन्दी शहरों में फैले है। वे एक नाचती गाती खिलंदरी हिन्दी को लोकप्रिय बनाते है। इंटरनेट पर हिन्दी की अनेक साइटे एवं ब्लॉग हैं, उनकी संख्या तेजी से बढ़ रही है। ऑरकुट, फेसबुक आदि सोशल साइटों पर हिन्दी, हिंगलिश रोमन में धड़ल्ले से लिखी जा रही है, वह भी हिन्दी है, विभिन्न विदेशी समाचार के माध्यमों जैसे:- वायस ऑफ अमेरिका, बी.बी.सी लंदन, रेडियो सिलोन, जापान रेडियो, चायना रेडियो इन्टरनेशनल द्वारा नियमित हिन्दी के कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाता है।

> "सभी भारतीय भाषाओं के लिए यदि कोई एक लिपि आवश्यक होतो वो देवनागरी ही हो सकती है।"
>
> –जस्टिस कृष्णास्वामी अय्यर

कुछ लोगों से यह कहते हुए सुना जाता है कि रोजगार के लिए अंग्रेजी जानना जरूरी है लेकिन यह साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य हैं कि हिन्दी उर्जावान, समर्थवान एवं रोजगारोन्मुखी है। हिन्दी का वैश्वीकरण हो चुका है तथा इस दौर में तेजी से आगे बढ़ रही है। उसे नई गति मिली है। नया जीवन एवं संस्कार मिला है। नई स्पर्द्धा में वह टिक पा रही है। इसका कारण उसका जीवंत एवं गतिशील रहने का मिजाज है। हिन्दी की यह अपनी विशेषता रही है कि वह हर समय और मौसम के हिसाब से अपने को ढाल सकी है और बढ़ती रही है।

आखिर में कहना चाहूँगा कि राष्ट्रभाषा देश की पहचान का एक आधार होता है। प्रत्येक संस्कृति का सार-तत्व उसकी भाषा में अभिव्यक्ति पा सकता है और पाया करता है। अतः हम सबकी यह नैतिक जिम्मेवारी बनती है कि हिन्दी जो हिन्दुस्तान की धड़कन है इसे हम हमेशा महसूस करते रहें तथा हिन्दी को दुनिया के उच्चतम शिखर तक ले जाने हेतु प्रयासरत रहें।

जय हिन्द, जय हिन्दी।



"विदेशी भाषा का किसी भी स्वतंत्र राष्ट्र के राजकाज और शिक्षा की भाषा होना सांस्कृतिक दासता है।"

–वाल्टर चेन्निंग

राजभाषा के रूप में हिन्दी : कुछ प्रश्न एवं उनका निराकरण

निरीक्षक / हिंदी अनुवादक जितेन्द्र सिंह,
ग्रुप केन्द्र, के०रि०पु०बल, अमेठी।

अमीर खुसरों ने जिसे अपना बताया, सुर और तुलसी ने जिसे संवारा, रहीम और रसखान ने जिसमें रस भरा, केशव और बिहारी ने जिसका श्रृंगार किया, भूषण ने जिसे ओज से परिपूरित किया और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान के साथ जो अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का स्वर बनकर देश में गुंजायमान हुई, उस हिन्दी को जब स्वतंत्र भारत की संविधान सभा ने 14 सितम्बर 1949 को देष की राजभाषा के रूप में स्वीकृत किया तो करोड़ों भारतीयों का सपना साकार हुआ। उस समय से आज तक आधी सदी से अधिक (63 वर्ष) की अवधि समाप्त हो चुकी है। राजभाषा से सम्बन्धित सरकारी व्यवस्थाएं कितनी सफल रही हैं, इसका पुनरावलोकन करने के लिए यह कालखण्ड कम नहीं है।

अपने 18 वर्ष के सेवाकाल के दौरान मैं पिछले 09 वर्ष से राजभाषा कार्यान्वयन (निरीक्षक/ हिंदी अनुवादक के पद पर) की जिम्मेदारी से जुड़ा हुआ हूँ, इससे पूर्व के सेवाकाल में भी मैं के०रि०पु०बल में तैनात हिंदी अनुवादकों के सम्पर्क में रहा। वर्ष 2003 में निरीक्षक / हिंदी अनुवादक के पद पर मुझे पहली नियुक्ति सुदूर दक्षिण भारत में स्थित ग्रुप केन्द्र-पल्लीपुरम में मिली। दक्षिण भारत में बतौर हिंदी अनुवादक के पद पर अपनी पहली तैनाती को लेकर मैं काफी डरा हुआ व शंकित था। परन्तु ग्रुप केन्द्र-पल्लीपुरम में कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् कुछ ही दिनों में मेरी सभी शंकाएं निर्मूल साबित हुई। मेरे ग्रुप केन्द्र-पल्लीपुरम में वर्ष 2003 से 2008 तक तैनाती के दौरान उस कार्यालय को लगातार 05 वर्ष तक दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में राजभाषा हिंदी के सफल कार्यान्वयन हेतु प्रथम स्थान के लिए भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की राजभाषा शील्ड़ प्राप्त हुई। निरीक्षक / हिंदी अनुवादक के पद पर कार्य करते हुए मुझे अनेक प्रकार के अनुभव हुए, कहीं लोगों में हिंदी के प्रति उदासीनता देखने को मिला, तो दूसरी ओर लोगों में हिंदी के प्रति अति समर्पणभाव भी देखने को मिला। इन्हीं का विश्लेषण करते हुए मैं अपने विचार रखने का प्रयास कर रहा हूँ।

> “हमारी नागरी लिपि दुनिया की सबसे वैज्ञानिक लिपि है।”
>
> –प० राहुल सांक्रित्यायन

व्यक्तिगत वार्तालाप के दौरान मैंने बहुत से लोगों को यह कहते हुए पाया कि सरकारी तौर पर हिन्दी को राजभाषा के रूप में स्थापित करने के प्रयास कारगर नहीं हो रहे हैं। कुछ लोगों को तो यहां तक कहते हुए पाया कि सरकारी कार्यालयों में हिन्दी अधिकारियों / अनुवादकों के पदों की जरूरत नहीं है। सरकार व्यर्थ ही राजभाषा विभाग / हिन्दी अधिकारियों / अनुवादकों पर पैसा बर्बाद कर रही है।

ऐसे लोगों से मैं कहना चाहूंगा कि उनका दृष्टिकोण अतिवादी है। हो सकता है कि हिन्दी को राजभाषा के रूप में स्थापित किए जाने के सरकारी प्रयासों के बहुत

अपेक्षित परिणाम न मिले हों, पर उन्हें असफल नहीं कहा जा सकता। इन्हीं प्रयासों का ही नतीजा है कि आज के.रि. पु.बल सहित देश के विभिन्न भागों में स्थित केन्द्र सरकार के कार्यालयों के नाम के बोर्ड द्विभाषी (हिंदी-अंग्रेजी) अथवा त्रिभाषी (हिंदी-अंग्रेजी के अतिरिक्त क्षेत्रीय भाषा में भी) है, जिन्हें गैरभाषी राज्यों के लोगों के साथ-साथ स्थानीय लोग भी पढ़ व समझ सकते है। सरकारी कार्यालयों में अब काफी मात्रा में पत्राचार हिन्दी में किया जाने लगा है, हिन्दी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिन्दी में दिया जा रहा है, प्रत्येक तिमाही में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जहां पर राजभाषा के प्रचार-प्रसार के लिए नए-नए तरीके सुझाए जाते हैं। इसी प्रकार अहिन्दी भाषी कर्मचारियों को हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाकर उन्हें बड़ी संख्या में हिन्दी में प्रशिक्षित किया गया है। इससे उनके मन में हिन्दी में कार्य करने के प्रति झिझक तथा अरूचि दूर हुई है और ग्रुप केन्द्र-पल्लीपुरम में कुछ तो ऐसे उत्साही अहिंदीभाषी मेरे देखने में आए जो हिंदीभाषी कर्मचारियों से कहीं अधिक लगाव हिन्दी से रखते हैं और गर्वपूर्वक अपने काम को हिन्दी में करते हैं। जिसके परिणामस्वरूप ही ग्रुप केन्द्र-पल्लीपुरम को मेरी तैनाती के दौरान लगातार 05 वर्षों तक प्रथम स्थान के लिए गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की राजभाषा शील्ड प्राप्त हुई। जिनके प्रति इस लेख के माध्यम से मैं अपनी कृतज्ञता ज्ञापित कर रहा हूँ।

राजभाषा नियम 1976 के अनुसार राजभाषा संबंधी प्रावधानों के अनुपालन की जिम्मेदारी कार्यालय के प्रशासनिक प्रधान / कार्यालय अध्यक्ष की होती है। प्रत्येक कार्यालय अध्यक्ष के ऊपर कार्यालय के सर्वतोन्मुखी प्रगति का भार होता है, इसलिए स्वाभाविक है कि वह अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन अधीनस्थों के माध्यम से करता है जो उसके हाथ-पैर की भूमिका निभाते हैं। यहीं राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में हिंदी अधिकारियों / अनुवादकों की भूमिका अहम हो जाती है। वे प्रशासनिक प्रधान / कार्यालय अध्यक्ष को राजभाषा संबंधी संवैधानिक व्यवस्था, अनुदेशों-नियमों और उन्हें उनके दायित्वों का बोध कराते हैं और उनके निर्वहन में उनकी सहायता करते हैं। इसलिए प्रत्येक कार्यालय में राजभाषा हिन्दी के सही कार्यान्वयन हेतु उनका पद अति महत्वपूर्ण है।

अब हमारा राष्ट्र स्वतंत्र है इसलिए इस देश में अंग्रेजी पर निर्भरता की स्थिति समाप्त होनी ही चाहिए, अन्यथा हमारा लोकतंत्र - एक कुलीनतंत्र मात्र बनकर रह जाएगा, जिसमें आजादी के बावजूद देश की जमीन से जुड़ी हुई तमाम जनता सरकारी तंत्र के सामने खुद को बेगाना ही अनुभव करती रहेगी। कुछ वर्ष पूर्व अखबार में प्रसिद्ध साहित्यकार डोमिनिक लैपियर का साक्षात्कार छपा था। इसमें उन्होंने कहा था कि भारत में प्रगति हो जरूर रही है पर इस प्रगति का एक पहलू यह भी है कि एक आदमी है जो रिक्शे पर बैठता है, दूसरा आदमी वह है जो उस रिक्शे को खींचता है, इन दोनों आदमियों के बीच का अन्तर और न बढ़ जाए, इसे भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। मेरा मानना है कि हिन्दी इन दोनों आदमियों के बीच की दूरी को कम करने वाली एक कड़ी है जिसे सरकारी कार्यालयों के लिए अपनाना

आवश्यक है।





"हिन्दी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का बहिष्कार नहीं किया।"

–डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

राजभाषा हिन्दी की जीवन यात्रा

निरीक्षक (हिं.अनु.)दीपक सक्सेना
ग्रुप केन्द्र, नीमच

सम्पूर्ण विश्व में भारत गणराज्य की राजभाषा के रूप में पहचान बनाने वाली हिन्दी भाषा का उद्भव विश्व की सबसे प्राचीनतम और महान सभ्यता से हुआ है। अपने इस सर्वाधिक प्रचलित व प्रतिष्ठित रूप में आने तक इस भाषा ने अतीत में कई उतार चढ़ाव देखें हैं और समय के साथ बदलते रहने की अपनी अनूठी प्रवृत्ति के चलते आज यह विश्व की सर्वाधिक समृद्ध भाषाओं में से एक है।


इतिहास के झरोखे से देखें तो हिन्दी की जीवन यात्रा वैदिक संस्कृत के दौर से ही शुरू हो गई थी, जो आर्य भाषाओं का प्राचीनतम रूप थी। वैदिक संस्कृत दरअसल उस समय के साहित्य की जानीमानी भाषा थी। हमारे वेद, संहिता, उपनिषदों और वेदांतों की रचना 6 वीं शताब्दी ईसा पूर्व से पहले इसी वैदिक भाषा में हुई थी। उस समय बोलचाल की भाषा भी संस्कृत ही थी। संस्कृत का विकास उत्तरी भारत में बोली जाने वाली वैदिक कालीन भाषाओं से ही माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि लगभग 6 वीं शताब्दी ईसा पूर्व में इसका प्रयोग साहित्य में होने लगा था। रामायण, महाभारत जैसे महान ग्रंथों की रचना सर्वप्रथम संस्कृत भाषा में ही की गई थी। संस्कृत के प्रयोग को शिखर तक पहुंचाने में महर्षि वाल्मीकि, वेदव्यास, कालीदास, अश्वघोष, भारवी, माघ, भवभूति, विशाख, मम्मट, दंडी और श्रीहर्ष जैसी विभूतियों का महान योगदान रहा। इनका साहित्य विश्व के समृद्ध साहित्यों में से एक था और आज भी सम्पूर्ण विश्व में इस साहित्य का अपनी अलग पहचान व महत्व महत्व है।

संस्कृतकालीन युग में काम आने वाली बोलचाल की भाषा ने 500 ईसा पूर्व के बाद तक एक नया रूप ले लिया था, जिसे “पाली” कहा गया। महात्मा बुद्ध के समय “पाली” ही जन-जन की भाषा हुआ करती थी और उन्होंने अपने उपदेशों का प्रचार-प्रसार इसी भाषा के साथ किया था। पहली ईसवी के आते-आते “पाली” में और बदलाव हुए तथा इसने “प्राकृत” भाषा का रूप ले लिया। “प्राकृत” की उप-भाषाएं पश्चिमी, पूर्वी, पश्चिमोत्तरी तथा मध्य के देशों में साहित्यिक भाषाओं के रूप में समृद्ध होती रहीं, जिन्हें प्रमुख रूप से मगधी, शौरसैनी, महाराष्ट्री, प्राचंड तथा अर्धमगधी के रूप में जाना गया। इसके बाद के समय में प्राकृत भाषाओं के क्षेत्रीय रूपों से “अपभ्रंश” भाषाएं बनी। इनका समय 500 से 1000 ईसवी तक माना जाता है। फिर 1000 ईसवी के आसपास अपभ्रंश के विभिन्न क्षेत्रीय रूपों से आधुनिक आर्य भाषाओं का जन्म हुआ, जिनमें हिन्दी भी है। तदंतर हिन्दी विकसित होती गई और लगभग 1150 ईसवी के बाद इसमें साहित्य की रचना आरंभ हो गई और फिर तत्कालीन विश्व की भाषाओं के शब्दों व रूपों को आत्मसात करते-करते हिन्दी एक समृद्ध भाषा के रूप में उभर कर सामने आई, जिसका अपना अथाह साहित्य और अलग पहचान थी।

विश्व की प्राचीनतम एवं महान भारतीय सभ्यता से उत्पन्न इस समृद्ध एवं लोकप्रिय भाषा को स्वतंत्र भारत की संविधान सभा ने 14 सितम्बर 1949 को भारत संघ की राजभाषा के रूप में अंगीकार कर लिया। पिछली दो शताब्दियों में आजाद भारत के

पुनर्जागरण की प्रक्रिया में अंग्रेजी भाषा के सह-अस्तित्व से बने द्विभाषी माहौल में भी हिन्दी भाषा अपनी अनूठी प्रकृति के साथ अग्रणी बन कर सामने आई है और इसका साहित्य व शब्दकोष नित्य नए प्रयोगों से समृद्ध होते रहे हैं। आज हिंदी भाषा को चीनी भाषा के बाद विश्व भर में दूसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा का सम्मान प्राप्त है। हिन्दी की 100 से भी ज्यादा बोलियां हैं। इसके शब्दकोष को फारसी, तुर्की, अरबी, पुर्तगाली और अंग्रेजी के प्रचलित शब्दों ने समृद्ध बनाया है। हिन्दी के कई शब्दों को अंग्रेजी व अन्य भाषाओं में सम्मानजनक स्थान मिल चुका है जैसे- डांगरी, शरबत, ऐनीकट, बरामदा इत्यादि। इतना ही नहीं भारत के अलावा आज हिन्दी न केवल पाकिस्तान, नेपाल, भूटान जैसे दक्षिण एशियाई देशों में बल्कि, दक्षिण अफ्रिका, मॉरिशियस, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, त्रिनिदाद, फिजी, सुरीनाम, गुयाना, यमन, यूगांड़ा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, मलेशिया और सिंगापुर में बहुलता से इस्तेमाल की जाती है।


> “जिस देश को अपनी भाषा के गौरव का अनुभव नहीं है, वह उन्नत नहीं हो सकता।”
>
> -डॉ० राजेन्द्र प्रसाद



भारतीय सभ्यता की यह अनमोल देन हिन्दी भाषा अन्य सभ्यताओं, भाषाओं और प्रचलनों के शब्दों व लहजे को आत्मसात करते हुए आज विश्व की एक समृद्ध और प्रतिष्ठित भाषा बन चुकी है। परम्परागत साहित्य की अनेकों विधाओं को अपने साथ समेटे हुए हिन्दी अब जन-जन की भाषा हो चली है। आजादी के बाद राजभाषा का दर्जा पाने के बाद से अब तक हिन्दी भाषा ने प्रयोग व प्रचार के नित्य नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं और अब यह राजकाज के अलावा विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, कम्प्यूटर, चिकित्सा, अर्थ-व्यवस्था, प्रकाशन एवं दृश्य-श्रव्य संचार माध्यमों तथा

मनोरंजन और खेल जगत में हर ओर प्रयुक्त हो रही है। हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार और साहित्य का विकास अनवरत रूप से जारी है और अपनी प्रयोगात्मकता के साथ यह जीवन के हर क्षेत्र में अपना मुकाम कायम करती जा रही है। पंडित गोविन्द वल्लभ पंत ने अपनी दूरदर्शिता से बिल्कुल सत्य कहा था कि–

"हिन्दी का विकास और प्रचार कोई रोक नहीं सकता।"




"हिन्दी भारतीय संस्कृति की आत्मा है।"

–कमलापति त्रिपाठी

राजभाषा में माधुर्य

निरी./हिं.अनु. आर.के.एल.कर्ण,
ग्रुप केन्द्र, पिंजौर



ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोय।
औरहुँ को शीतल करे आपहु शीतल होय।

विधाता की ओर से मनुष्य को प्रदत्त सबसे अनमोल उपहार है उसकी वाणी। यदि वाणी नहीं होती तो मनुष्य अपने अंतस्थल के अवरूद्ध स्वरों को कैसे अभिव्यक्ति देता, अपने मन के गुप्त अभिलेखों को व्यक्त करने के लिए वाणी से बेहतर साधन कोई नहीं। इसी परिप्रेक्ष्य में राजभाषा भी हम भारतीयों की मनोदशा को परखने तथा उनकी भावना को शीघ्र समझने की सबसे बड़ी कड़ी है। यदि हम विदेशों में होते हैं और आस-पड़ोस से हिंदी भाषा की ध्वनि ज्योंहि अपने कानों तक पहुँचती है उसी क्षण हम उन्हें झाँकने लगते हैं एवं उनसे पूछने को बेताव हो उठते हैं कि, आप भी भारतीय हैं ? यह उत्सुकता केवल राजभाषा के कारण ही जागृत होती है। भले ही हम भारतीय क्षेत्र के अनुसार अलग-अलग क्षेत्रों (“क”, “ख” एवं “ग”) से ताल्लुक रखते हों परन्तु, हमारी राजभाषा हमें सारे भेदभाव को परे रखते हुए एक सुत्र में पिरोती है। हिंदी भाषा के केवल शब्द मात्र का अर्थ भी स्पष्ट तथा तर्कसंगत होता है जबकि अंग्रेजी भाषा में ऐसा नहीं होता। उदाहरणस्वरूप-प्राउड (Proud) का हिंदी मतलब “घमण्ड” तथा “गर्व” से है वास्तव में इन दोनों अर्थों का भाव पूर्णतः भिन्न है। जबकि गोस्वामी तुलसीदासजी ने कहा है किः

तुलसी मीठे वचन ते, सुख उपजत चहुँओर।
वशीकरण एक मंत्र है, तज दे वचन कठोर।

अर्थात् मीठे वचन से चारों ओर सुख उपजता है उसकी खुशबू चारों ओर फैलती है। यह एक ऐसा वशीकरण मंत्र है जो गैरों को भी मित्र बना लेती है। यह तभी संभव होगा जब हम अपनी राजभाषा को सहर्ष अपनायेंगे, तभी इसे सशक्त बना पायेगें।

हम हिन्दुस्तान के वाशिंदे, हिंदी हमारी भाषा है। जन-जन की मुखारविन्द पर, राजभाषा की अभिलाषा है।

हमारे देश के पुराने सभी लोकप्रिय नेतागण सदैव राजभाषा का ही अपने भाषण में प्रयोग कर समूचे देश वासियों को एकता और अखण्डता का पाठ पढ़ाया करते थे। वर्तमान में भी देखते हैं कि जब कोई हिंदी में किसी संवाद को सुनाता है उसे सभी आसानी से समझ लेते हैं जबकि वहीं यदि अन्य भाषा का प्रयोग होने से समूचे भारतवासी समझ नहीं पाते अर्थात अनुवाद की जरूरतें आ पड़ती हैं। हमारी राजभाषा अपने आप में इतनी समृद्ध है कि उसे किसी वैसाखी की आवश्यकता नहीं होती, उसे केवल अपनी कार्यशैली में अपनाने भर की देर है। अंत में इतना ही कहूँगा कि हम अपनी राजभाषा को जितनी जल्द अपनायेंगे राजभाषा को उतनी ही समृद्ध बनाएंगे।

एक दिन राजभाषा हमें, शिखर पर पहुँचाएगा। भारतवर्ष विकासशील से, आप विकसित हो जाएगा।

> "भारत के लिए हिंदी ही आदमी की भाषा होने के सबसे उपयुक्त है।"
>
> –शारदाचरण मिश्रा

"गोदान" - एक नजर में

नि./हि.अनु.संजय कदम
ग्रुप केन्द्र, गुवाहाटी



आज़ादी के पूर्व काल में ही भारत देश में “हिंदी” भाषा का सुवर्णकाल शुरू हो गया था। उदाहरण के तौर पर हम देख सकते है कि अजादी के पूर्व काल में प्रेमचंद जैसे महान उपन्यासकार ने हिंदी भाषा में सर्वोत्तम उपन्यासों की रचना की है जिसकों पढ़ने की अभिलाषा में देश-विदेश के जाने-माने व्यक्तियों ने हिंदी भाषा का ज्ञान अर्जन किया है। इस प्रकार हम कह सकते है कि अजादी के पूर्व काल में यानी आकाशवाणी एंव दूरदर्शन के पूर्व काल में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए हिंदी साहित्य की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रही है जिसमें हम श्रेष्ठ उपन्यासकार प्रेमचन्द का नाम शीर्ष स्थान पर रख सकते हैं।

प्रेमचंद के उपन्यास राष्ट्रीय आंदोलन, कृषक समस्या, मानवतावाद, भारतीय संस्कृति, शोषण, विधवा विवाह, अनमेल विवाह, दहेज प्रथा आदि विषयों से संबंधित है। अपने महान उपन्यासों के कारण वे वास्तव मे उपन्यास सम्प्रट की पदवी पाने के अधिकारी सिद्ध हुए। प्रेमचंद के द्वारा सन् 1935 ई० में अपना अंतिम उपन्यास “गोदान” प्रकाशित किया जिसका सार निम्नानुसार है:—

गोदान के प्रमुख पात्रों के चरित्र:—

होरी:-गोदान का प्रधान पात्र होरी अवध प्रांत के एक ग्राम वेलारी का पांच बीघो का कृषक है। होरी के चरित्र में दो गुण उपलब्ध है- उसकी शाश्वत गरीबी और परिश्रम करते रहने की दृढ़ इच्छा शक्ति। होरी को अपने जीवन में प्रायः उन्ही समस्याओं से जूझना पड़ा जो एक सामान्य कृषक के जीवन में रहती है। होरी कहता

है कि हमें परमात्मा ने गरीब बनाया है। उसका मत है कि, "जब हमारी गरदन दूसरों के पैरों के नीचे दबी हुई है तब अकड़कर निबाह नहीं हो सकता।"

धनिया:-धनिया उपन्सास की नायिका कही जा सकती है क्योंकि वह कथा के केन्द्र में सदैव रही है एवं नायक होरी की पत्नी है। कृषक स्त्री के रूप में वह उस सम्पूर्ण वेदना को भोगती-झेलती है, जो अभिशप्त समाज में शोषण के कारण किसान और उसके परिवार को अनिवार्यतः सहनी पड़ती है। धनिया का चरित्र भारतीय ग्रामीण नारी का प्रतिनिधित्व करता है। जीवन भर निर्धनता की चक्की में पिसने वाली धनिया की संघर्ष क्षमता निश्चय ही अद्वितीय है। शोषण के अबाध चक्र में पिसता हुआ होरी धनिया के बिना अधूरा ही है। धनिया ग्रामीण समाज की उन तमाम स्त्रियों का प्रतिनिधित्व करती है जो जीवनभर परिश्रम करती है, संघर्ष झेलती हैं, मगर जीवन से हार नहीं मानती।

गोबर:-होरी का पुत्र गोबर नई पीढ़ी का ऐसा किसान है जिसमें प्रगतिशील चेतना है। उसके विचार अपने पिता के विचारों से मेल नहीं खाते। उसे यह अच्छा नहीं लगता कि होरी जमींदार रायसाहब की खुशामद करने बार-बार उनके पास जाता है। गोबर यह जानता है कि जमींदार उसके शोषक है किन्तु होरी अपने जमींदार रायसाहब को औरों की तुलना में अच्छा समझता है। गोबर होरी की भांति सीधा-साधा दब्बू नहीं है अपितु अपने भीतर विद्रोह एवं असंतोष को आग लिए हुए जमींदारों एवं महाजनों जैसी जोंकों को मिटाने की बात सोचता है। पैसा कमाने के लिए गांव को छोड़कर शहर आ जाता है। संक्षेप में गोबर नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करने वाला ऐसा युवक है जो अन्याय एवं अत्याचार का प्रतिरोध करने को तत्पर रहता है।

"हिन्दी के द्वारा ही पूरे भारत का एक राजनीतिक ऐक्य सुदृढ़ हो सकता है।"



रायसाहब अमरपाल सिंहः-वे अवध प्रान्त के एक जमींदार हैं तथा उनमें वे सभी विशेषताएं तथा गुण अवगुण विद्यमान हैं जो तत्कालीन जमींदारों में कमोबेश दिखाई पड़ते थे। रायसाहब सेमरी ग्राम में रहते हैं, कौंसिल के मेंबर है, सभाचतुर व्यक्ति है, अच्छे वक्ता है। वे राष्ट्रवादियों से भी सम्पर्क रखते है और अंग्रेज़ हुक्मरानों एवं अफसरों को भी डालियाँ भिजवाते हैं।

मेहताः-वे दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर है तथा रायसाहब अमरपाल सिंह के मित्रों में से एक हैं। मेहता जी अविवाहित हैं तथा बुद्धिजीवी वर्ग के प्रतिनिधि पात्र है।

गोदान शीर्षक की सार्थकताः- इस उपन्यास का शीर्षक अंतिम घटना से संबंधित है। जब होरी मृत्यु शैय्या पर पड़ा है और धनिया पंडित दातादीन से कहती है, "महाराज घर में न तो गाय है, न बछिया है, न ही पैसा। यही पैसे है यही इनका गोदान है।" जीवन की अंतिम बेला में मृत्यु से पहले यदि मरने वाला व्यक्ति किसी ब्राम्हण को

गोदान कर दे तो उसे स्वर्ग मिलता है या नहीं इसकी तो कोइ परीक्षा नहीं हो सकती पर इस औपचारिकता का पालन अवश्य किया जाता है। गोदान के नायक होरी से भी इसी 'गोदान' की अपेक्षा की गयी है।

गोदान की समस्याएं एवं उद्देश्यः-प्रेमचंद एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहते थे जहां भेदभाव के अभिशाप से मानवता पीड़ित न हो, किसी प्रकार का षोशण न हो और आदमी की पहचान सम्पत्ति और जाति के पैमाने से न हो। गोदान में उनका यही उद्देश्य है कृषक जीवन की समस्याओं का चित्रण करना, उसके शोषण का चित्र प्रस्तुत करना और उसकी दीन-हीन स्थिति से समाज को परिचित कराना। किसान का शोषण कौन करता है तथा उसका शोषण कितने मुहानों पर होता हैं और उस शोषण के लिए समाज के कौन-कौन लोग उत्तरदायी है-उसका सजीव चित्रण गोदान में किया गया हैं। उपन्यास मनोरंजन की वस्तु नहीं अपितु वह जीवन की सच्चाइयों को उजागर कर हमें सोचने-विचारने को विवश करता है और संघर्ष की प्रेरणा प्रदान करता है। इस प्रकार गोदान की समस्याओं और उद्देश्य का विवेचन निम्न शीर्षकों में किया जा सकता है:—

1) कृषक जीवन की विसंगतियों का चित्रण
2) शोषण के विविध रूपों का चित्रण
3) पूंजीवादी व्यवस्था को समाप्त करने का संकल्प
4) सेवा का आदर्श
5) सामाजिक क्रांति में नारी का योगदान
6) संगठित समाज की परिकल्पना

> "तुलसी, कबीर और नानक ने जो लिखा है उसे पढ़ता हूँ तो मुझे कोई मुश्किल नहीं आती है।"
>
> –मौलाना मुहम्मद अली

हमारा नजरिया ही हमे सुखी या दुःखी बनाता है।

सिपाही अमित कुमार
46 बटालियन

एक व्यक्ति के पास एक बहुत अच्छा घोडा था । वह अपने घोडे का बड़ा ध्यान रखता था अपने हाथों से उसे हरी घास व बढ़िया खाना खिलाता, साफ पानी पिलाता था । घोडे को भी धीरे-धीरे इन सब चीजों की आदत सी हो गई । यदि घास हरी व

ताजा नहीं होती , तो वह सूंघ कर पीछे हट जाता। ऐसे वैसे चारे को मुँह लगाने की अपेक्षा भूखा रहना पसंद करता । क्योंकि वह अपने मालिक का चहेता घोडा था, इसलिए उसे किसी चीज की कमी नही होने दी जाती थी । उसे हर हाल में ताजा, हरी-भरी और मुलायम घास उपलब्ध कराई जाती थी ।

एक बार उसे पूरे इलाके में भयंकर सूखा पड गया । पेड-पौधे और वनस्पतियाँ सब मुर्झाने लगी । ऐसे में दूर-दूर तक हरी क्या, सूखी घास मिलनी भी मुश्किल हो गई। घोडे ने ऐसी रूखी घास कभी नही खाई थी । उसके लिए उसको खाना मुश्किल हो गया । जीने के लिए जैसे-तैसे सूखे और सख्त चारे के दो -चार तिनके मुँह में डाल लेता । कुछ ही दिनों में घोड़ा सुख कर कांटा हो गया । अब मालिक को उसकी चिंता सताने लगी । वह हमेशा यही सोचता रहता था कि कैसे घोडे. की खुराक बढ़े । एक दिन अचानक उसके मन में एक विचार कौंधा । उसने घोडे की आँखो पर चश्में की तरह हरे रंग की एक पारदर्षक झिल्ली (फिल्म) लगा दी। इसके बाद उसने जैसे ही घोडे के सामने सूखा चारा रखा वह उस पर टूट पड़ा । अब वह रोज ही घोडे को चारा देने से पहले उसकी आँखो पर हरे रंग की पारदर्षक झिल्ली चढ़ा देता और घोडा सूखे चारे को हरी घास समझकर बड़े चाव के साथ चट कर जाता । थोडे ही दिनों में घोडे के मरियल बदन में पुनः जान आ गई । व पूरी तरह से तंदरूस्त होकर फिर से नाचने - कूदने लगा। उसके मालिक की चिंता भी खत्म हुई । हरे रंग की पारदर्शक झिल्ली की तरह हमारा दृष्टिकोण या नजरिया भी हमारे जीवन में बहुत मायने रखता है। कहते है, जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि । हम जिस दृष्टि से वस्तुओं, व्यक्तियों अथवा स्थितियों को देखते हैं, वही हमारे जीवन की वास्तविकता बन जाती है । हमारा प्रभावशाली व्यक्तित्व, हमारे सम्बध तथा हमारी व्यवसायिक सफलता-असफलता हमारे दृष्टिकोण पर ही निर्भर करती है ।

एक विकलांग व्यक्ति अपने साकारात्मक दृष्टिकोण से एवरेस्ट पर विजय–पताका फहराने में सफलता प्राप्त कर लेता है। लेकिन एक स्वस्थ व सुगठित शरीर वाला व्यक्ति दृष्टिकोण में विकार के कारण समतल सडक पर भी कुछ कदम की दूरी तय करने में हांफने लगता है । हमारे सम्बंध हमारे परिवार के सदस्यों, मित्रों अथवा अन्य लोगों से कैसे हैं, यह भी हमारे दृष्टिकोण अथवा नजरिये पर निर्भर करता है हर व्यक्ति मे अच्छाई और बुराई दोनों यथेष्ट मात्रा मौजूद रहते है। एक व्यक्ति किसी के लिए अच्छा होता है तो किसी के लिए बुरा होता है । वास्तव मे जो उसमें अच्छाई देखता है उसके लिए वह अच्छा है और जो केवल बुराई देखता है उसके लिए वह बुरा है ।

आदमी वही है, लेकिन दृष्टिकोण उसे अच्छा या बुरा बना देता है । हमारे संबन्धों के अच्छे या खराब होने का एकमात्र कारण हमारा दृष्टिकोण ही है । कोई किसी से प्यार करता है तो मात्र अपने सकारात्मक रवैये के कारण और नफरत करता है तो वो भी अपने नकारात्मक रवैये के कारण, न कि उसके गुणो या अवगुणो के कारण । इसलिए नज़रिए मे सकारात्मक बदलाव जीवन मे हमारी उन्नति का घोतक है । और

जरूरी है कि हम जीवन में केवल सकारात्मक रवैया ही अपनाये। यह तभी संभव है जब हम वस्तुओं, व्यक्तियों अथवा स्थितियों के केवल उज्ज्वल पक्ष की ओर ध्यान दें।

> "मैं दुनिया की सब भाषाओं की इज्जत करता हूँ पर मेरे देश में हिन्दी की इज्जत न हो ये मैं नहीं सह सकता।"
>
> –आचार्य विनोबा भावे

इंटरव्यू

नि/हि.अनु.नागराज द्विवेदी
ग्रुप केन्द्र, भोपाल

मार्कर में बटालियन हवलदार मेजर हुक्म सुनाता है– 'सभी इंटरव्यू वाले जवान ठीक 08.30 बजे जे.ए. ऑफिस में रिपोर्ट करेंगे। उनका टर्न आउट उंचे दर्जे का होना चाहिए। किसी को कोई शक? तीन जवान आज सुबह ही स्थानांतरण पर हाजिर हुए थे। उनका मूवमेंट आर्डर सीएचएम ने गेट पर ही ले लिया था वे भी सीधे मार्कर में उपस्थित होते हैं।

बटालियन का पूरा लोकेशन तंबू में था, कहीं समतल तो कहीं उबड़-खाबड़ जमीन थी। सभी तंबू पास-पास थे और हल्की हवा में भी फड़फड़ा रहे थे। उन्हीं में से एक तंबू इन तीनों को भी आवंटित किया गया। मार्कर में सीएचएम मुस्कुराता हुआ उनके पास आया। सीएचएम अपनी डयूटी का पहला पाठ 'क्या करें और क्या न करें' के बारे में उन्हें बताता है–

मार्कर से छूटकर हम तीनों चिंतित मुद्रा में अपने तंबू में पहुंचकर लग गए इंटरव्यू की तैयारियों में। बूट को चमकाने और वर्दी सजाने में। मूवमेंट से अभी-अभी आए थे इसलिए सबकी हालत खस्ता थी। बूट और वर्दी तो दोनों दबकर बुढ़ापे के गाल की तरह कुछ पिचके हुए झुर्रीदार हो गए थे। आपस में खुसुर-पुसुर कर हम अपनी-अपनी चिंताएं प्रकट कर रहे थे–

इतने में एक बोलता है– 'यार इतनी दूर से आ रहे हैं। कोई शक भी नहीं पूछा, कैसा बीएचएम है,।"

दूसरा बोला– 'नया–नया मालूम होता है,।'

तीसरा– 'नहीं यारो, वो तो बोल रहा था मगर बीच में 'सुन मेरा' ने उसे बुला लिया।'

नए नाम को सुनकर सभी आश्चर्य से 'सुन मेरा?'

'हाँ,सुन मेरा। उसे नहीं जानते? अरे वही न.जी.ओ. (NGO) का हेड, सूबेदार मेजर, जिसका अपना कोई आदेश / निर्देश किसी को देने के लिए तो होता नहीं। बस कभी सीएचएम, कभी बीएचएम तो कभी जे.ए. को बोलता रहता है- तू पहले सुन मेरा।' सभी के चेहरों पर हल्की सी मुस्कान दौड़ जाती है।

ठीक 07.30 बजे, तीनों तैयार होकर जे.ए. ऑफिस के लिए प्रस्थान करते हैं। मगर उनमें से किसी को यह मालूम नहीं है कि जे.ए. आफिस किधर और किस तंबू में है। किसी से संकोचवश पूछते भी नहीं कि सुनकर वे लोग हंसेंगे कि 'क्या खाक डयूटी करोगे यह भी मालूम नहीं है? सभी एक दिशाहीन पतवार की तरह अपनी मंजिल तलाशने में जुटे हैं। एक तंबू में कुछ ज्यादा चहलकदमी होते देख घुसने का प्रयास करते हैं, लेकिन ये क्या यहां तो एक आदमी अंडा बेच रहा है। नाश्ता नहीं किया था इसलिए खाने को लालायित हो जाते हैं, लेकिन देर हो जाने के डर से वहां से आगे बढ़े।

कुछ तंबू बन्द, कुछ अधखुले, कुछ खुले तो कुछ फटे, तो कुछ अधसिले टेंटों को निहारते हुए इस गली से उस गली होकर आगे बढ़ते रहे। चलते-चलते थकान भर आयी थी, इसलिए एक जगह विश्राम की मुद्रा में खड़े हो गए। तभी अचानक एक साथी जोर-जोर से खिलखिलाया, यह सुनकर सब खुश हो गए कि चलो देर आए मगर दुरूस्त आए। आखिर पहुंच ही गए जे.ए. ऑफिस। तभी वह बोला, 'अरे नहीं। हम सब तो अपने ही टेंट के सामने खड़े हैं।'

देरी होते देख सबने निश्चय किया कि अब मेस में चलते हैं और वहीं किसी लांगरी से पूछते हैं फिर चलते है, वरना शाम हो जाएगी और उन्हें इंटरव्यू से पहले ही भगोड़ा घोषित कर दिया जाएगा। मेस की ओर बढ़े ही थे कि तभी एक जवान ने इशारा किया- 'छिः छिः उधर अभी मत जाओ, सीओ साहब मेस का निरीक्षण कर रहे है।'

इतना सुनते ही सभी एक तंबू के पीछे छुप गए। निरीक्षण खत्म होने का संकेत मिलते ही मेस में पहुचे डरते-डरते। हो रही देरी के कारण उनके चेहरों पर हवाइयाँ साफ दिखाई दे रही थीं। कुछ बोलते उससे पहले ही रसोइया बोला –

> "राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है।"
>
> –महात्मा गांधी

'जाओ मेस कमांडर के पास पहले नाम लिखाओ फिर नाश्ता मिलेगा, अभी वैसे भी नाश्ते का समय खत्म हो चुका है।'

यह सुनकर तीनों ने एक साथ बोला– 'नहीं भाई साहब हमें नाश्ता नहीं चाहिए।'

यह सुनते ही वह एक कुक की अकड़ दिखाते हुए बोला– 'भाई साहब किसको बोला, ओय। उस्ताद या मेजर बोलो।'

मौके की नजाकत के अनुरूप आगे बढ़कर एक ने बोला– 'मेजर साहब एक बात है पूछनी, पुँछू कि नहीं।'

'हां–हां पूछो।'

'जे.ए. आफिस किधर है?'

पहले तो वह हंसा फिर बोला– 'अभी तो बहुत कुछ देखना है। नए आए हो सावधान होकर सीनियर से बात करो।'

हम 'जी सर जी 'कहकर चुप हो गए।' फिर वह एक मझे हुए वरिष्ठ की तरह समझाते हुए बोला–

"सीधे चले जाना आखिरी में एक पीपल का पेड़ होगा फिर बांए मुड़ना, दस कदम पर एक कटहल का पेड़ आएगा, फिर आगे दाहिनी तरफ की गली में सीधे जाना वहा फिर आम आएगा और उसके ठीक सामने स्टोर और उसके पीछे नया तंबू जे.ए. ऑफिस नहीं है, इसके बगल वाला है।'

इतना बताकर वह बुदबुदाता हुआ कि.... "पता नहीं कहो-कहाँ के जंगलों से चले आते है", मेस के भीतर चला गया।

यह पता सुनकर हमने लंबी सांस ली, 'अरे बाप रे इतना मुश्किल है जय आफिस का ठिकाना। यहां से तो कोई ऑटो भी नहीं चलता, अब क्या करें और क्या न करें।' इसी उधेड़बुन में खड़े ही थे कि इतने में मेस सिपाही जो अंदर था, व्यथा सुनकर बाहर आया। हमारी लाचारी पर पहले थोड़ा हंसा फिर बोला–

अब तक सुबह के नौ बज चुके थे और सभी इस तलाश से बुरी तरह थक चुके थे। मेस सिपाही ने दूर से ही उस तंबू की ओर इशारा किया और वापिस मेस में लौट गया। तीनों उस तंबू के पास जाकर खड़े हो गए। मगर बड़ी देर तक तंबू का पर्दा न हटने से उनकी बेचैनी बढ़ गई क्योंकि सभी पहले ही लेट थे। उसके अंदर ताक-झांक की तो पता चला कि वे तंबू के पीछे खड़े थे। टेंट में उठने-बैठने का प्रबंध सुरक्षा कारणों से जमीन से काफी नीचे था। जे.ए. ऑफिस पहुंचने का प्रयास किसी अभियान से कम नहीं था। सभी डरे हुए थे क्योंकि पहले से ही दिए गए टाइम से लेट थे। फोर्स में लेट होने का परिणाम एक जघन्य अपराध के समान भयावह होता है। बीएचएम देखते ही गुर्राया –

'आओ मेहमानों' बड़ी जल्दी आ गए, चाय-पानी पिलाऊँ।

तीनों जैसे तैसे आगे बढ़े और अपराध बोध के साथ उसके सामने खड़े हो गए। पीछे खड़े जे.ए. साहब को उनके डरे हुए चेहरों पर थोडा रहम आया और बोले- जाओ बाबू के पास अपना नाम, नंबर और डिटेल लिखा दो।

इसके बाद, सभी तंबू के बाहर किसी चमत्कार की उम्मीद लिए इंतजार की मुद्रा में खड़े हो गए। सुबह से बिना कुछ खाए-पिए थे लेकिन लक्ष्य इंटरव्यू होने के कारण अर्जुन की तरह केवल अपने लक्ष्य पर अडिग थे। ठीक 1030 बजे इंतजार खत्म हुआ और वहाँ से चलने का आदेश हुआ अब एक और नए टेंट के सामने। फिर उसी

इंतजार की मुद्रा में लेकिन अब 'सुन मेरा' अर्थात एस.एम. ऑफिस के समक्ष।

ठीक 11 बजे बीएचएम, जे.ए. प्रकट हुए और औपचारिक पूछताछ के बाद एक बड़े टेंट के सामने ले गए जो बाहर से ही किसी अधिकारी का होना बयां कर रहा था। यह जानकर सब खुश हुए कि यह एडज्यूटेंट का तंबू है। यहां पर अपना-अपना मोबाइल अगले हुक्म तक बन्द करने के लिए आदेश मिला। रजिस्टर के साथ सबको चेक कर शोरगुल न करने की हिदायत के साथ बीएचएम, जे.ए. एक बार फिर चले गए और सभी इंटरव्यू वाले जवानों को छोड़ गए धूप और टेंटों के सहारे। धूप में इधर से उधर, कभी नजदीकी टेंट के किनारे तो कभी उनकी रस्सियों के सहारे धूप में कभी एक पॉव पर तो कभी आधे पॉव पर खड़े होते रहे। बीच-बीच में सीएचएम, बीएचएम, जे.ए. बारी-बारी से आते और चेक करके चले जाते। लगभग दो घंटे बाद साहब का रनर इनके पास आया और पूछा–

> "हिंदी के माध्यम से सारे भारत को एकता के धागे में पिरोया जा सकता है।"
>
> –दयानन्द सरस्वती

'कहां हैं जे.ए. साहब, एडज्यूटेंट साहब इंटरव्यू के लिए बुला रहे हैं।' रनर ने रनर की अकड़ दिखाई, मगर हम लोग टस से मस नहीं हुए क्योंकि सुबह बहुत भटक चुके थे और कहीं फिर भटक कर लेट हो गए तो बस नौकरी गई।

ठीक 1 बजे जे.ए. साहब और बीएचम ने अपनी जगह पकड़ी और तीनों को एक साथ प्रवेश करने का हुक्म दिया। अब अंदर की बातें हम तीनों की जुबानी- अंदर पहुंचते ही ठंडी हवा के स्पर्श ने मानो जन्नत का सुख दिया हो। कुछ लोग ठीक ही कहते हैं कि स्वर्ग यहीं नरक यहीं अर्थात पहले नरक अब स्वर्ग। हमारा आज दोनों से साक्षात्कार हो चुका था। मन में यह ख्याल आने लगा कि काश यह इंटरव्यू एक घंटे का हो जाए। इतने में एडज्यूटेंट महोदय ने अपना सिर उपर उठाया और एक नजर हमें देखा फिर बोले–

'हाँ नंबर बोलो।'

मैं यह सुनते ही जुबान पर रटा हुआ नं. 8989862920 धड़ाधड़ बोल दिया। एडज्यूटेंट साहब यह सुनकर बोले– 'हॉ काफी पुराने हो, 89 के भर्ती हो'

मैंने कहा' 'नहीं सर .....'

इसके आगे नहीं बोलना ही उचित समझा। अब तक मुझे अपनी गलती का अहसास हो चुका था कि 'मैंने फोर्स नं. की जगह अपना मोबाइल नंबर बोला था।' ठंडी हवा के बावजूद मैं पसीने-पसीने हो गया। यह देखकर एडज्यूटेंट साहब ने जे.ए. को इशारा किया देखो–

'इस जवान को लगता है बी.पी. की शिकायत है।'

मैं यह सुनते ही धीरे से बोला–

'नहीं सर.... मैं 2004 का भर्ती हूं।'

एडज्यूटेंट साहब ने शायद ठीक से सुना नहीं। रजिस्टर में कुछ लिखा फिर बोले– 'नेक्स्ट।'

मैंने मन ही मन में ईश्वर को धन्यवाद दिया। अंत में सभी से पूछा किसी की कोई समस्या तो नहीं है। हमने एक सुर में कहा–

'नहीं सर,।'

'तो ठीक है अपनी ड्यूटी ठीक से करो और आराम से रहो, कोई शक?' 'नहीं सर।' हम सब एक सुर में बोले।

एडज्यूटेंट साहब ने निर्देश दिया कि इन्हें सीओ साहब के यहां ले चलो। सीओ साहब के टेंट के सामने कुछ दूरी हम सब सावधान मुद्रा में खड़े थे, तभी रनर आया हमारे पास और बोला कि–

'साहब बोल रहे हैं कि विश्राम, आराम से खड़े हो जाओ नहीं तो धूप में गिर जाओगे।

यह सुनकर हम और चौकन्ने हो गए कि हमें सी. ओ साहब सीधा देख रहे हैं। अब मध्याह्न का समय था इसलिए गर्मी बहुत बढ़ गई थी। पसीना चेहरे से सरपट नीचे की ओर दौड़ रहा था। बीच-बीच में पीठ व कंधा को टेढ़ा-मेढ़ा कर उसका रास्ता रोकने का प्रयास कर रहे थे लेकिन वह किसी नदी की धार के वेग से बीचों-बीच बह रहा था। इससे पूरे बदन में एक अजीब सी सरसराहट हो रही थी। हम अपने कंधे और बदन को ब्रेक डांस की मुद्रा में हिला-हिलाकर उसे नियंत्रित करने में व्यस्त थे और कैसे दो बज गए पता ही नहीं चला,। ठीक दो बजे बीएचएम. जे.ए. और एडज्यूटेंट का आगमन हुआ। सभी आपस में थोड़ा खुसुर-पुसूर करने के पश्चात् एडज्यूटेंट महोदय अंदर प्रवेश करते हैं और बीएचएम हमें सावधान मुद्रा में कर निर्धारित स्थान पर ले गया। कितनी भी गर्मी थी लेकिन हमें अंदर से बहुत खुशी मिल रही थी क्योंकि इंटरव्यू का चरम आ चुका था। हम अंदर पहुंचे तो वही अवर्णनीय शीतल वातावरण, पसीने से तर-बतर बदन को आनंद की अनुभूति देने लगा और ज्यादा समय तक इंटरव्यू होने की लालसा मन में जाग उठी। सीओ साहब ने भी कोई जल्दी नहीं दिखाई। शायद उन्हें हमारे पसीने का आभास था। इस बीच टन-टन-टन टेलीफोन की घंटी ने भी हमारी मदद की। अब सिर्फ बीएचएम धूप में खड़ा पसीने का आनन्द ले रहा था। हमें लगभग 10 मिनट हो गए थे अंदर खड़े। इंटरव्यू खत्म हुआ तो पसीने भी खतम हो चुके थे।


"सरलता से सीखी जाने योग्य भाषाओं में हिंदी सर्वोपरि है।"

-लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक

हम जैसे ही बाहर निकले एक दूसरे से गले मिलने लगे और इस सफल इंटरव्यू के लिए एक दूसरे को बधाइयाँ देने लगे। अब दिन के ढाई बजे चुके थे, बीएचएम ने फरमाया—

'यदि मेस में खाना कुछ बचा हो तो जाकर खा लो।'

अब हम सबको खाने की कोई चिंता न थी, हम एक जंग जीत चुके थे और बटालियन से नाता जोड़ चुके थे। अब तो ईश्वर से यही प्रार्थना थी कि यहां से स्थानांतरण न हो ताकि नई जगह में फिर एक नया इंटरव्यू न हो। अब सब टेंट अपने जाने पहचाने से लगने लगे थे, कब अपने टेंट में पहुंचे अहसास ही नहीं हुआ और थकान ऐसी कि कब आँख लग गई बतियाते-बतियाते। आँख खुली तो सीटी की आवाज से। पड़ोस से आवाज आई– 'चलो रोल काल'.....।



"हिंदी के माध्यम से सारे भारत को एकता के धागे में पिरोया जा

सकता है”

–दयानन्द सरस्वती

बल में राजभाषा का स्वरूप और उसका कार्यान्वयन

नि./मं. मुकेश कुमार गहलोत
रेन्ज कार्यालय, नीमच (म.प्र.)



ब्रिटिश साम्राज्य द्वारा कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के लिए वर्ष 1939 में क्राऊन रिप्रजेन्टेटिव पुलिस की स्थापना की गई थी। ब्रितानिया साम्राज्य द्वारा गठित संगठन में शुरूआती दौर के अधिकांश ब्रितानिया साम्राज्य के प्रतिनिधि थे और अंग्रेजी उनकी अपनी मातृभाषा थी अतः हर स्तर पर स्वाभाविक रूप से अंग्रेजी का ही बोल बाला था। वर्ष 1947 में देश स्वतन्त्र हुआ और क्राऊन रिप्रजेन्टेटिव पुलिस को

स्वतंत्र भारत की केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के रूप में अंगीकार कर लिया गया। अंग्रेजों की व्यवस्थाओं में गठित बल में अंग्रेजी भाषा ही कार्यालयीन कार्यों की प्रमुख भाषा थी, अतः उसका वर्चस्व स्वतन्त्रता के बाद भी बना रहा। भारत की आजादी के बाद जब लोकतान्त्रिक संघ का संविधान बनाया गया तो संविधान के अनुच्छेद 343 के अन्तर्गत संघ की राजभाषा 'हिन्दी' तथा लिपि देवनागरी घोषित की गई। हिन्दी संघ की राजभाषा घोषित किये जाने तथा 26 जनवरी 1965 से हिन्दी को पूर्णतः भारत संघ की राजभाषा बनाये जाने के उपरान्त बल में भी इसके विकास एवं नीतियों के कार्यान्वयन पर विशेष ध्यान दिया गया। वैसे तो बल के कार्यालयों में हिन्दी में कार्य प्रारम्भ होने लगा था लेकिन उसकी स्थिति नगण्य थी। शनैः शनैः राजभाषा का कार्यान्वयन के आदेश निर्देश संघ शासन द्वारा जारी किये जाने लगे और बल ने पूरी तन्मयता से उसका पालन किया। 28 जून 1976 को राजभाषा नियम बने ओर हिन्दी ने उत्तरोत्तर विकास करते हुए देश की कार्यप्रणाली में अपना स्थान बना लिया।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एक इकाई के रूप में गठित हुई थी ओर आज अपने विशालतम स्वरूप में कार्य कर रही है। इस विशाल संगठन में भी राजभाषा हिन्दी ने अपना विशिष्ट स्थान बना लिया है, इस बल में काफी समय तक अंग्रजी का वर्चस्व बना रहा, जब राजभाषा अधिनियम / नियम बने और हिन्दी में कार्य करने के लिए दिशा निर्देश प्राप्त हुए तो शुरू में कार्मिकों / अधिकारियों को यह नियम बोझ लगते थे, हिन्दी में कार्य करने में हिचक महसूस करते थे लेकिन दिन प्रतिदिन राजभाषा में कार्य के लिए प्राप्त दिशा निर्देशों की अनुपालना व प्रोत्साहन ने इस बल के कार्मिकों अधिकारियों को इस ओर आकर्षित किया तथा इन्होने अपना भरपूर सहयोग दिया।

> "सरलता से सीखी जाने योग्य भाषाओं में हिंदी सर्वोपरि है"
>
> –लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक

राजभाषा विभाग, गृह मन्त्रालय के दिनांक 21 सितम्बर, 1981 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 14012 / 11 / 87-रा०भा० (ग) के द्वारा सभी सेवाकालीन विभागीय / पदोन्नति परीक्षाओं जिनमें अखिल भारतीय स्तर पर ली जाने वाली परीक्षायें भी शामिल हैं, अभ्यार्थियों को इस बात की छूट दी गई कि वे प्रश्नपत्रों के उत्तर हिन्दी या अंग्रेजी में दे सकते हैं, और जहाँ साक्षात्कार लिया जाना अपेक्षित हो वहाँ अभ्यार्थियों को हिन्दी में प्रत्युत्तर देने की छूट की गई। राजभाषा विभाग, गृह मन्त्रालय ने दिनांक 30 मई, 1985 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 12015 / 12 / 84-रा०भा० (ख-1) के द्वारा केन्द्र सरकार के कार्यालयों में प्रयोग में लाये जाने वाले कम्प्यूटर प्रणालियाँ (कम्प्यूटर, वर्ड प्रोसेसर, डाटा एण्ट्री उपकरण आदि) एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण केवल द्विभाषी खरीदे जाने की अनिवार्यता के उपरान्त कार्यालर्यीन कार्य में काफी बदलाव आया और इलेक्ट्रॉनिक्स द्विभाषी टाईपराइटर का जाने से हिन्दी में काम और आसान हो गया। अब 'सेलो' के प्रचलन के बाद सिगनल बनाने में अंग्रेजी की मजबूरी ही समाप्त हो

गई। भारत सरकार के इन निणेयों से राजभाषा के विकास को बहुत बल मिला।

राजभाषा विभाग, गृह मन्त्रालय ने दिनांक 25 मई, 1984 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 11 / 12013 / 1 / 84-रा०भा० (क-2) के द्वारा वर्ष 1984 में हिन्दी टिप्पण आलेखन के लिए प्रोत्साहन योजना शुरू की गई जिसका व्यापक प्रचार बल में किया गया।

इस योजना की सफलता को देखते हुए वर्ष 1988 में महानिदेशालय के दिनांक 24 मार्च, 1988 के पत्र संख्या' एच.आर.-15 / 87-हिन्दी' के द्वारा प्रत्येक सेक्टर के लिए मूल रूप से हिन्दी में कार्य करने के लिए सेक्टर स्तर पर 10 पुरस्कारों के स्थान पर 60 पुरस्कारों का प्रावधान कर दिया गया ओर आज विभिन्न प्रोत्साहिन योजनाएँ विस्तृत रूप में यूनिट स्तर तक लागू है।

बल ने राजभाषा कार्यान्वयन के लिए अथक प्रयास करते हुए कार्मिकों को प्रबोध, प्रवीण व प्राज्ञ की परीक्षाएं अनिवार्य कर दी तथा अंग्रेजी टंककों / आशुलिपिकों के लिए हिन्दी टंकण एवं आशुलिपि के हिन्दी प्रशिक्षण की व्यवस्थाऐं करवाई। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए महानिदेशालय ने दिनांक 01 / 07 / 1986 व 27 / 08 / 1987 को पत्र संख्या-एच.आर.-10 / 85-हिन्दी जारी करते हुए प्रत्येक बटालियन का साप्ताहिक बल आदेश हिन्दी में जारी करने का सुझाव दिया गया और आज सभी बल आदेश अनिवार्य रूप से केवल हिन्दी में जारी किये जा रहे हैं। राजभाषा नियम 1976 के उपनियम – 10 (4) के अन्तर्गत बल के अधिकांश कार्यालयों को हिन्दी में कार्य करने के लिए अधिसूचित किया जा चुका है जो कि इस बात का द्योतक है कि बल में राजभाषा का व्यापक प्रचार प्रसार हुआ है।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में राजभाषा के विकास में उच्चस्थ कार्यालयों जैसे महानिदेशालय, सेक्टर आदि ने महत्वूपर्ण योगदान दिया है, इनके द्वारा राजभाषा से सम्बन्धित विभिन्न दिशा निर्देशों के कार्यान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जिससे प्रोत्साहित होकर अधिकांश कार्मिक / अधिकारी बिना किसी हिचकिचाहट के हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग कर रहे हैं। समय समय पर संसदीय समितियों, विभागीय निरीक्षणों के दौरान राजभाषा के कार्यान्वयन की जाँच के अतिरिक्त मासिक, त्रैमासिक प्रगति रिर्टनों के माध्यम से अनुदेशों के पालन व सख्ती से जाँच का परिणाम यह है कि बल में हिन्दी का अपना एक स्थान बन गया है। बल में राजभाषा के प्रयोग में निरन्तर वृद्धि हुई है और अब अधिकारी / कर्मचारी स्वेच्छा से हर्षपूर्वक अपना कार्य राजभाषा में करके गौरवान्वित महसूस कर रहे है।

"जब तक इस देश का राजकाज अपनी भाषा में नहीं चलेगा तब तक यह नहीं कह सकते कि देश में स्वराज्य है।"

–मोरारजी भाई देसाई

सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग में आने वाली मूलभूत कठिनाइयां और उनका निदान

नि/हि.अनु. विनोद कुमार राणा,
सेक्टर मुख्यालय, जम्मू

सरकारी कामकाज में अंग्रेजी में टिप्पण और प्रारूपण करने की तरह हिन्दी में टिप्पण और प्रारूपण करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना मनुष्य के शरीर में रीढ़ की हड्डी। देखा गया है कि सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को हिन्दी तो आती है परन्तु हिन्दी में कार्य करने का अभ्यास नहीं होने के कारण वे सरकारी कार्य में कठिनाई महसूस करते हैं और अपना अधिकांश कार्य अंग्रेजी में ही कर रहे हैं, जिसके फलस्वरूप सरकारी कार्यालयों में अभी हिन्दी पूरी तरह नहीं आ पाई है।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 में हिन्दी को संघ की राजभाषा घोषित किया है। हालांकि केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों में हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं का प्रयोग करने की पूरी छूट है फिर भी यह हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम संविधान के प्रति पूर्ण निष्ठा रखते हुए अपने काम में अधिकाधिक हिन्दी का प्रयोग करें।

हिन्दी के प्रयोग में मूलभूत कठिनाइयां

अब प्रश्न यह उठता है कि वे कौन से कारण है कि आजादी के 65 वर्षों के बाद भी हम अपना सरकारी कामकाज हिन्दी में करने से कतराते हैं और जिसके कारण सरकारी कार्य में अभी तक पूरी तरह हिन्दी नहीं आ पाई है। हर मुल्क की अपनी-अपनी राज / राष्ट्र भाषाएं हैं । चीन की चीनी है, जापान की जापानी हैं, रूस की रूसी और वहां पर अपनी-अपनी भाषा में राजकाज हो रहा है। परन्तु हिन्दुस्तान की भाषा हिन्दुस्तानी (हिन्दी) होते हुए भी हिन्दी में काम नहीं हो पा रहा है इसके निम्नलिखित प्रमुख कारण है :—

1. राजभाषा अधिनियम, 1963 का लागू होना :- 1950 में संविधान लागू करते समय संविधान में की गई व्यवस्था के अनुसार 26 जनवरी,1965 के बाद संघ सरकार के कामकाज की भाषा हिन्दी होनी थी परन्तु 1965 से पहले राजभाषा अधिनियम 1963 को पारित कर यह व्यवस्था की गई कि 1965 के बाद भी हिन्दी के अलावा अंग्रेजी का प्रयोग अनिश्चित काल तक जारी रहेगा। हालांकि हिन्दी को राजभाषा के पद पर ही बने रहने दिया गया और राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अधीन आने वाले दस्तावेजों के लिए हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं का प्रयोग करना अनिवार्य कर दिया गया। परन्तु अधिकारियों / कर्मचारियों को यह छूट दी गई कि वे सरकारी कामकाज को अपनी इच्छानुसार हिन्दी या अंग्रेजी में से किसी भी भाषा में

कर सकते हैं। इससे हिन्दी के मार्ग में रूकावट आ गई है, क्योंकि अंग्रेजी में कार्य करने के इच्छुक अधिकारियों / कर्मचारियों को अंग्रेजी में कार्य करने छूट मिल गई जिससे 1965 से जो संघ का सारा कार्य हिन्दी में होना था वह नहीं हो पाया।

2. नीतिगत ज्ञान का अभाव : (राजभाषा अधिनियम, नियमों का ज्ञान न होना)- प्रायः सभी अधिकारियों / कर्मचारियों को राजभाषा अधिनियम, नियम तथा इसके अनुपालन संबंधी निर्देशों की जानकारी नहीं है और जो थोड़ी बहुत है भी तो उनके दिमाग में इस बात की संकल्पना स्पष्ट नहीं है कि उन्हें कौन-कौन से सरकारी कामकाज हिन्दी में करना अनिवार्य है। जैसे राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अधीन जारी किए जाने वाले कागजात द्विभाषी होने चाहिए। राजभाषा नियम 5 के अनुसार हिन्दी में प्राप्त पत्र या हस्ताक्षरित पत्र का उत्तर केवल हिन्दी में ही दिया जाना है। अतः सभी अधिकारियों / कर्मचारियों को हिन्दी कार्यशालाओं के अध्ययन से राजभाषा नीति का समुचित ज्ञान दिया जाना चाहिए। हिन्दी में कार्य करने के लिए साधन उपलब्ध हैं, आवश्यकता है केवल मानसिकता बदलने की।

> "सरलता से सीखी जाने योग्य भाषाओं में हिंदी सर्वोपरि है"
>
> –लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक

3. अभ्यास का अभाव :- नितिगत ज्ञान के अलावा व्यावहारिक ज्ञान का अभाव भी राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन में आने वाली प्रमुख अड़चन है। जब तक अधिकारी / कर्मचारी को अपने रोजमर्रा का कार्य हिन्दी में करने का अभ्यास नहीं होगा उन्हें कार्य करने के व्यावहारिक कठिनाई महसूस होगी। अतः व्यावहारिक अभ्यास का होना जरूरी है। यह अभ्यास कार्यशालाओं के माध्यम से कराया जाना चाहिए।

4. अनुकूल वातावरण का अभाव :- कार्यालय का कार्य हिन्दी में करने के लिए अनुकूल वातावरण होना चाहिए, ताकि लोग एक दूसरे को देखकर, प्रेरणा लेकर कार्य कर सकें। जिस कार्यालय में उपर से लेकर नीचे तक के अधिकारी / कर्मचारी हिन्दी में कार्य करते हैं और उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार भी मिलता है वहां पर अनुकूल वातावरण होने से कार्य हिन्दी में किया जाता है।

5. मनोवैज्ञानिक कारण :- हम अंग्रेजी ढर्रे पर टिकी कार्य प्रणाली के आदी हो चुके हैं। लम्बे समय से अंग्रेज़ी सरकारी भाषा रह चुकी है और हमारी सोच तथा धारणा इस प्रकार बन गई है कि अंग्रेजी में काम करना बेहतर है क्योंकि इससे वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (अब वार्षिक कार्य निष्पादन एवं मूल्यांकन रिपोर्ट) भी अच्छी मिलती है और इससे जल्दी तरक्की मिलती है, जबकि वास्तव में ऐसा नहीं होता है।

आम मानसिकता अंग्रेजी परस्त होने से हिन्दी में काम करने पर अधिकारियों / कर्मचारियों के दिमाग से यह झिझक / डर रहता है कि दूसरे साथी कहीं यह न समझ लें कि इसे अंग्रेजी नहीं आती है इसलिए यह हिन्दी में काम कर रहा है। उसके दिमाग

में भी यह झिझक रहती है कि अगर हिन्दी लिखने में उससे कोइ गलती हो गइ हो तो कोई उसका मजाक न उड़ा ले, क्योंकि अधिकांश अधिकारी / कर्मचारी अंग्रेजी में पुरानी फाइलें देखकर, नकल करके उसे आगे बढ़ाते हैं परन्तु हिन्दी में और उनका मार्गदर्शन करने वाला कोई भी नहीं होता, जिससे वे हिन्दी में लिखने का प्रयास प्रारम्भ नहीं करते या हतोत्साहित हो जाते हैं। हिन्दी का प्रयोग करने में सबसे बड़ी रूकावट भाषा के ज्ञान की नहीं बल्कि बनावटी डर एवं संकोच की है।

कुछ लोग सोचते हैं कि आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति हासिल करने के लिए अंग्रेजी अनिवार्य है। लेकिन चीन, जापान, रूस आदि देशों ने अंग्रेजी के प्रयोग के बिना हर क्षेत्र में प्रगति की है और हमारे देश में भी हम अपनी भाषा का प्रयोग करते हुए प्रगति हासिल कर सकते हैं। आवश्यकता केवल मानसिकता बदलने की है।

6. बड़े अधिकारियों की उदासीनता :- प्रायः यह देखा गया है कि बड़े अधिकारियों को हिन्दी में कार्य करने का अभ्यास नहीं होने के कारण उन्हें हिन्दी में काम करने में कठिनाई महसूस होती है इसलिए वे हिन्दी में काम करने पर उसका अंग्रेजी अनुवाद मांगते हैं। इससे अधिकारी / कर्मचारी को दो बार काम करने की मेहनत से बचने के लिए अंग्रेजी में काम करना अधिक आसान लगता है। अतः पहले हिन्दी में काम करना बड़े अधिकारियों के स्तर पर शुरू होना चाहिए और जो हिन्दी में काम नहीं कर पाते हैं उन्हें कार्यशालाओं में भेजकर हिन्दी में काम करने का अभ्यास कराना चाहिए।

7. हिन्दी जानने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों और हिन्दी पदों पर कार्यरत अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा कठिन हिन्दी का प्रयोग :- सरकार की राजभाषा नीति सरल तथा आम बोलचाल की भाषा का इस्तेमाल करना है। प्रायः यह देखा गया है कि कि हिन्दी पदों पर कार्यरत अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा अनुवाद या टिप्पण / प्रारूपण में संस्कृतनिष्ठ शब्दों का प्रयोग कर उसे दुरूह बना दिया जाता है जिसे गैर हिन्दी पदों पर कार्यरत अधिकारी / कर्मचारी आसानी से समझ नहीं पाते हैं और उनके दिमाग में डर बैठ जाता है कि हिन्दी बड़ी कठिन होती है। वे हिन्दी में काम नहीं कर पाएंगे। परन्तु यह जरूरी नहीं है कि अन्य अधिकारी / कर्मचारी भी हिन्दी पदों पर कार्यरत व्यक्तियों की तरह हिन्दी लिखें। वे अपने ज्ञान के अनुसार हिन्दी लिख सकते हैं।

> 'हिंदी सीखे बिना भारतीयों के दिल तक नहीं पहुंचा जा सकता।'
>
> –डॉ. लूथर जर्मन विद्वान

8. सरकारी कामकाज में सरल एवं आम बोलचाल की भाषा का प्रयोग करें —

हिन्दी लिखने में यदि आपको अंग्रेजी के किसी शब्द की हिन्दी नहीं आ रही है तो

उसे वैसे ही लिख देना चाहिए जैसे अंग्रेजी में Draft के लिए प्रारूप तथा मसौदा दो हिन्दी पर्याय हैं। आपको यदि इनकी हिन्दी नहीं आ रही हो तो रूकिए नहीं हिन्दी (देवनागरी लिपि) में ड्राफट लिख दें या बीच में अंग्रेजी में ही Draft लिख दें। जैसे ड्राफ्ट अनुमोदन के लिए पेश है (मसौदा अनुमोदनार्थ प्रस्तुत) या Draft Approval के लिए पेश है। हिन्दी में अंग्रेजी के अनेक शब्द ऐसे आ गए हैं जिन्हें अलग करना कठिन है। जैसे दुध में पानी घुल मिल जाता है और उसे अलग नहीं किया जा सकता। इसी प्रकार हिन्दी में इनका प्रयोग हो रहा है। जैसे फाइल, पेन, पेंसिल, रेल, बस, स्टेशन टी.वी., रेडियो, पंच, स्टेपलर, आडिट पार्टी, बजट आदि। आप इनका इस्तेमाल ऐसे ही कीजिए, इनकी हिन्दी बनाने की जरूरत नहीं है।

9. देश की अन्य प्रादेशिक भाषाओं के शब्दों का प्रयोग:- सरकारी कार्य हिन्दी में करने में अंग्रेजी शब्दों के अलावा देश के अन्य प्रादेशिक भाषाओं के प्रचलित शब्दों अर्थात् उर्दू, पंजाबी, मराठी, संस्कृत के आम बोलचाल की भाषा के शब्दों का प्रयोग भी बेझिझक किया जा सकता है। आप हिन्दी में सरल शब्दावली का प्रयोग करते हुए

भूकंप

संता : यार उठ भूकंप आ रहा है, सारा घर हिल रहा है।

बंता : सो जा, सो जा, घर गिरेगा तो मकान मालिक का, हम तो किरायेदार हैं।

इंटरव्यू



एक बार संता रेल विभाग में लाईनमैन के पद के लिए साक्षात्कार देने जाता है तो वहां

बैठा अफसर उससे कुछ सवाल पूछता है।
अफसर- संता मान लो तुम्हें पता चलता है कि तुम्हारे ट्रैक पर दो रेलगाड़ियां विपरीत दिशा से आ रही है और उनमें टक्कर होने वाली है तो तुम क्या करोगें
संता-मैं आटोमेटिक लीवर से किसी एक ट्रेन को दूसरी लाइन पर स्थानांतरित कर दूंगा।
अफसर-अगर लीवर काम नहीं कर रहा हो तो,
संता- तो मैं हाथ से लीवर को खींचने की कोशिश करूंगा।
अफसर-अगर वो भी ना हो सके तो,
संता- मैं दोनों तरफ के स्टेशन मास्टरों को खबर करूंगा।
अफसर-अगर फोन भी काम नहीं कर रहा हो तो,
संता-मैं लाल कपड़ा लेकर ट्रैक पर खड़ा हो जाऊंगा।
अफसर-अगर उस समय कोई लाल कपड़ा भी नहीं मिला तो,
संता-फिर मैं अपनी बीवी प्रीतो को बुलाऊंगा।
अफसर- क्यों क्या वो कोई इंजीनियर है,
संता- नहीं उसने कभी रेलगाड़ियों की टक्कर नहीं देखी ना।

"जब तक इस देश का राजकाज अपनी भाषा में नहीं चलेगा तब तक यह नहीं कह सकते कि देश में स्वराज्य है।"

–मोरारजी भाई देसाई

राजभाषा हिंदी तथा इसका भविष्य

नि./हि.अनु. मोहन चन्द्र पान्डे
ग्रुप केन्द्र, रामपुर



देश के स्वतंत्र होने पर 14 सितम्बर, 1949 को देवनागरी भाषा में लिखी हिंदी को भारत की राजभाषा घोषित किया गया था और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343(1) में इसको स्थान दिया गया। 1963 में राजभाषा अधिनियम तथा 1976 में राजभाषा नियम बनाये गये जिसके अन्तर्गत हिंदी के प्रयोग हेतु दिशा निर्देश जारी किये , किन्तु राजभाषा घोषित किये जाने के इतने वर्षों बाद भी हिंदी पूरी तरह राजभाषा नहीं बन पाई है। अभी भी हिंदी को राजभाषा के सिंहासन पर बैठने के लिए काफी कुछ किया जाना शेष है। किन्तु सन्तोष का विषय यह है कि हिंदी धीरे-धीरे सभी क्षेत्रों में अपनी पैठ बनाती जा रही है और सरकारी कामकाज में अग्रेंजी का क्षेत्र सिमटता जा रहा है। आशा है कि हिंदी आने वाले कुछ वर्षों में अपने मुकाम को प्राप्त कर लेगी और सच्चे अर्थो में भारत की राजभाषा बन जाएगी।

2. -हिंदी देश की सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा है भारत तथा अन्य देशों के लगभग 60 करोड़ से अधिक लोग हिंदी बोलते, पढ़ते तथा लिखते हैं। पाकिस्तान, मारिशस, गुयाना, सुरीनाम, सिंगापुर तथा नेपाल की अधिकतम जनता हिंदी बोलती है। वैज्ञानिकों की भविष्य वाणी हिंदी के लिए बड़ी सन्तोषजनक है कि आने वाले समय में विश्वस्तर पर अर्न्तराष्ट्रीय महत्ता की जो चन्द भाषाऐं होगी उनमें हिंदी भी प्रमुख होगी। चीन की मडारिन भाषा के बाद हिंदी ही सबसे अधिक लोगों

द्वारा बोली जाने वाली भाषा है।

3. हिंदी को देश विदेश में प्रसारित और इसे लोकप्रिय बनाने का एक महत्वपूर्ण कार्य भारतीय सिनेमा ने किया है। भारतीय सिनेमा को देखकर विदेशों में रहकर विदेशियों ने हिंदी को सीखा है और उन्हें यह प्रिय लगी है, जिससे इसका विस्तार हुआ है।

4. वर्तमान युग में हिंदी को लोकप्रिय बनाने के लिए वैश्वीकरण का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। आज विश्व की सीमाएं सिमट गई है। संचार साधनों के विकसित होने पर एक देश में घटी घटनाओं की जानकारी दूसरे देश में तुरन्त हो जाती है। एक देश में बनी किसी वस्तु की जानकारी व मॉग दूसरे देश में हो जाती है। विश्व के अनेक देशों ने दूसरे देशों के साथ व्यापार सम्बन्ध स्थापित कर रखे हैं। भारत एक विशाल देश है। संसार की 15 प्रतिशत आबादी भारत में रहती है। जनसंख्या अधिक होने के कारण भारत व्यापार के लिए एक बड़ा बाजार है। यहाँ पर विशाल मात्रा में वस्तुओं की खपत होती है। अतः विश्व की प्रमुख कम्पनियाँ यहाँ आकर अपना उत्पाद बेच रही हैं। उत्पाद बेचने के लिए सफलता की पहली सीढी स्थानीय भाषा में वस्तुओं का प्रचार करना है जिसके लिए विदेशी लोग लगातार हिंदी सीख रहे हैं और इस तरह देश विदेश में हिंदी का क्षेत्र बढ़ा है और लगातार बढ़ रहा है। भारत के अतिरिक्त आज विश्व के कई विश्व विद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जा रही है।

> ‘हिंदी के माध्यम से सारे भारत को एकता के धागे में पिरोया जा सकता है’
>
> –दयानन्द सरस्वती

5. जिन राज्यों में हिंदी कम बोली जाती है अब वहाँ भी लोग हिंदी समझ रहे हैं और अपनी बात को हिंदी में व्यक्त करने का प्रयास कर रहे हैं। आरम्भ में हिंदी का विरोध करने वाले दक्षिण के राज्यों में भी आज हिंदी अपनी पैठ बना चुकी है। पूर्वोत्तर राज्यों के लोग हिंदी को बखूबी बोलते और समझते हैं।

6. सरकार द्वारा सरकारी स्तर पर किये गये प्रयासों से हिंदी की प्रगति में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। आज केन्द्र सरकार तथा कई राज्य सरकारों का अधिकांश कार्य राजभाषा हिंदी में निपटाया जा रहा है। आज कार्यालय ज्ञापन, कार्यालय आदेश , टिप्पणियाँ , पत्र इत्यादि सब अग्रेंजी के स्थान पर हिंदी में लिखे जा रहे हैं। सरकारी कार्यालयों में हिंदी जानने वालों की संख्या में जबरदस्त बढ़ोत्तरी हुई है तथा इससे स्वाभाविक रूप से कार्यालयों का कार्य हिंदी में बढ़ा है और लगातार बढ़ रहा है। सरकार ने प्रोत्साहन योजनाऐं लागू कर इसे और बढ़ाने का प्रयास किया है जो कि सराहनीय है।

7. भारत सरकार द्वारा हिंदी को संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनाये जाने के लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। वह दिन दूर नहीं है जब संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषाओं में हिंदी

को शामिल कर लिया जाएगा। निश्चित रूप से हिंदी इसकी अधिकारिणी है क्योंकि विश्व की 15 प्रतिशत आबादी यहाँ निवास करती है। भारत का उभरती हुई आर्थिक महाशक्ति बनना इस प्रयास को बल प्रदान करेगा। वैसे भी हिंदी की प्रतिद्वन्द्वी अंग्रेजी भाषा केवल अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड तथा आधे कनाडा में ही बोली जाती है। हाल ही के वर्षों में मातृभाषा के रूप में अंग्रेजी बोलने वालों की संख्या में कमी आने लगी है अन्य भाषायें भी सक्रिय हैं। आज द्विभाषी और बहुभाषी लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। कहने की जरूरत नहीं कि भविष्य में हिंदी अंग्रेजी को पीछे छोड़ देगी, क्योंकि अंग्रेजी स्थानीय भाषा का स्थान कभी नहीं ले सकती।

8. कहा जाता है कि जो पेड़ झुकना जानते हैं वह बड़े- बड़े झंझावातों को आसानी से सहन कर लेते हैं। हिंदी भाषा ने लचीलापन का रूख अपनाया है और अपनी भाषा में अनेकों विदेशी शब्दों को ज्यों का त्यों समाहित कर लिया है। हिंदी भाषा की यह प्रवृत्ति इसे सबके द्वारा स्वीकार्य बनाती है। अतः राजभाषा हिंदी का भविष्य उज्ज्वल है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने देश की राष्ट्रभाषा अपनाने को प्राथमिकता देनी चाहिए क्योंकि अपनी सभ्यता व संस्कृति को समझने , सामाजिक व राजनीतिक जीवन को ठीक प्रकार से चलाने के लिए अपनी भाषा अपरिहार्य है। इसे सशक्त बनाने हेतु सभी को पूरे मन से कार्य करना चाहिए तथा हिंदी भाषा कमजोर होने की भावना का त्याग कर देना चाहिए। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि हिंदी को देश व विदेश में सर्वोच्च स्थान दिलाने हेतु प्रयासरत सभी व्यक्ति, संगठन तथा सरकार अपने मिशन में सफल होगें।



"सरलता से सीखी जाने योग्य भाषाओं में हिंदी सर्वोपरि है"
-लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक

भाषा, समाज और अनुवादक

ाने./हे.अनु.मंगत राम
ग्रुप केन्द्र, खटखटी

किसी भी समाज, देश या राष्ट्र की अपनी भाषा होती है जिससे उसका अटूट संबंध होता है। भाषा उस समाज, देश या राष्ट्र की पहचान होती है। किसी देश या राष्ट्र में अनेकों समाज हो सकते हैं और प्रत्येक समाज की अपनी एक विशिष्ट पहचान होती है। भौगोलिक, आर्थिक, सामाजिक परिस्थितियों के अनुरूप प्रत्येक समाज के अपने रीति-रिवाज, परम्पराएं, उत्सव एवं भाषा होती है, जिन पर वह समाज गर्व करता है और ये चीजें उस समाज को जोड़कर रखती हैं। किसी भी राज्य, देश या राष्ट्र का निर्माण इस प्रकार के समाजों से ही होता है और इसमें भाषा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। किसी समाज की भाषा का सबसे अधिक महत्व इसलिए है क्योंकि भाषा ही किसी समाज को बांध कर रखती है। उस समाज में रहने वाले लोग परस्पर व्यवहार करने, खुशियाँ और दुख बांटने, उत्सव मनाने , व्यापार , अपने मतभेद मिटाने तथा अन्य सभी प्रकार की गतिविधियों में भाषा का प्रयोग करते हैं। सोचिए, यदि भाषा न होती तो क्या होता, समाज की क्या स्थिति होती, लोग परस्पर विचार-विमर्श नहीं कर पाते, अपनी बात दूसरों को नहीं समझा पाते और यदि ऐसा नहीं होता तो उनमें परस्पर शंका और संदेह होता, मनमुटाव होता, लड़ाई-झगड़े होते, वैमनस्य होता, संगीत नहीं होता, उत्सव नहीं होते।

भाषा जैसे किसी एक समाज के लिए महत्वपूर्ण होती है, राष्ट्र के लिए भी वह उतनी ही महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि राष्ट्र का निर्माण भी अनेक समाज करते हैं, और उन समाजों की अपनी -अपनी भाषा होती है। इस प्रकार एक राष्ट्र में अनेक भाषाएं होती हैं। किसी राष्ट्र की एकता और अखण्डता को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए यह आवश्यक है कि उस राष्ट्र की एक भाषा ऐसी हो जो उस राष्ट्र के सभी नागरिक प्रयोग कर सकें। यदि उस राष्ट्र में किसी ऐसी संपर्क भाषा का विकास न हुआ तो उस देश के विभिन्न भाषा–भाषी लोग एक दूसरे से विचार विमर्श नहीं कर पायेंगे, अपनी बात दूसरों तक नहीं पहुँचा पायेंगे, जिस कारण वे एक-दूसरे पर संदेह करेंगे और उनमें पारस्परिक विश्वास जागृत नहीं होगा और यदि किसी देश के नागरिकों में परस्पर विश्वास नहीं होगा तो उस देश की एकता और अखण्डता खतरे में पड़ जाएगी।

अब प्रश्न यह उठता है कि भिन्न-भिन्न भाषा–भाषी लोगों को एक सूत्र में कैसे पिरोया जाए, क्योंकि कोई भी व्यक्ति अपनी मातृ-भाषा छोड़ना नहीं चाहता और दूसरी भाषा उसे आती नहीं। फिर वह दूसरे भाषा–भाषियों से व्यवहार कैसे करे, अपनी बात उन तक कैसे पहुँचाए। ऐसे में अनुवादक या दुभाषिए की आवश्यकता पड़ती है। पुराने जमाने में भी यही रहा होगा और एक कबीले के लोगों को दूसरे कबीले से संपर्क करने में जिस व्यक्ति ने पहली बार अपनी भूमिका निभाई वह अनुवादक ही था, क्योंकि उसे दोनों भाषाओं का ज्ञान रहा होगा। तभी तो वह दोनों कबीलों के लोगो के बीच वार्तालाप की कड़ी रहा होगा और इस प्रकार से एक कबीले

से दूसरे कबीले में सम्पर्क हआ, दूसरे का तीसरे से और तीसरे का चौथे से तथा ऐसा होते होते एक भू-भाग के सभी कबीले एक दसरे के सम्पर्क में आए होगे और उनके बीच व्यापार विकसित हुआ होगा। कालान्तर में इन्हीं कबीलों से किसी देश या राष्ट्र का निर्माण हुआ होगा। इसी प्रकार एक राष्ट्र को दूसरे राष्ट्र से सम्पर्क करने की आवश्यकता महसूस हुई और इसमें भी अनुवादक की भूमिका महत्वपूर्ण रही। प्रारम्भ में अनुवादक या दुभाषिए के माध्यम से ही दो देशों का परस्पर सम्पर्क हुआ होगा, क्योंकि इंसान में दूसरे इलाकों और देशों के बारे में जानने की जिज्ञासा होती है, इसलिए उसने विश्व के दूसरे भागों में भ्रमण किया और अन्य देशों के संपर्क में आया। उसने उन देशों की भाषाएं सीखी और फिर अपने देश में लौटकर उन देशों से सम्पर्क बढ़ाने में दुभाषिए या अनुवादक का कार्य किया।

विभिन्न समाजों, उनकी विभिन्न भाषाओं का सबसे बड़ा उदाहरण भारत है। यदि सभी क्षेत्रीय भाषाओं की गिनती की जाये तो हमें पता चलता है कि हमारे देश में बोली जाने वाली भाषाओं और बोलियों की संख्या हजारों सीख रहे हैं और इस तरह देश विदेश में हिंदी का क्षेत्र बढ़ा है और लगातार बढ़ रहा है। भारत के अतिरिक्त आज विश्व के कई विश्व विद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जा रही है।

> 'हिंदी केवल राजभाषा नहीं है, बल्कि विश्व भाषा बन रही है।'
>
> -राजीव गांधी, पूर्व प्रधान मंत्री

5. जिन राज्यों में हिंदी कम बोली जाती है अब वहाँ भी लोग हिंदी समझ रहे हैं और अपनी बात को हिंदी में व्यक्त करने का प्रयास कर रहे हैं। आरम्भ में हिंदी का विरोध करने वाले दक्षिण के राज्यों में भी आज हिंदी अपनी पैठ बना चुकी है। पूर्वोत्तर राज्यों के लोग हिंदी को बखूबी बोलते और समझते हैं।

6. सरकार द्वारा सरकारी स्तर पर किये गये प्रयासों से हिंदी की प्रगति में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। आज केन्द्र सरकार तथा कई राज्य सरकारों का अधिकांश कार्य राजभाषा हिंदी में निपटाया जा रहा है। आज कार्यालय ज्ञापन, कार्यालय आदेश , टिप्पणियाँ , पत्र इत्यादि सब अग्रेंजी के स्थान पर हिंदी में लिखे जा रहे हैं। सरकारी कार्यालयों में हिंदी जानने वालों की संख्या में जबरदस्त बढ़ोत्तरी हुई है तथा इससे स्वाभाविक रूप से कार्यालयों का कार्य हिंदी में बढ़ा है और लगातार बढ़ रहा है। सरकार ने प्रोत्साहन योजनाऐं लागू कर इसे और बढ़ाने का प्रयास किया है जो कि सराहनीय है।

7. भारत सरकार द्वारा हिंदी को संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनाये जाने के लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। वह दिन दूर नहीं है जब संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषाओं में हिंदी को शामिल कर लिया जाएगा। निश्चित रूप से हिंदी इसकी अधिकारिणी है क्योकि विश्व की 15 प्रतिशत आबादी यहाँ निवास करती है। भारत का उभरती हुई आर्थिक महाशक्ति बनना इस प्रयास को बल प्रदान करेगा। वैसे भी हिंदी की प्रतिद्वन्द्वी अग्रेंजी

भाषा केवल अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड तथा आधे कनाडा में ही बोली जाती है। हाल ही के वर्षों में मातृभाषा के रूप में अंग्रेजी बोलने वालों की संख्या में कमी आने लगी है अन्य भाषायें भी सक्रिय हैं। आज द्विभाषी और बहुभाषी लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। कहने की जरूरत नहीं कि भविष्य में हिंदी अंग्रेजी को पीछे छोड़ देगी, क्योंकि अंग्रेजी स्थानीय भाषा का स्थान कभी नहीं ले सकती।

8. कहा जाता है कि जो पेड़ झुकना जानते हैं वह बड़े- बड़े झंझावातों को आसानी से सहन कर लेते हैं। हिंदी भाषा ने लचीलापन का रूख अपनाया है और अपनी भाषा में अनेकों विदेशी शब्दों को ज्यों का त्यों समाहित कर लिया है। हिंदी भाषा की यह प्रवृत्ति इसे सबके द्वारा स्वीकार्य बनाती है। अतः राजभाषा हिंदी का भविष्य उज्ज्वल है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने देश की राष्ट्रभाषा अपनाने को प्राथमिकता देनी चाहिए क्योंकि अपनी सभ्यता व संस्कृति को समझने , सामाजिक व राजनीतिक जीवन को ठीक प्रकार से चलाने के लिए अपनी भाषा अपरिहार्य है। इसे सशक्त बनाने हेतु सभी को पूरे मन से कार्य करना चाहिए तथा हिंदी भाषा कमजोर होने की भावना का त्याग कर देना चाहिए। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि हिंदी को देश व विदेश में सर्वोच्च स्थान दिलाने हेतु प्रयासरत सभी व्यक्ति, संगठन तथा सरकार अपने मिशन में सफल होगें।



‘सरलता से सीखी जाने योग्य भाषाओं में हिंदी सर्वोपरि है’
–लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक

केरिपु बल में राजभाषा हिंदी का भविष्य

नि./हिं.अनु. रवीन्द्र कुमार खरे
ग्रुप केन्द्र, हैदराबाद



केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल केंद्रिय सरकर का एक मात्र ऐसा विभाग है जिसमें क्षेत्रीय भाषाओं को छोड़कर राष्ट्रीय स्तर पर मौखिक व्यवहार में लाई जाने वाली भाषा केवल राजभाषा हिंदी हैं। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने मौखिक रूप राजभाषा हिंदी के 100 प्रतिशत प्रयोग का लक्ष्य प्राप्त कर लिया हैं। सामान्य रूप से देखा जाए तो किसी भी व्यक्ति को उस भाषा में लिखना सहज महसूस होगा जो उसकी बोल-चाल की भाषा होती है।

किसी भी कर्मचारी से पूछा जाए तो वह यही कहेगा कि हिंदी भाषा सीखना अत्यंत सरल है। कर्मचारी भर्ती के बाद अल्पावधि के बुनीयादी प्रशिक्षण के दौरान हिंदी में बोल-चाल के अभ्यस्त हो जाते हैं और वे अपनी सभी प्रकार की भावनाओं को हिंदी में अभिव्यक्त करने में सक्षम हो जाते हैं, जबकि अपनी मातृभाषा से भिन्न भाषी राज्यों में तीन-तीन वर्ष की सेवा के बाद भी मुश्किल से उस क्षेत्रीय भाषा के भावों का अनुमान भर लगा पाते हैं।

कार्यालयीन काम-काज में अंग्रेजी को प्रमुखता देने के कारण संभवतः निम्नलिखित हैं:—

1. पुराने समय में अंग्रेजी टइपराईटरों की प्रमुखता थी। हिन्दी टंकण सीखने की

सुविधा केवल 'क' क्षेत्र के कर्मचारियों को प्राप्त थी। अतः 'ख' और 'ग' क्षेत्रों में अंग्रेजी भाषा के टइपराईटरों की संख्या हिंदी के टइपराईटरों से अधिक थी।

2. टइपराईटर का आवंटन उपलब्धता के आधार पर स्थायी तौर पर किया जाता था। जिसके कारण अंग्रेजी टइपराईटर धारक को हिंदी में काम करने के लिए हिंदी टइपराईटर की उपलब्धता की प्रतीक्षा करनी पड़ती थी और वह प्रतीक्षा करने के स्थान पर अंग्रेजी में काम निपटाने को तरजीह दे देता था।

'हिंदी का काम देश का काम है, समूचे राष्ट्रनिर्माण का प्रश्न है।'
–बाबूराम सक्सेना

3. अंग्रेजी में काम-काज निपटाते-निपटाते उन्हें अब हिंदी में काम-काज निपटाना सरल नहीं लगता। दूसरे हिंदी टंकण का नियमित अभ्यास न रहने के कारण स्वभावतः उनका रुझान अंग्रेजी की ओर अधिक रहता है।

4. सेलो सुविधा से पूर्व संदेशों को हिंदी में भेजने की व्यवस्था नहीं थी। संदशों को भेजने का एकमात्र माध्यम अंग्रेजी भाषा था। इस मजबूरी के कारण हिंदी में बोल-चाल के बाद भी अंग्रेजी में काम-काज करना अनिवार्य समझा गया।

5. हिंदीतर भाषी क्षेत्रों से आने वाले कर्मचारियों को हिंदी भाषा का प्रशिक्षण दिलवाया गया। लेकिन उपरोक्त कारणों से हिंदी भाषा का अभ्यास करने के लिए हिंदी टइपराईटरों की उपलब्धता नहीं थी। नई सीखी भाषा को हाथ से लिखने में सहजता महसूस नहीं होती।

बाढ़ राहत कैम्प का आयोजन

136 बटालियन द्वारा, रंगिया में, 5 जुलाई, 2012 को एक बाढ़ राहत कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में बाढ़ में विस्थापित व बाढ़ राहत शिविरों में रहनेवाले लगभग 350 लोगों को मुफ़्त भोजन वितरित किया गया।



बाढ़ राहत कैम्प में भोजन बांटते जवान

6. केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में कार्यालयीन कार्य के संबंध में कहावत है 'पीछे देखो आगे चलो'। अधिकांश मामलों के उदाहरण अंग्रेज़ी में मिल जाते हैं जिनके आधार पर काम जल्दी निपटाने की दिशा में उसमें परिवर्धन करना आसान लगता है।

7. नियम पुस्तकें मुख्यतः अंग्रेजी में ही उपलब्ध थीं। नियमों का उद्घहरण हिंदी में देने के लिए अनुवाद की सहायता अनिवार्य थी। हिंदी अनुवादक की अनुपलब्धता के कारण पूरा पत्र ही अंग्रेज़ी में तैयार करना सुविधाजनक लगता था।

आज नई पीढ़ी को सभी प्रकार के साधन उपलब्ध हो रहे हैं। टाइपराईटर विलुप्त हो चुके हैं और उनका स्थान पर द्विभाषी कम्प्यूटरों ने ले लिया हैं जिससे हिंदी भाषा सीखने के बाद उस का अभ्यास कर परिमार्जित करने की सुविधा भी मिल गई हैं। पत्राचार का एक प्रारूप बना लेने के बाद नये पत्र के टंकण में समय की बचत हो जाती है। सेलो के माध्यम से संदेश भी अब हिंदी में प्रेषित करने की सुविधा उपलब्ध हो गई है और पत्राचार के किसी भी प्रकार के लिए अंग्रेजी भाषा पर निर्भरता समाप्त हो चुकी हैं। यह धारणा भी बलवती होती जा रही है कि हम जिस प्रकार मौखिक रूप से अपनी बात हिंदी भाषा में भली प्रकार व्यक्त कर पाते हैं उसी प्रकार पत्राचार भी सही-सही हिंदी में ही कर पाएंगे।

आज नई पीढ़ी में अंग्रेजी भाषा की तुलना में हिंदी भाषा के प्रति अधिक रुझान दिखाई दे रहा है। निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि वह समय अब दूर नहीं, जब केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सभी कार्यालय आपसी पत्राचार में राजभाषा हिंदी द्वारा अंग्रेजी को पूरी तरह प्रतिस्थापित कर देंगे और इस बल को देश में राजभाषा को पूरी तरह से अपनाने वाला विभाग होने का गौरव प्राप्त होगा।

'हिंदी को तुरंत शिक्षा का माध्यम बनाइए।'

–बोरेस क्ल्यएव

भाषा, समाज और अनुवादक

नि./हि.अनु.मंगत राम
ग्रुप केन्द्र, खटखटी

किसी भी समाज, देश या राष्ट्र की अपनी भाषा होती है जिससे उसका अटूट संबंध होता है। भाषा उस समाज, देश या राष्ट्र की पहचान होती है। किसी देश या राष्ट्र में अनेकों समाज हो सकते हैं और प्रत्येक समाज की अपनी एक विशिष्ट पहचान होती है। भौगोलिक, आर्थिक, सामाजिक परिस्थितियों के अनुरूप प्रत्येक समाज के अपने रीति-रिवाज, परम्पराएं, उत्सव एवं भाषा होती है, जिन पर वह समाज गर्व करता है और ये चीजें उस समाज को जोड़कर रखती हैं। किसी भी राज्य, देश या राष्ट्र का निर्माण इस प्रकार के समाजों से ही होता है और इसमें भाषा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। किसी समाज की भाषा का सबसे अधिक महत्व इसलिए है क्योंकि भाषा ही किसी समाज को बांध कर रखती है। उस समाज में रहने वाले लोग परस्पर व्यवहार करने, खुशियाँ और दुख बांटने, उत्सव मनाने , व्यापार , अपने मतभेद मिटाने तथा अन्य सभी प्रकार की गतिविधियों में भाषा का प्रयोग करते हैं। सोचिए, यदि भाषा न होती तो क्या होता, समाज की क्या स्थिति होती, लोग परस्पर विचार-विमर्श नहीं कर पाते, अपनी बात दूसरों को नहीं समझा पाते और यदि ऐसा नहीं होता तो उनमें परस्पर शंका और संदेह होता, मनमुटाव होता, लड़ाई-झगड़े होते, वैमनस्य होता, संगीत नहीं होता, उत्सव नहीं होते।

भाषा जैसे किसी एक समाज के लिए महत्वपूर्ण होती है, राष्ट्र के लिए भी वह उतनी ही महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि राष्ट्र का निर्माण भी अनेक समाज करते हैं, और उन समाजों की अपनी -अपनी भाषा होती है। इस प्रकार एक राष्ट्र में अनेक भाषाएं होती हैं। किसी राष्ट्र की एकता और अखण्डता को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए यह आवश्यक है कि उस राष्ट्र की एक भाषा ऐसी हो जो उस राष्ट्र के सभी नागरिक प्रयोग कर सकें। यदि उस राष्ट्र में किसी ऐसी संपर्क भाषा का विकास न हुआ तो उस देश के विभिन्न भाषा-भाषी लोग एक दूसरे से विचार विमर्श नहीं कर पायेंगे, अपनी बात दूसरों तक नहीं पहुँचा पायेंगे, जिस कारण वे एक-दूसरे पर संदेह करेंगे और उनमें पारस्परिक विश्वास जागृत नहीं होगा और यदि किसी देश के नागरिकों में परस्पर विश्वास नहीं होगा तो उस देश की एकता और अखण्डता खतरे में पड़ जाएगी।

अब प्रश्न यह उठता है कि भिन्न-भिन्न भाषा-भाषी लोगों को एक सूत्र में कैसे पिरोया

जाए, क्योंकि कोई भी व्यक्ति अपनी मातृ-भाषा छोड़ना नहीं चाहता और दूसरी भाषा उसे आती नहीं। फिर वह दूसरे भाषा–भाषियों से व्यवहार कैसे करे, अपनी बात उन तक कैसे पहुँचाए। ऐसे में अनुवादक या दुभाषिए की आवश्यकता पड़ती है। पुराने जमाने में भी यही रहा होगा और एक कबीले के लोगों को दूसरे कबीले से संपर्क करने में जिस व्यक्ति ने पहली बार अपनी भूमिका निभाई वह अनुवादक ही था, क्योंकि उसे दोनों भाषाओं का ज्ञान रहा होगा। तभी तो वह दोनों कबीलों के लोगो के बीच वार्तलाप की कड़ी रहा होगा और इस प्रकार से एक कबीले से दूसरे कबीले में सम्पर्क हुआ, दूसरे का तीसरे से और तीसरे का चौथे से तथा ऐसा होते होते एक भू-भाग के सभी कबीले एक दूसरे के सम्पर्क में आए होगे और उनके बीच व्यापार विकसित हुआ होगा। कालान्तर में इन्हीं कबीलों से किसी देश या राष्ट्र का निर्माण हुआ होगा। इसी प्रकार एक राष्ट्र को दूसरे राष्ट्र से सम्पर्क करने की आवश्यकता महसूस हुई और इसमें भी अनुवादक की भूमिका महत्वपूर्ण रही। प्रारम्भ में अनुवादक या दुभाषिए के माध्यम से ही दो देशों का परस्पर सम्पर्क हुआ होगा, क्योंकि इंसान में दूसरे इलाकों और देशों के बारे में जानने की जिज्ञासा होती है, इसलिए उसने विश्व के दूसरे भागों में भ्रमण किया और अन्य देशों के संपर्क में आया। उसने उन देशों की भाषाएं सीखी और फिर अपने देश में लौटकर उन देशों से सम्पर्क बढ़ाने में दुभाषिए या अनुवादक का कार्य किया।

विभिन्न समाजों, उनकी विभिन्न भाषाओं का सबसे बड़ा उदाहरण भारत है। यदि सभी क्षेत्रीय भाषाओं की गिनती की जाये तो हमें पता चलता है कि हमारे देश में बोली जाने वाली भाषाओं और बोलियों की संख्या हजारों में है, लेकिन विभिन्न भाषाओं, धर्मो, जातियों, समुदायों, कबीलों, समाजों, के होते हुए भी भारत एक राष्ट्र है और यह इसीलिए संभव हो पाया क्योंकि भिन्न-भिन्न भाषाओं के बोलने वाले लोगों में परस्पर वार्तालाप करने, व्यवहार करने, व्यापार करने तथा संबंध बढ़ाने के लिए उन्होने अन्य भाषाएं भी सीखी और इन भिन्न-भिन्न भाषा-भाषियों को साथ लाने में भी अनुवादक ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इस प्रकार हम देखते है कि अनुवादक न केवल एक समाज को दूसरे समाज के निकट लेकर आया बल्कि उसने अनेक राष्ट्रों को एक साथ लाकर वैश्विक एकता, मित्रता, बन्धुता स्थापित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। हमारे देश में लोगों को एक-दूसरे के साथ जोड़ने में यदि किसी एक भाषा का जिक्र करें तो राजभाषा हिंदी का स्थान सर्वोपरि है। यदि हम अपने देश को तरक्की के और ऊँचे सोपानों तक लेकर जाना है तो इसके नागरिकों को परस्पर भाई-चारे, मित्रता, सदभाव के साथ रहना होगा और इसमें राजभाषा हिंदी सभी देशवासियों को एक सूत्र में बांधने की भूमिका निभा सकती है।

‘हिंदी केवल राजभाषा नहीं है, बल्कि विश्व भाषा बन रही है।’

-राजीव गांधी, पूर्व प्रधान मंत्री

आइए, हम सब शपथ लें कि हमारे देश के नागरिकों में बन्धुत्व की भावना बढ़ाने तथा राष्ट्र को विश्व में

सर्वोपरि स्थान पर ले जाने के लिए राजभाषा हिंदी को देश के प्रत्येक नागरिक की भाषा बनाने में सक्रिय सहयोग दे। अनुवादक इस कार्य में अपना अमूल्य योगदान देकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और आशा है कि आगे भी निभाते रहेंगे।

जयहिंद

हिम्मत करने वालों की हार नहीं होती



हिम्मत करने वालों की हार नहीं होती
लहरों से डर कर नैया पार नहीं होती।
नन्हीं चींटी जब दाना ले कर चलती है
चढ़ती दीवारों पर सौ बार फिसलती है।
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है।
चढ़ कर गिरना, गिर कर चढ़ना न अखरता है
आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती
डुबकियां सिंधु में गोताखोर लगाता है
जा जा कर खाली हाथ लौट आता है
मिलते न सहज ही मोती पानी में
बढ़ता दूना उत्साह इसी हैरानी में

मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती
हिम्मत करने वालों की हार नहीं होती
असफलता एक चुनौती है, स्वीकारकरो
क्या कमी रह गयी, देखो और सुधार करो
जब तक न सफल हो, नींद चैन सब त्यागो
तुम संघर्ष का मैदान छोड़ कर मत भागो
तुम कुछ किये बिना ही जय जयकार नहीं होती
हिम्मत करने वालों की हार नहीं होती।

- हरिवंशराय बच्चन

"समस्त भारतीय भाषाओं के लिए यदि कोई एक लिपि आवश्यक हो तो वह देवनागरी ही हो सकती है।"

-जस्टिस कृष्णस्वामी अय्यर

"राजभाषा हिन्दी/केरिपुबल से संबंधित ज्ञानवर्द्धक प्रश्नोत्तरी"

नि./हि.अनु. राकेश कु. कुशवाहा
ग्रुप केन्द्र,-1, अजमेर

मेरा यह अनुभव रहा है कि जब हम किसी लेख, रचना आदि को निबन्ध अथवा वर्णनात्मक शैली में पढ़ते हैं, तो उसमें निहित जानकारी आदि को ज्यादा समय तक ध्यान में नहीं रख पाते हैं। अतः मैंने राजभाषा हिन्दी से जुड़े महत्वपूर्ण जानकारियों को पश्नोत्तरों के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। आशा है, इससे बल के सदस्यों का ज्ञानवर्द्धन होगा एवं वे इन्हें विभागीय परीक्षा आदि में प्रयोग के लिए याद भी रख पायेंगे :-

प्रश्न-1 राजभाषा नियम के किस उप नियम के अन्तर्गत हिन्दी में हस्ताक्षरित पत्रों के उत्तर हिन्दी में देना अनिवार्य है -

उत्तर राजभाषा नियम 1976 के नियम 7 के तहत।

पश्न-2 देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी को संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार भारत की राजभाषा घोषित किया गया-

उत्तर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 (1) तथा राजभाषा अधिनियम की धारा 3

के तहत।

प्रश्न-3 किस नियम के तहत संसद में कार्य हेतु हिन्दी या अंग्रेजी कोई भी भाषा प्रयोग में लायी जा सकती है-

उत्तर संविधान अनुच्छेद 120 और अधिनियम 3 (1 ख) के तहत।

प्रश्न-4 किस राजभाषा अधिनियम के तहत दस्तावेज, मैनुअल आदि द्विभाषी जारी होने चाहिए-

उत्तर राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के तहत।

प्रश्न-5 राजभाषा अधिनियम की धारा 3 (3) के तहत किस प्रकार के दस्तावेज द्विभाषी जारी होने चाहिए-

उत्तर सभी प्रकार के संकल्प, साधारण आदेश, नियम, अधिसूचनायें, प्रशासनिक/अन्य प्रतिवेदन प्रेस विज्ञप्ति, संसद के किसी सदन के समक्ष रखे गये प्रशासनिक/अन्य प्रतिवेदन/राजकीय कागज पत्र, संविदाओं और करारों का निष्पादन, लाइसेंस, परमिट और टेडर के लिए नोटिस और प्रारूप।

प्रश्न-6 किस नियम के तहत विभाग या कार्यालय का प्रधान यह निर्णय करता है कि कोई दस्तावेज विधिक या तकनीकी प्रकृति का है-

उत्तर नियम 8(2) और (3) के तहत।

प्रश्न-7 किस नियम के तहत उच्चतम/उच्च न्यायालय में सभी कार्यवाहियाँ अंग्रेजी में होंगी जब तक कि ऐसा समय न आ जाए कि वे स्वतः हिन्दी में कार्य करने लगें-

उत्तर अनुच्छेद 348 (1) (क)।

प्रश्न-8 संसदीय राजभाषा समिति का गठन किस नियम के तहत हुआ है-

उत्तर राजभाषा अधिनियम की धारा 4 के तहत।

प्रश्न-9 संसदीय राजभाषा समिति की कुल सदस्य संख्या कितनी है

उत्तर तीस, लोकसभा से 20 एवं राज्य सभा से 10 सदस्य होते हैं।

प्रश्न-10 राजभाषा अधिनियम की धारा 4 में राजभाषा संसदीय समिति का कार्य क्या है-

उत्तर हिन्दी प्रयोग में प्रगति का पुनरावलोकन व उस पर सिफारिश करके राष्ट्रपति का प्रतिवेदन जारी करना।

> "हिंदी का पौधा दक्षिण वालों ने त्याग से सींचा है।"
>
> **-शंकरराव कप्पीकेरी**

प्रश्न-11 संविधान की आठवी अनुसूची में क्षेत्रीय भाषाओं का उल्लेख संविधान के किस अनुच्छेद में है-

उत्तर अनुच्छेद 344 (1) व 351 में।

प्रश्न-12 केन्द्रीय सरकार का कोई भी कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर्मचारी, हिन्दी दस्तावेज के अंग्रेजी अनुवाद की मांग तभी कर सकता है, जब वह दस्तावेज विधिक या तकनीकी प्रकृति का हो व उस दस्तावेज की प्रकृति का निर्धारण

विभाग/कार्यालय अध्यक्ष करेगा, यह किस नियम में उल्लेखित है-
उत्तर राजभाषा नियम 8 (2)(3) में।
प्रश्न-13 किस नियम के तहत राजभाषा अधिनियम की धारा 3 (3) के तहत द्विभाषी दस्तावेज जारी करने से पहले उन पर हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी का यह उत्तरदायित्व है कि वह यह सुनिश्चित करेगा कि उक्त दस्तावेज द्विभाषी जारी हो रहा है-
उत्तर राजभाषा नियम-6 के तहत।
प्रश्न-14 किस नियम के तहत राजभाषा नियम/अधिनियमों का समुचित अनुपालन कार्यालय अध्यक्ष का उत्तरदायित्व है-
उत्तर राजभाषा नियम 12 (1) व (2) के तहत।
प्रश्न-15 किस नियम के तहत संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए भारतीय अंकों का अन्तराष्ट्रीय रूप 0,1,2,3,4,5.....प्रयोग में लाया जाएगा-
उत्तर संविधान के अनुच्छेद 343 (1) के तहत।
प्रश्न-16 किस नियम के तहत संसद में कार्य के लिए हिन्दी या अंग्रेजी भाषा प्रयोग में लाई जा सकती है-
उत्तर संविधान के अनुच्छेद 120 और अधिनियम 3 (1 ख) के तहत।
प्रश्न-17 कितने प्रतिशत अधिकरियों व कर्मचारियों को हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान होने पर कार्यालय को राजपत्र में अधिसूचित किया जाता है तथा किस उप नियम के अन्तर्गत-
उत्तर 80 प्रतिशत स्टाफ, राजभाषा नियमावली 1976 के नियम 10 (4) के तहत।
प्रश्न-18 भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में भाषायें-
उत्तर 1. असमिया, 2. बंगला, 3. गुजराती, 4. हिन्दी, 5. कन्नड, 6. कश्मीरी, 7. मलयालम, 8. मराठी, 9. उडिया, 10. पंजाबी, 11. संस्कृत, 12. सिन्धी, 13. तमिल, 14. तेलुगु, 15. उर्दू, 16. नेपाली, 17. मणिपुरी, 18. कोंकणी, 19. बोडो, 20. संथाली, 21. मैथिली, 22. डोगरी।
प्रश्न-19 हिन्दी की प्रोत्साहन योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त पुरस्कार राशियों पर किस अधिनियम के तहत आय कर से छूट प्राप्त है-
उत्तर भारत सरकार के आयकर अधिनियम 1961 की धारा 10 (3) के तहत।
प्रश्न-20 भारतीय संविधान की किस धारा के अन्तर्गत भारत सरकार को यह दायित्व सौंपा गया है कि वह हिन्दी भाषा का प्रसार बढ़ाये और उसका विकास करे ताकि हिन्दी भारत की सामाजिक संस्कृति के सभी तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके-
उत्तर संविधान के अनुच्छेद 351 में।
प्रश्न-21 राजभाषा अधिनियम कब बना-
उत्तर 1963 में।
प्रश्न-22 राजभाषा नियम कब बना-
उत्तर 1976 में

प्रश्न-23 राजभाषा आंधीनेयमों में प्रथम बार संशोधन कब हुआ-
उत्तर 1967 में।

> "यदि हम लोगों ने तन मन धन से प्रयत्न किया तो वह दिन दूर नहीं जब भारत स्वाधीन होगा और उसकी राष्ट्रभाषा होगी 'हिंदी'।"
>
> **-सुभाष चन्द्र बोस**

प्रश्न-24 सी.आर.पी.एफ. का थीम गीत क्या किया गया
उत्तर सेवा भक्ति का यह प्रतीक.....सी.आर.पी.एफ जिन्दाबाद।
प्रश्न-25 सी.आर.पी.एफ. थीम गीत कब लांच हुआ-
उत्तर 29.10.1993 को।
प्रश्न-26 केरिपुबल में प्रथम वीर चक्र किसे दिया गया-
उत्तर सिपाही टी. मोहन को 1988 में दिया गया।
प्रश्न-27 केरिपुबल में प्रथम अशोक चक्र किसे दिया गया-
उत्तर सिपाही/महिला कमलेश कुमार को मरणोपरॉत 2002 में संसद पर आतंकवादियों के हमले को नाकाम करने हेतु।
प्रश्न-28 केरिपुबल में प्रथम पद्मश्री अवार्ड किसे दिया गया-
उत्तर 1988 में पुलिस उप महानिरीक्षक श्री एस.एस. विर्क को।
प्रश्न-29 केरिपुबल में प्रथम जॉर्ज क्रास किसे दिया गया-
उत्तर नायक बरकत सिंह को 1942 में।
प्रश्न-30 आई.पी.के.एफ. (इण्डियन पीस कीपिंग फोर्स) के रूप में केरिपुबल देश से बाहर श्रीलंका किस वर्ष में गई-
उत्तर 1987 में।
प्रश्न-31 सी.आर.पी.एफ. के प्रथम कमाण्डेन्ट कौन थे-
उत्तर श्री जे.एफ. पर्ट।
प्रश्न-32 सी.आर.पी.एफ. के प्रथम महानिदेशक कौन थे-
उत्तर श्री वी.जी.कानेटकर।
प्रश्न-33 आर.ए.एफ. के प्रथम पुलिस महानिरीक्षक कौन थे-
उत्तर श्री डी.डी. गुप्ता।
प्रश्न-34 सी.आर.पी.एफ. में प्रथम शौर्य पदक किसे मिला-
उत्तर सिपाही सोडाराम को मरणोपरान्त।
प्रश्न-35 सी.आर.पी.एफ. अधिनियम में कितनी धारायें हैं-
उत्तर 19 धारायें हैं। 20 वे क्रमांक पर अनुसूचियॉ हैं।
प्रश्न-36 क्राऊन रिप्रजेन्टेटिव पुलिस का आदर्श वाक्य क्या था-
उत्तर "HEAVENS LIGHT OUR GUIDE"
प्रश्न-37 सैलो का पूर्ण रूप क्या है-
उत्तर SERVICE AND LOYALTY (SELO)

प्रश्न-38 वर्ष 1955 में गठित प्रथम राजभाषा आयोग के अध्यक्ष कौन थे-
उत्तर वर्ष 1955 में गठित प्रथम राजभाषा आयोग के अध्यक्ष श्री बी.जी. खेर थे।
प्रश्न-39 राजभाषा विभाग किस मंत्रालय के अधीन है-
उत्तर राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय के अधीन है।
प्रश्न-40 राजभाषा विधि आयोग किस मंत्रालय के अधीन है-
उत्तर राजभाषा विधि आयोग विधि मंत्रालय के अधीन है।



"भारत की सच्ची आत्मा का ज्ञान हिंदी द्वारा ही हो सकता है।"
-डॉ. ग्रियर्सन

महानिदेशालय की राजभाषा रिपोर्ट

(1) हिंदी/हिंदी टंकण/हिंदी आशुलिपि प्रशिक्षण :-

वर्ष 2011-12 के दौरान महानिदेशालय के पर्यवेक्षण/निर्देशन में निम्नलिखित संख्या में कार्मिकों को हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त करने, हिंदी टंकण तथा हिंदी आशुलिपि एवं अनुवाद प्रशिक्षण पाठयक्रम प्राप्त करने के लिए नामित करके प्रशिक्षित कराया गया :-

हिंदी भाषा	- 51
हिंदी टंकण	- 110
हिंदी आशुलिपि	- 03
कम्प्यूटर पर हिंदी प्रशिक्षण	- 39
अनुवाद प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	- 04

(2) हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन

(ख) रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान महानिदेशालय एवं बल के अधीनस्थ कार्यालयों में हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर्मचारियों को हिंदी में टिप्पण/आलेखन करने के लिए प्रेरित करने के साथ ही उन्हें हिंदी में टिप्पण/आलेखन में निपुण बनाने हेतु 1 से 15 सितम्बर, 2011 तक आयोजित हिंदी पखवाड़े के एक भाग के रूप में महानिदेशालय के साथ-साथ सभी अधीनस्थ कार्यालयों में हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई।

(3) राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों का आयोजन

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें, अपर महानिदेशक (मुख्यालय)/ महानिरीक्षक (प्रशा.), केरिपुबल की अध्यक्षता में दिनांक 27/6/2011, 14/9/2011 तथा 28/12/2011 तथा 30/3/2012 को आयोजित की गई इन बैठकों में राजभाषा विभाग (गृह मंत्रालय) द्वारा राजभाषा नीति के अनुपालन के लिए समय समय पर जारी विभिन्न आदेशों व निर्देशों की जानकारी, बैठक में शामिल सदस्यों की दी गई तथा सरकारी काम काज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग की प्रगति की समीक्षा की गई।

(4) राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति का जायजा लेने के लिए निरीक्षण

सरकारी पत्राचार में हिंदी के प्रयोग से संबंधित आदेशों व अनुदेशों के कार्यान्वयन का जायजा लेने के लिए संसदीय राजभाषा समिति के साथ-साथ गृह मंत्रालय (राजभाषा एकक) तथा विभागीय राजभाषा स्टाफ द्वारा वर्ष 2011 के दौरान बल के निम्नलिखित अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण किया गया :-

(क) संसदीय राजभाषा समिति द्वारा :-

1. दिनांक 25 अप्रैल, 2011 को कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक, कार्यालय केरिपुबल श्रीनगर सेक्टर का मौखिक निरीक्षण किया गया।

2. दिनांक 26/12/2011 को 106 बटालियन, द्रुत कार्य बल एंव दिनांक 27/12/2012 को केन्द्रीय प्रशिक्षण महाविद्यायलय (दूरसंचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी) का निरीक्षण किया गया।

(ख) विभागीय राजभाषा स्टाफ द्वारा :-

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान राजभाषा विभाग द्वारा वार्षिक कार्यक्रम में उल्लिखित लक्ष्यों के अनुसार, महानिदेशालय, केरिपुबल के हिंदी अनुभाग द्वारा 72 अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण किया गया।

(5) हिंदी दिवस/पखवाड़े का आयोजनः-

(क) रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान हिंदी पखवाड़ा मनाने के कार्यक्रम के अंतर्गत बल मुख्यालय एवं अन्य सभी अधीनस्थ कार्यालयों में विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएं जैसे हिंदी व्यवहार, हिंदी टिप्पण और आलेखन, हिंदी टाइपिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। अधिकारियों के लिए "हिंदी डिक्टेशन प्रतियोगिता" भी आयोजित की गई। इन

Being force personnel we must be well trained in Post Blast Investigation as it provides lead to catch the culprits. On job training will be handy for our Force personnel. A sector capsule course can be run level in CRPF to prepare trainers, who can subsequently train the personnel in a battalion. The facets and modus operandi of terrorism has been changing in last one decade. Different kinds of blasts are taking place and to nab the culprits the training of post blast investigation is must for our security forces.

Geographic Information Systems "GIS"

"GEOSPATIAL IS A GOOD SUPERVISORY AND MONITORING TOOL"

(The LWE & Border area warriors)

- SI/TANIL KR. SHARMA GISCELL, IT WING DTE GENL

Introduction of GIS

Tragic events of 9/11 in the USA and the 26/11 in Mumbai Terrorist attacks, “Homeland Security Concept” emerged as a sensitive issue. Homeland security covers prevention, protection, response and recovery which is defined as “National strategy”. Homeland security is a comprehensive and concerted exercise aimed at maintaining the sovereignty and integrity of the state to ensure sustained peace, public order and the rule of law. Today, it encompasses not only normal policing but also border management, coastal surveillance, counter insurgency, cyber security, disaster management and the Left Wing Extremist (LWE) activities in several parts of India and addressed accordingly with the help of modern technology like GIS/Geospatial technology.

Geo-Spatial Technology is the

“Third eye”

The logic!!!

Think visually.

GIS is a Technological frame work for safe and secure cities in India. Todays security operations are increasingly played out over unfamiliar terrain. Peacekeeping operations involve extremely complicated and politically sensitive situations. Time often demands that commanders take immediate decision for which they need to have the tools to promote situational awareness. Some of the questions like.....

- Where are my forces?
- Where are the warring factions?
- How is the current situation likely to develop?
- Where can troops be housed and fed?
- How can relief convoys be routed?

.....can be easily answered with the help of GIS making GIS a very powerful tool in the hands of the security forces.


A Geographic Information System (GIS) is a computer-based tool for mapping and analyzing things that exist and events that happen on earth. GIS technology integrates common database operations such as query and statistical analysis with the unique visualization and geographic analysis benefits offered by maps.

A Definition of GIS

A system of computer software, hardware, data and personnel to help manipulate, analyze and present information that is tied to a spatial location

OR

A system for capturing, storing, checking,



manipulating, analyzing and displaying data which are spatially referenced to earth.

* The Computer Based system to

* A method to capture, store, retrieve, visualize, manipulate, analyze, and display spatial data. “Smart Maps” linking a database to the map. * A decision support system tool.

Importance of Geo Int

With an increase in asymmetric warfare, the threat to internal security becomes more complicated, challenging the very existence of economic growth. Geospatial data, such as surface profile, terrain, etc, thus assumes greates importance. The easy availability of imagery of right resolution, an instant communication between the provider and the user, the focused parameters and protocol and user friendly software becomes an input at par with intelligence. Geospatial technology, thus becomes an integral part of an intelligence input, commonly called Geo Int. In times to come, Geo int. would not only be a catalyst but also an operational parameter in the security of the nation.

However, geospatial data, in its original form, is incapable of proving very effective. It needs to to be interpreted as per the requirement of the user.



Describe our world information

We can describe any element of our world in two ways :-

Location information (Spatial data)

Where is it ?

Describes where a particular geographic feature is situated on earth in spherical co-ordinate system that is Degrees, Minutes and Seconds(DMS). It is spatial data.

Attributes information (Non-Spatial data)

What is it ?

Describes the feature like what it is, how much it contains etc.

Users/Methods

Data Management:- GIS can do the following.

Any GIS should be capable of the following fundamental operations in order to be useful for finding solutions to real-world problems.

- **Capturing Data :-**
- A GIS must provide methods for inputting geographic (coordinate) and tabular(attribute) data. The more input methods available, the more versatile the GIS.

- Storing data:- There are two basic data models for geographic data storage :Vector and Raster,A GIS should be able to store geographic data in both models.
- Querying data :- A GIS must provide utilities for finding specific features based on location or attribute value.
- Analyzing data :- A GIS must be able to answer questions regarding the interaction of spatial relationships between multiple data sets.
- Displaying data :- A GIS must have tools for visualizing geographic features using a variety of symbology.
- Output:- A GIS must be able to display results in a variety of formats, such as maps, reports, and graphs.

GIS Data Models

Raster Data :- The Raster data is a grid of cells covering an area of interest. Each pixel, the smallest unit of information in the grid, displays a unique attribute. An example of raster data is a scanned image or photograph. A line drawn in a raster format must be defined by a group of pixels along the length of the line. As a result the size of a raster file is larger than that required by a vector file. Data displayed by pixels and grid cells, eg- BMP, JPEG, GIF, DTEM, TIFF, IMG etc.

Vector Data : The vector data model represents geography as collection of points, Line and polygons. Vector models are useful for storing data that has discrete boundaries, such as country borders, land parcels and streets. Data represented by pair of coordinates which has magnitude and direction.eg-SHP,DXF,DGN,DWG,DLG etc.

Attribute Data : The attributes refer to the properties' spatial entities. They are often referred to as non-spatial data since they do not in themselves represent location information and they are text data in digital form.

Why GIS In CRPF?

- Currently, CRPF is using conventional maps which were surveyed about 30-35 yrs old for operational duties as well as LWE and border management and they have some limitions like:-

- Terrain visualization not possible

- 3D view not possible - Distortion in scale

- Difficulty in incorporating data on the map - Difficult to focus on desired details

- Difficulty in incorporating other data on the map

- Updation is a cumbersome task

- Regeneration of maps not possible.....etc....

• However all this is possible with digital maps, specially with GIS, thus helping the user to take quick and effective decision at all levels. That's why GIS is now being used in CRPF.

CRPF Perspective


Geospatial technology or GIS is one of the key components of the modernisation plan of CRPF. After the success of GIS pilot project, the technology is currently being used in both LWE and J&K areas. The successful example of Geospatial technology-

- Naxal Leader Kisanji killed - Terrorist Osama Bin Laden killed.

Why GIS in CRPF?

There are number of areas where the technology can be utilized by the forces.

- Command and Control Centre (Security Ops Centre).
- 3D Terrain Analysis
- Visualization and accurate analysis of near real time geographical data
- For Mission Planning in Naxal affected area.
- For strategy in spl operation.
- Riot and social tension.



- State security.
- Counter insurgency.
- Briefs officers at all levels about Geographic features for operations.
- Effective deployment of troops.
- Archives paper maps.
- Get data and information for effective operational planning.
- Intelligent sighting of observation posts and ambush points, that is, analyzing location, height, visible areas, dead zones, strength and maintenance status.
- Does macro/micro level analysis of information from office.
- Proper LWE area violation incident reporting and analysis.
- For faster and more effective decision making.

Concept of Geospatial application

- Use of geographic spatial data
- Immense benefit when used for Governmental applications like Homeland Security, Military Defense, Fire/Emergency Medical

Services/ Disaster, and Law Enforcement.

- **Homeland Security-** Geo spatial Technology assets at local, regional, and national levels are used in emergency response in the areas of detection, risk assessment, mitigation and prevention, preparedness, response, and recovery. Utilized in both natural and human-induced disasters, it has merged into the common operating procedures for public safety and emergency response activities. City, state, and district level agencies use this technology as a common framework for organizing and sharing data in a digital world.
- **Military Defense**-Military defense uses Geospatial Technology for intelligence, terrain analysis, mission planning, and facilities management. Geographic analysis is critical in military operations, tactical or logistical planning, and infrastructure management.
- **Fire/Emergency Medical Services/Disaster-**

Geospatial Technology allows public safety personnel to effectively plan for emergency response, determine mitigation priorities, analyze historical events, and predict future events.

- **Law Enforcement-** Geospatial Technology is an effective crime-fighting tool. Police analysts use GIS for planning and event modeling, tactical and strategic planning, and incident mapping.
- Flood mapping data.
- LBS(Global location based services) market.
- Shipping moving location watched.
- Peculiarities of road construction in mountains.

GIS Platform being used in CRPF

- Terra Explorer Pro (Sky Line)
- ARC GIS (ESRI)
- Google Earth 6.0.3
- Quantum GIS 1.6
- GPS Bable
- Map Source (Garmin)

Conclusion*

"GIS is a part of life of every person"

Being a force multiplier, geospatial technology will make decision making faster and more informed with supervision becoming more effective and quick in CRPF. To sum up, GIS is the "third Eye" in LWE area for CRPF, a decision support system tool for defence and "Homeland Security".



CARDIO VASCULAR DISEASES (HEART ATTACK)

Onkar Singh Charak Dy Inspector General of Police

CVDs include diseases of the heart, vascular diseases of the brain and disease of blood vessels CVDs are responsible for over 17.3 million deaths per year and are the leading causes of death in the world.

The different types of CVDs are listed below :-

1. CVDs due to autherosclerosis : Ischemic heart disease or coronary artery disease (e.g. heart attack) cerebrovascular disease (e.g. stroke), disease of the and arteries, including hypertension and peripheral vascular disease.

2. Other CVDs

i) Congenital heart disease
ii) Rheumatic heart disease
iii) Arrhythmias
iv) Cardiac Arrhythmias

Factors that promote the process of atherosclerosis are known as risk factors and include, behavioral risk factors :

1. Tobacco use
2. Physical inactivity
3. Unhealthy diet (rich in salt, fat and calories)
4. Harmful use of alcohol

Metabolic risk factors:

1. Raised blood presure [Hypertension]
2. Raised blood sugar [Diabetes]
3. Raised blood lipids [e.g. cholesterol], as in dyslipidaemia
4. Overweight and obesity Other risk factors:

1. Poverty and low educational status
2. Advancing age
3. Gender
4. Inherited (Genetic) disposition
5. Psychological factors (e.g. stress, depression)
6. Other risk factors (e.g. excess homocysteine)

There is strong scientific evidence that behavioral and metabolic risk factors play a key role in the etiology of atherosclerosis.

RHEUMATIC HEART DISEASE:

Rheumatic heart disease is caused by damage to the heart muscle and heart valves from rheumatic fever, following a streptococcal pharyngitis/tonsillitis.

CONGENITAL HEART DISEASE:

Malformations of heart structures present at birth are known as congenital heart defects. They may be caused by:

(i) A close blood relation between parents (consanguinity)
(ii) Maternal infections (e.g. rubella)
(iii) Maternal use of alcohol and drugs (e.g. warfarin)
(iv) Poor Maternal nutrition (e.g. deficiency of folic acid).

In some cases the cause remains unknown. Examples of congenital heart disease include holes in the septum of the heart, abnormal valves and abnormalities in heart chambers.

OTHER CVDS

Other CVDs such as disorders of the heart muscle (e.g. cardiomyopathy) disorders of the electrical conduction system of the heart (e.g. cardiac arrhythmias) and heart valve disease are less common than heart attacks and strokes.


Atherosclerosis, the underlying basis of heart attacks and strokes.

Atherosclerosis; the underlying basis of heart attacks and strokes.

One of the main underlying pathological processes that leads to heart attacks (coronary heart disease) and strokes (cerebravascular disease) is known as known as athersosclerosis. The early signs of atherosclerosis develop in childhood and adolescence due to the overall effect of a number of risks.

Factors : They include tobacco use physical inactivity, unearthly diet harmful use of alcohol, hypertensions, diabetes, raised blood lipids, obesity, poverty, low educational status, advancing age, male gender genetic disposition and psychological factors. Atherosclerosis is an inflammatory

process affecting medium and large-sized blood vessels. When the lining (endothelium) of these blood vessels is exposed to raised levels of low density. Lipoprotein cholesterol (LDL cholesterol) and certain other substances such as free radicals, the endothelium becomes permeable to lymphocytes and monocytes. These cells migrate into the deep layers of the wall of the blood vessel. A series of reactions occur, attracting LDL cholesterol particles to the site. These particles are engulfed by monocytes which are then transformed into macrophages (foam cells). Smooth muscle cell migrate to the site from deeper layers of the vessel wall (the media) later a fibrous cap consisting of smooth muscle and collagen is formed at the same time.



The macrophages involved in the original reaction begin to die, resulting in the formation of a necrotic core covered by the fibrous cap. These lesions (atheromatous plaques) enlarge as cells and lipids accumulate in them and thus plaque is formed.

SIGNS AND SYMPTOMS OF HEART ATTACK:

- Severe chest pain.
- Sudden onset of sweating.
- Difficulty in breathing.
- Unconsciousness.

PREVENTIVE MEASURE:

- Take salt restricted diet.
- Avoid fatty/oil diet.
- Stop using tobacco products.
- Use unsaturated oil for cooking.
- Do daily exercise.
- Reduce body weight according to their BMI (body mass index)

BMI = weight (kg/height (Mt)^2

If anyone gets heart attack: One tablet of Sorbitrate mg to be given sublingually (under tongue) and one tablet of aspirin to be given with water. The patient should be evacuated immediately to any nearest hospital.

English Vindish - HM RABBA

Seema Dhundia, DIG RAF, New Delhi



Humans have the tendency of acquiring & using complex systems of communication, and language is an example of such a system of complex communication.

But is it needed?. Why cannot it be simpler and in its purest form where eyes & face tell & communicate effectively. It is a delight to watch a face become the mirror of the soul when it communicates so beautifully. I have come across so many people in CRPF who were extraordinarily brilliant in communicating their piece of mind irrespective of whether they had mastered the language they used .

As I ponder over the last 25 years spent in this great Force, I came across moments of good communication, bad communication & communication gap in my surroundings but those moments were incomparable to the moments of simple joy, laughter, ecstasy which were generated when our troops tried their hand communicating in English. I can bet that even skimming through these moments will ease off all tension and stress from your lives. Let me share a few.

A group of young officers freshly passed out from Academy went to Punjab for practical training. After chiselling and sharpening their outdoor

skills they started their journey from Amritsar to Chandigarh. One of the learned, smart, intelligent officers gave a signal to GC Pinjore “Ref Ops instructions dated 26/2 (.) Reaching Chandigarh at 1600 hrs (.) Get it Xeroxed (.) Shall collect it on arrival” When these officers reached Group Centre Pinjore, an old Havaldar, spectacled man came running towards them heavily panting and said “Sir Market me Xerox bahut dhoonda lekin mila nahi.”.

The young bunch of officers learnt their first lesson. Never ask for Xerox because for them it is always “ Fotu Copy ”.

Another incident I remember is when a strict, disciplinarian Commandant wanted to visit one of his Coys located in a far-flung area. To reach the Coy location one was supposed to travel on foot for 20 Kms. The terrain was undulated, difficult and the area was bestowed with thick rainwater forests. All that he asked his Adjutant to ensure is that by the time he reaches the Coy location, lunch should be ready. Adjutant promptly complied with the orders and gave a wireless message to Coy Comdr “Tiger reaching (.) Arrange Lunch” The Commandant reached the Coy location walking continuously for almost 7-8 hours all the way thinking and hoping of getting good food. But to his horror, there was only a basket of oranges waiting for him.. Probably during transmission the letter “A” was replaced by “O” and the poor fellow arranged ‘ORANGE LUNCH’ for the Commandant thinking that his efforts would be appreciated.

As young Company Commanders we were so amused and entertained at the time when we used to ring up the Control Room of units located in Delhi during late evenings . The Control Room operator invariably picked up the receiver and started their conversation with their trade mark greetings “Good Night Madam x.y.z Bn Control Room.”

The Subedar Major of 88 (M) Bn was a sincere fellow. A veteran, diehard loyalist and hardcore disciplinarian. We used to eavesdrop in the evening Roll Call Parade just to listen to his briefings and debriefings. For him any mahila constable would be either Rani or Munni.. “Rani-Munni. Langer food not good. Improve . Munni not coming marker. Why ? Rani stick orderly tomorrow” Few brave girls used to snort on his remarks and he used to wind up his Roll Call debriefing session saying "English ka aisa Brust(like LMG burst firing)

marunga tab pata chalega.”One of the girls, would correct him promptly

‘ir ji “rust nahi- Burst.”

During a get together, one of my Mess Constables said with all her earnestness “Madam snakes serve kare ??”

Language, when seen from this innocent angle, is not complex. It is very simple, meaningful and exhilarating when spoken with simplicity, love and compassion. Because in this form there can never be any communication gap and the message that is conveyed is only of love, empathy and brotherhood. I feel so happy and delighted for having been associated with such simple souls who were so dedicated, lovable and sincere.

GOLDIE OLDIE SCHOOL DAYS

Maiaika Vaid D/o Sh Vivek Vaid, DIG (CR & Vig.), Dte. Genl XIID

Holy Child Auxillium School

Oh! Those green and salad school days,
How I wish till eternity they stayed
The last two years, slipped through our hands,
Like the wind blows away the sands
The clock tick-tick ticked,
But our friendship never tripped,
The scoldings by our teachers,
Never did we take them onto our hearts deeper
‘Homework not done’ a common note for all of us
Without getting it signed,
Shamelessly the next day we entered the bus,
Every Monday morning such was the sight in class,
Forty five T.S. Grewals and Amartya Sens appeared, alas!
We played in crores and lacs,
Without having a penny in our own banks
“Cash A/c debit, sales A/c credit”
Helplessly we cried “ow?? Ma’m I‘m not getting it!"
The PT,Library & the SUPW period were most awaited,

But when the teacher said 'I'm taking it', we almost fainted
The love for our teachers we could never show,
But as days passed, it did grow
Life has got its twists and turns
Nothing remains forever we should learn
We wish life had a 'REWIND' button,
Everything would come back to its initial point all of a sudden
But, here we are, where the road bends,
This is where our school life ends.

"LUI-NGAI-NI, A NAGA FESTIVAL"

Lakshmi Srinivasan w/o A.N. Srinivasan, IGP (Retd.)

As I have been contributing articles to CRPF Samachar on various subjects from time to time, I thought of sharing one of my unique experiences pertaining to a Naga Festival with the readers of CRPF Samachar. It was 15 February 2005. On that day I had the rare privilege of attending the Naga Seed Sowing Festival called " LUI-NGAI-NI" at a place called Senapati in Manipur.

The phenomenal cultural diversity of Nagas lends colour to their collective identity as the Naga people, big or small, have a culture, a way of life and a philosophy by which they live. Like Many Tribes of the North Eastern States of India, the Nagas have rich and colourful culture. Every Naga Tribe celebrates every important event of their life with a Festival. " LUI-NGAI-NI" is the Festival of Festivals celebrated during the Spring Season signifying the sowing of seeds.

During " LUI-NGAI-NI", the Gods of crops are invoked to shower their Blessings on the seeds sown so that they grow to bear fruits for bumper

harvest. The Blessings of the Supreme Deity is sought with expressions through dances, songs and rituals. “ LUI-NGAI-NI” festival, no doubt, is the modern form of the age old Festival of Spring. In many festivals that different Naga Tribes celebrate, there are those which are uncommon in design, purpose and time but the Seed Sowing Festival is the one which all the Naga tribes celebrate simultaneously. After a great deal of studies by a Cultural Group of Nagas, this festival had been given a modern concept by naming it “ LUI-NGAI-NI” and its celebration given a collective shape in the year 1987. Government of Manipur, in appreciation of the above efforts, has declared a public holiday for the festival and the Ministry of Tourism, Government of India has listed this festival as one of the tourist festivals of India.


To rekindle their past glorious traditions and values for their posterity, perhaps, the re-enactment and promotion of their dances, songs, values and rituals through the celebration of “ LUI-NGAI-NI” could be in order in today’s context. This rich Naga culture thus forms a part of the great cultural heritage of India. The theme for the “LUI-NGAI-NI” festival of 2005 was “ Towards a common destiny” to take a conscious & fresh view of Naga history assuring that the conscious effort of their mind shall be an act of faith, in what is elemental to human nature-the urge of feeling for security, cohesion, harmony, unity and peace.

The songs and dances organised to celebrate “LUI-NGAI-NI” on 15 February 2005 at Senapati (Manipur) were scintillating and with full of energy and enthusiasm. The Chief Guest for the function, Dr. S.S.Sidhu, the Governor of Manipur, other dignitaries and the general public who had gathered in large number, watched the programme spellbound and applauded each and every item, thereby encouraging the participants who had put in their heart and soul to present an excellent extravaganza. In the beginning, lighting of the “ LUI-NGAI-NI” Sacred Fire followed by blowing of horn marked the occasion.

The enchanting show organised at Senapati, (Manipur), located close to Nagaland, reflected the sentiments of Naga community as a whole. The colourful folk Dances and attractive folk songs were so impressive that I have been compelled now, after seven years, to share my experience with the readers of CRPF Samachar. I, a person hailing from a far away place in Tamil Nadu, considered it as a rare privilege to be part of the audience to

watch and enjoy this Special Programme in an interior place of Manipur, a disturbed area due to militancy. The planning, execution, contents, arrangements etc of the programme depicted the cultural heritage of Nagas and their *esprit-de-corps.* The hilly terrain and the pleasing ambience of the location of the function added more beauty to remember it for ever and always cherish the sweet memory.





पुस्तक ही माँ है - मस्तिष्क ही पिता है।

बी.एन.सिंह
कमान्डेण्ट ग्रुप केन्द्र, गौहाटी

आशा है कि आप अपने परिवार के साथ कुशल जामंगल है और ईश्वर भी यही चाहता है कि आप और आपका परिवार सफलता की और बढ़ता रहे तथा अपने परिवार, समाज और राष्ट्र का कल्याण होता रहे।

आपको पत्र लिखने का उद्देश्य यही है कि मैं अपने समाज व राष्ट्र के प्रत्येक इंसान से मित्रता बनाये रखना चाहता हूँ। मित्रता के द्वारा ईश्वरीय विचार आप तक पहुंचाना चाहता हूँ। ईश्वर ने इंसान को इस सुन्दर धरती पर भेजा है और ईश्वर भी आप को खुश देखना चाहता है। लेकिन हमारी अज्ञानता, ईर्ष्या, क्रोध, आलस्य के कारण हम बुढ़ापे तक पुस्तकें नहीं पढ़ पाते हैं।

आचार्य चाणक्य ने कहा था कि जो माता-पिता बचपन से लेकर बुढ़ापे तक पुस्तकें पढ़ते हैं, वे ही माता-पिता दस शिक्षकों के बराबर होते हैं। जब आपने इस सुन्दर धरती पर जन्म लिया है, तो बुढ़ापे तक पुस्तकें पढ़कर समाज में अपनी पहचान या अपना नाम रोशन करें। तभी आने वाली पीढ़ी भी आपके पद-चिन्हों पर चलेगी।

लेकिन ऐसा हमारे समाज में नहीं हो रहा है।

मैं ईश्वरीय विचारों व शब्दों से आपके दिमाग को हरा-भरा करना चाहता हूँ। भारतीय इंसान प्रतिदिन अपने पेट के लिए नाश्ता, लंच और रात्रि भोजन लेता है, शरीर पर अच्छे कपड़े पहनता है। लेकिन इस ईश्वरीय दिमाग को कुछ नहीं खिलाते। क्या यह अच्छा होता कि पेट की तरह दिमाग भी चिल्ला-चिल्ला कर अपना भोजन मांगता। दिमाग का भोजन है प्रतिदिन एक घन्टा पुस्तकें पढ़ना।

प्रत्येक इंसान को हमेशा सकारात्मक सोच रखनी चाहिए। हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि हम सभी ईश्वर की संतान है एवं उसने आपको कमजोर, लाचार व बेबस नहीं बनाया हैं, ईश्वर आपको कमजोर भी नहीं देखना चाहता है। तुम भी मेरी तरह बलवान हो और तुम्हारे पास भी शक्तियों का सागर है। बस पहचानने के लिए दिमाग की सोच को बदलना होगा और शक्तियों को पाने के लिए इन दो हाथों से कड़ी मेहनत व पुस्तकों से दोस्ती करनी होगी।

मेरा कहने का अर्थ यह है आप अपने दिमाग से सोचे, कड़ी मेहनत करे और बच्चों की पुस्तकें पढ़ कर अपना ज्ञान बढ़ायें। तभी आपकी भी समय के अनुसार उन्नति होगी। ईश्वर को क्या जवाब देंगे जब ईश्वर आप से पूछेगा कि 70 साल के लिए पढ़ने के लिए इस सुन्दर धरती पर भेजा गया इंसान केवल 20 साल पढ़ाई करके वापिस आ गया। क्या ईश्वर यह छोटी सी उन्नति देखकर खुश होगा? क्या हम थोड़ी सी पढ़ाई करके अपने परिवार, समाज व राष्ट्र की उन्नति कर सकते हैं आप उपरोक्त बातों को समझ गये होंगे। उम्मीद है कि अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आज से ही बच्चों की पुस्तकें पढ़ना शुरु करेंगे, क्योंकि ईश्वर को भी जवाब देना है।

जो पुस्तक तुम्हारे दिमाग को सबसे अधिक सोचने के लिए विवश करती है वह पुस्तक तुम्हारी सबसे बड़ी दोस्त है।

मैं अपने से छोटों की इज्जत करता हूँ, क्योंकि कल यही बच्चे बड़े होकर हम पर निर्णय देंगे।

ईश्वर ने कहा कि युवावस्था का सम्बंध उम्र से नहीं, दिमाग से होता है। जब तक तुम में सोचने की क्षमता, कड़ी मेहनत करने की इच्छा, संघर्ष करने का उद्देश्य है और विज्ञान के विकास के लिए जोश व आत्मविश्वास है तो तुम्हारा राष्ट्र कभी बूढ़ा नहीं हो सकता, तुम कभी बूढ़े नहीं हो सकते।

तुम ऐसा काम करो, जिससे तुम्हारी सन्तान आने वाले कल में अच्छी स्थिति में आ सके। क्योंकि सुविधा उपहार में नहीं मिलती और आत्म-उन्नति किसी के आर्शीवाद से नहीं मिलती। उसके लिए स्वयं ही प्रयास, संघर्ष और कठिन परिश्रम करना होता है।

ईश्वर ने कहा है कि जब एक छोटा बच्चा पुस्तकें पढ़कर ज्ञान प्राप्त कर सकता है तो माता-पिता भी बच्चों के साथ पुस्तकें पढ़कर अपने ज्ञान का स्तर बढ़ा सकते हैं।

यदि बच्चे की समाज में प्रभावशली पहचान बनानी है तो प्रत्येक माता-पिता को हमेशा ही पुस्तकें पढ़ते रहना चाहिए, क्योंकि पढ़े-लिखे माता-पिता दस शिक्षकों के

बराबर होते हैं।

राष्ट्र तुमसे निवेदन कर रहा है कि तुम ऐसे इंसान बनों और ऐसे काम करो, जिससे तुम अपनी सन्तान को मजबूती देकर जाओ और भविष्य में तुम्हें गुलामी की जिन्दगी न, जीना पड़े।

पुस्तक ही माँ है, मस्तिष्क ही पिता है।



अच्छा स्वास्थ्यए सबसे बड़ी दौलत (Health is Wealth)

अरविंद कुमार निगम, सीनियर पी एस
जम्मू-कश्मीर जोन, जम्मू

यह एक वृहत विषय है, समय सीमा होने से यहां पएक विशाल वट वृक्ष को बोन्साई

रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है।

स्वस्थ कौन?

प्रारम्भ से ही स्वस्थ शरीर को सबसे बड़ी दौलत माना जाता रहा है। इसे बनाये रखने हेतु विभिन्न व्यायाम, खेलकूद, बल कौशल का आयोजन, प्रदर्शन होता रहा है। हम कितने स्वस्थ हैं? आंख शारीरिक संरचना को देखकर संतुष्ट हो जाती है और हम तुरन्त कह देते हैं हम पूर्ण स्वस्थ हैं, किन्तु स्वास्थ्य को जानना, समझना व निर्णय पर पहुंचना इतना सरल नहीं। यह तो एक पहेली है। वार्षिक चिकित्सा परीक्षण हमारा अच्छा अनुभव है।

शारीरिक विज्ञान दृष्टिकोण से सुश्रुत संहितता 15/48 के अनुसार 'जिस मनुष्य के शरीर में त्रिदोष - वात-कफ-पित्त, अग्नि, सप्तधातु- रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा, शुक समान हों, मल-मूत्र पसीना विसर्जन की क्रिया ठीक होती है साथ ही जिसकी आत्मा, इंद्रियां और मन प्रसन्न हो, जो निर्भीक एवं आशावादी हो वह मनुष्य स्वस्थ है'। स्वस्थ होने का लक्षण है हृदय का दूसरों के दुख-सुख के विषय में सोचना- सर्वेभवन्तु सुखिन.../ वसुधैव कुटुम्बकम/ सर्वजन हिताय/... पर पीड़ा सम नहीं अधमाई।

स्वस्थ होने का अर्थः

'स्वस्थ' का शाब्दिक अर्थ स्व+स्थः अर्थात् स्वयं अपने में स्थित होना। स्वास्थ्य की सारी प्रक्रिया अंदर से शुरु होती है। मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। अच्छा स्वास्थ्य एवं अच्छी समझ प्रकृति द्वारा जीवन को दो सर्वोत्तम वरदान हैं।

संधिविच्छेदः

स्वास्थ्य शब्द का संधि विच्छेद है सु+स्थः+इति _ = स्वास्थ्य अर्थात जो सु है यानि सुंदर है, सुविचारित है, सुविकसित है वही स्वास्थ्य है। जिसके मन में ईर्ष्या नहीं, उदारता प्रसन्नता है। सु शब्द केवल शरीर के लिए ही प्रयुक्त नहीं है अपितु मन, विचार, व्यवहार भी इसमें सम्मिलित है।

अच्छा स्वास्थ्य क्यों?

जिस प्रकार किसी भवन की मजबूती के लिए अच्छी नींव जरूरी है उसी तरह जीवन भर स्वस्थ रहने

के लिए हमारे ऋषियों, मनीषियों और वैज्ञानिकों द्वारा अनुशासित बचपन/विद्यार्थी जीवन से ही ब्रह्मचर्य व्रत पालनकर शरीर को पुष्ट, स्वस्थ बनाना जरूरी है। प्रत्येक मनुष्य के जीवन में तीन प्रमुख बातों की आवश्यकता होती है- 1 स्वस्थ जीवन, 2 सुखी जीवन, और 3 सम्मानित जीवन। सुख का आधार अच्छा स्वास्थ्य है तथा सुखी

जीवन ही सम्मान के योग्य है। प्रथम सुख निरोगी काया, दूसरा सुख पास में हो माया / धन।

समाज में बढ़ती अराजकता पर काबू पाने, शान्ति, सद्भावना एवं कानून और न्याय व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षाकर्मी/अभ्यर्थी राष्ट्र नागरिक के लिए उच्चकोटि की शारीरिक स्वस्थता प्राप्त करने/ बनाये रखने की अत्यावश्यकता होती है। आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य बदलने में एक सुरक्षाकर्मी के उग्रवाद और अन्य समान परिस्थितियों से मुकाबला करने के लिए शारीरिक स्वस्थता की महत्त्वपूर्ण भूमिका है अथवा वर्तमान भागम-भाग की जिन्दगी में स्वंय को सुरसामुख समान बढ़ते भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, विभिन्न प्रदूषण, महंगाई, टूटते-बिखरते सपने-अरमान, प्रतिस्पर्धी, अभावों की जिंदगी, बढ़ते तनाव से जूझने-संघर्ष करने एवं स्वंय को स्थापित करने हेतु अच्छा स्वास्थ्य हर उम्र, वर्ग और हर समय की आधारभूत आवश्यकता रही है।

शारीरिक स्वस्थ्यता सीधे तौर पर दिमाग से जुड़ी है। अस्वस्थ सुरक्षाकर्मी/व्यक्ति नकारात्मक/ निराशात्मक दुर्भावनाओं का शिकार आसानी से बनता है जो उसे मानसिक हताशा, निराशा, बेचैनी की ओर धकेलती है, जो व्यापक रूप से समाज/ राष्ट्र के लिए भी नुकसानदेह है। व्यक्ति को कर्तव्य विमुख, अक्षम, पथभ्रष्ट और हिंसक बनाती है।

स्वास्थ्य अनमोल तो गंवाए क्यों? "क्षिति जल पावक गगन समीरा" - राम चरित मानस के अनुसार मानव शरीर भूमि, जल, अग्नि, आकाश और वायु इन पंच तत्वों से निर्मित है। इन पंच तत्वों का संतुलन व्यक्ति के आहार-विहार-विचार की आधुनिक आराम-प्रिय, श्रम से दूर, असंतुलित जीवन शैली से विखण्डित हो रहा है। मानसिक त्रासदी, परिवार का बिखराव, अनिद्रा, मनोविनोद, स्नेह सामन्जस्य का अभाव बढ़ रहा है। प्रकृति से दूर रहकर, अप्राकृतिक तौर-तरीकों और साधनों के इस्तेमाल, गुटखा-तम्बाकू, धूम्रपान, नशा, तामसिक भोजन, मनोवृति से बढ़ते अवसाद, तनाव के कारण पथरी, मोटापा, मधुमेह, रक्तचाप, हृदय, कैंसर एवं एड्स जैसे गम्भीर शारीरिक रोगों में सरलता से वृद्धि हो रही है।

अच्छा स्वास्थ्य कैसे

शरीर मन और स्वास्थ्य तीनों में गहरा संबंध है। विज्ञान भी इसे स्वीकारता है कि मन में उठने वाली भावनाओं और विचारों का हमारी आदतों और शरीर पर गहरा प्रभाव पड़ता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग रहता है। खिला रहे मन यदि स्वस्थ रहे तन, और सेहत हो फिट तो रहें हिट। स्वास्थ्य परिश्रम में है और श्रम के अलावा वहां तक पहुंचने का अन्य कोई राजमार्ग नहीं हैं। यदि व्यक्ति के पास स्वास्थ्य है तो उसके पास धन, सुख सब है। वह परिश्रम, योग्यता से अपार धन सम्पदा अर्जित कर सकता है। हमारे सामने बहुत से उदाहरण हैं, लेकिन स्वास्थ्य नहीं तो व्यक्ति सभी सुखों से वंचित है। अस्वस्थ व्यक्ति धन से भौतिक सुविधाएं तो खरीद सकता हैं, लेकिन उनका उपभोग, सुख तभी प्राप्त कर सकता है जब वह स्वस्थ है। स्वास्थ्य

खरीदा नहीं जा सकता, यदि ऐसा होता तो धनी व्यक्ति निरोगी ही होता और उपचार/स्वास्थ्य हेतु चिकित्सा पर धन, समय व्यय नहीं करता। व्यक्ति की सकारात्मक सोच, खुशी, आशा, प्यार का शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। वह निरोगी एवं दीर्घायु होता है, किंतु नकारात्मक सोच, क्रोध, डर, निराशा, चिंता, तनाव से पथरी, मोटापा, मधुमेह, रक्तचाप, हृदय रोग, पक्षाघात, अल्जाइमर का शिकार बन सकता है। चिकित्सक और औषधी रोगी के तात्कालिक आराम और दर्द निवारण के लिए होते हैं। मेरा सुझाव है शरीर को रोगमुक्त, ऊर्जावान एवं जीवन का भरपूर आनंद उठाने के लिए Medicine के MED को नियमित अपनाइए और शेष को भूल जाइए। यहां MED में

M = Meditation मानसिक शांति, आध्यात्मिक ध्यान योग/सत्संग विचार

E = Exercise शारीरिक स्वास्थ्य, व्यायाम, खेलकूद विहार (भ्रमण)

D = Diet पौष्टिक एवं संतुलित भोजन आहार

Meditation

ध्यान, आध्यात्मिक योग, मौनव्रत बेहतर जीवन जीने के लिए मजबूत आधार प्रदान करता है। ऋ ग्वेद में इसका उल्लेख है। महात्मा गौतमबुद्ध को इसी से बोध/ज्ञान प्राप्त हुआ था। नियमित अभ्यास से तनाव, मानसिक विकार दूर होते हैं। मानसिक शक्ति/शांति, कार्य एकाग्रता, धैर्य, आरामदायक नींद, सकारात्मक सोच, प्रसन्नता का विकास होता है।

EXERCISE

शारीरिक स्वास्थ्य प्राप्ति, आहार-पाचन एवं मल-मूत्र-पसीना विसर्जन क्रिया ठीक से करने के लिए नियमित व्यायाम/खेलकूद, उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने हवा और पानी। व्यायाम शारीरिक स्फूर्ति और चुस्ती बढ़ाते हैं। स्वास्थ्य व उम्र पर अच्छे। प्रभाव के साथ दिमाग को भी तेज करते हैं। इस से शारीरिक शक्ति, कार्यप्रणाली, सहनशीलता और शरीर के लचीलेपन के साथ-साथ व्यवहार, व्यक्तित्व क्षमता एवं दक्षता में भी सुधार होता है। अनुशासन, मिलनसारिता, समय पाबंदी जैसे गुण बढ़ने लगते हैं। आत्मविश्वास व, एकाग्रता में वृद्धि होती है। मानसिक तनाव के साथ मोटापा, मधुमेह, अनियंत्रित रक्तचाप, हृदय, कैंसर आदि रोग नियंत्रित/दूर होते है।

DIET

शारीरिक और मानसिक विकास, पोषण हेतु समय पर पौष्टिक एवं संतुलित आहार चिकित्सकीय उपायों से अधिक कारगर है। हरी सब्जियां, फलों का सेवन शरीर के आवश्यक तत्वों कैल्शियम, सोडियम, मैग्नेशियम आदि की आपूर्ति करता है, मानसिक तनावों से बचाता है। इससे स्नायुतंत्र सुदृढ़ हृदय मजबूत बनता है। ये

एंटी-आक्सीडेंट्स और बीटा केरोटीन के उत्तम स्रोत हैं जो बीमारियों से लड़ने में सहायक हैं, कैंसर की संभावना कम करते हैं। इनमें उपलब्ध फोलिक एसिड हृदय रोग से बचाव, गर्भस्थ शिशु के सही विकास में आवश्यक है। फाइबर - केंसर, कब्ज से सुरक्षा देता है, भार नियंत्रण में भी सहायक है। फास्ट फूड/ जंक फूड से परहेज करें। You are what you eat.

संसार के सम्राट, पराक्रमी, यश-कीर्तिवान, पुरुषार्थी तन-मन से स्वस्थ्य होने से ही सम्पदा/ साम्राज्य विस्तार कर इतिहास में दर्ज हो सके हैं। धन सम्भालने के लिए बल/ स्वास्थ्य ही आवश्यक है। स्वस्थ्य व्यक्ति रोगी नहीं होगा तो उपचार/औषधी पर धन, समय बर्बाद नहीं होगा। धन और समय की बचत अर्थात सम्पदा में अभिवृद्धि। स्वस्थ व्यक्ति जीवित रहते - रक्त, किडनी, वीर्यदान, कोखदान कर दूसरों का जीवन भी बचा सकता है एवं मरने के बाद जरूरतमंद/पीड़ितों को नेत्र, लीवर, हृदय व अन्य अंगदान/जीवनदान कर अमर हो सकता है।

अच्छा स्वास्थ्य क्यों और कैसे पाएं

अच्छे स्वास्थ्य का रहस्य सदियों से संक्षेप में हम सरल लोकोक्तियों, मुहावरों से सीखते आए हैं। स्वस्थ–सुखद, दीर्घायु जीवन हेतु विभिन्न सम्प्रदायों में ब्रह्मबेला में उठना, मौनव्रत, शाकाहार, रात्रि से पूर्व भोजन करना, व्रत, उपवास, तप, नमाज-रोजे, आध्यात्म ध्यान/सत्संग आदि कृत्य के माध्यम से व्यक्ति के शारीरिक बल तन-मन शुद्धि द्वारा स्वास्थ्य पर ही विशेष जोर दिया गया है। दीपावली पर्व पर एक दिन धनत्रयोदशी आरोग्य के देव धनवन्तरी के नाम स्वास्थ्य को समर्पित है। चार वेदों की रचना के बाद आरोग्य पर बल देने हेतु ही पांचवे वेद आयुर्वेद की रचना आवश्यक हुई।

अनादिकाल से हमारी दैनिक वैदिक प्रार्थना में एक सकारात्मक, निस्वार्थ प्रत्येक प्राणीमात्र के स्वास्थ्य, कल्याण की अति सुन्दर कामना की है।

सर्वेभवन्तु सुखिनः, सर्वेभवन्तु निरामया, सर्वभद्राणि पश्यन्तु, माकश्चिद दुखभागभवेत

(सभी सुखी होवें, सभी रोग मुक्त रहें, सभी मंगलमय घटनाओं के साक्षी बनें और किसी को भी

दुख का भागी न बनना पड़।)

रात्रि में शीघ्र सोने और प्रातःकाल शीघ्र उठने वाला व्यक्ति आरोग्यवान, भाग्यवान और ज्ञानवान होता है।

(स्वास्थ्य नियंत्रित रहता है, उत्साह बढ़ता है आलस नहीं आता)

नेक तंदरुस्ती लाख नियामत। व्यायाम सभी रोगों की अचूक औषधि है। हंसना सभी रोगों की सबसे बड़ी दवा है। मानसिक प्रसन्नता सबसे बड़ा सुख/धन है। स्वास्थ्य के लिए प्रसन्नता अति आवश्यक है। मन श्रेष्ठ चिकित्सक भी है और श्रेष्ठ औषधी भी है।

एक सेब फल प्रांते दिन खाएं, डाक्टर को दूर भगाए।

भोजन जीने के लिए है न कि जीना भोजन के लिए।

अच्छा हास्य आत्मा का स्वास्थ्य है, चिंता उसका विष है।

पैर गरम, पेट नरम, सिर ठण्डा; पास आए डाक्टर तो मारो डण्डा।

जिसके पास स्वास्थ्य है उसके पास आशा है, जिसके पास आशा है उसके पास सब कुछ है।

शरीर को रोगी और निर्बल रखने के समान दूसरा कोई पाप नहीं – लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक

बचाव इलाज से ज्यादा महत्वपूर्ण है। खाली दिमाग शैतान का घर।

सादा जीवन उच्च विचार। कम खाओं-गम खाओ।

सौ दवा एक परहेज

सौ दवा एक दुआ

संतोषी सदा सुखी

A man too busy to take care of his health is like a mechanic too busy to take care of his tools.

Young or old, better than gold, The greatest wealth is your Good health.

दो कप चाय

ओम जी शुक्ला , उप. कमा.
203 कोबरा, केरिपुबल

माह घटना उन दिनों की है, जब मैं सीटीसी पनीमच में क्यू.एम./एम.टी.ओ. कोर्स कर रहा था। एक हमारे मित्र हैं। वह किसी को चाय नहीं पिलाते, जब भी उनसे पूछो, “याद कब करें श्रीमान" कह देते हैं बड़ी सहजता से – कभी भी आ जाओ, तुम्हारा घर है। वह सोच रहे थे-शायद बच गये, पर काश! ऐसा हो पाता, क्योंकि इस बार उनका पाला जिद्दी शुक्ला जी से पड़ा था, मोर्चा कठिन था, इसलिए मैं अपने एक धुरन्धर

लाइजन एक्सपर्ट साथी को साथ में ले चलने का फैसला किया और उनके घर की तरफ ऐसे बढ़ा जैसे एक सिपाही कम्पनी कमाण्डर का साक्षात्कार लेने के लिए बढ़ रहा हो।

चलने से पहले मैं अपने साथी अधिकारी को आगाह कर दिया कि वो सब कुछ सहने के लिए तैयार रहे। फिर हम दोनों ने एक दूसरे की बुराई करके, गालियाँ देकर, यहाँ तक कि एक दूसरे का चाहे कॉलर पकड़कर, चांटे मार-कर एक दूसरे की धैर्य की परीक्षा ली और इस प्रकार पूरी तरह से तैयार यहाँ होकर हम उनके यहाँ चल दिये।

जैसे ही हम उनके यहाँ पहुँचने वाले थे, वैसे ही उनका सुरक्षा सहायक किसी ईद के चाँद की तरह नजर आया और बोला 'गुड इवनिंग सर' और वापस साहब के घर की तरफ जाने लगा। मैने उसको बुलाया और उसे कहा कि तुम्हारे घर से फोन आया है, कन्ट्रोल रूम में, वो भागा और मैंने राहत की साँस ली, कि चलो कहीं यह हमारे आने की खबर साहब को दे देना तो, दरवाजे पर ताला मिलता। उनके यहाँ पहुँचने पर दरवाजा खटखटाया, अन्दर से आवाज आयी' कौन है ? मैंने आवाज पहचान ली। वह ही बोल रहे थे, मैने कहा- “मै हूँ शुक्ला!" अन्दर से आवाज आयी "क्या तुमने मेरी आवाज पहचान ली?" मैने मजाक में कह दिया “नहीं” अन्दर से आवाज आयी "तो फिर मैं घर में नही हूँ"। घबरा गया। पछताया कि आवाज पहचान कर भी मैंने मना क्यों किया? पर तभी मैंने गलती सुधार ली। कहा - पर मैं तो आपको क्यू.एम./ एम.टी.ओ. कोर्स का पेपर आउट करने आया हूँ। उन्होंने झट से दरवाजा खोल दिया। हम बिना देर किये अन्दर घुस गये और खाली पड़ी दो कुर्सियों पर काबिज हो गये। वो बोले "कहें कैसे आये?" मैंने कहा- "यूँ ही मिलने आये थे।" उनके चेहरे का फ्यूज उड़ गया और बोले - "आओ बैठो"। पर हम तो ढीठ थे, पहले से ही विराजमान! वह फिर बनावटी मुस्कान के साथ बोले कहो कैसे आना हुआ? मैने फिर कहा "यूँ ही मिलने आये थे।"

अब तो उन्हें विश्वास हो गया कि यह पढे कामधाम से कुछ नहीं आये वह उठे और बाहर चले गये। तभी घर की बिजली गयी। घर में अंधेरा हो गया, पर हमने सोचा चाय पिये बिना नहीं टलेंगे। वह फिर आये उन्होंने अपने पुराने सी.आर.पी. के दिन की प्रशंसा शुरू कर दी और बीच-बीच में वर्तमान परिस्थितियों को कोसने लगे। पर मैंने सोचा-आज चाहे इनकी कहानी सुननी पड़े पर चाय पी कर ही जायेंगे। अपनी राम कहानी का कोई प्रभाव न देख उन्होंने मुँह का शटर बंद कर दिया और अपनी पत्नी को आवाज लगायी "अजी सुनती हो। जरा मोमबत्ती तो भिजवाना" पर उनकी श्रीमती तो उन्हीं की श्रीमती थी, बोली एजी एड्जुटेन्ट साहब, मोमबत्ती तो बच्चे ने कहीं रख दी है। मोमबत्ती नहीं लायी गयी और यह बात उनके मनोनकल थी। सोचा होगा अँधेरे से डर कर भाग जायेंगे। बोले "भई तुम्हारे आते ही बिजली भाग गयी।" कहीं तुम बिजली घर वालों से यह कहकर तो नहीं चले थे कि जैसे ही हम वहाँ पहुँचे, वैसे ही बिजली भगा देना"। हम चुप रहे। मैने खिड़की से बाहर झाँककर देखा-उनके घर को

छोड़ कर सबके घरों में बिजली थी। सड़क पर लगे खम्भों के बल्ब भी जल रहे थे। मैंने बाहर झाँकना बन्द कर दिया। वह बोले – “अंधेरा बहुत है।" पर हम अँधेरे से घबराये नहीं। हमने सोच लिया था कि चाहे कुछ भी हो, चाय पी कर ही जाना है।

सच है। दृढ़ संकल्प से दुविधा की बेड़िया कट जाती है। वे हमको भगाना चाह रहे थे और हम भाग नहीं रहे थे। आखिर उन्होंने हमको भगाने के लिए एक पुराना फिल्मी गीत गाना शुरू किया। उपाय काफी वजनी था, पर हमको चाय पीनी थी। अब तो वो घबराये। सोचा होगा - कैसे हैं ये? कितना बर्दाश्त का माद्दा है। और वह सीआरपी में प्रमोशन संभावनाओं पर चर्चा कर हमारे अँधेरे भविष्य पर चिन्ता प्रकट करने लगे। तभी उनका मुन्नू आया। मैने सोचा- अब यह शायद इसे मोमबत्ती लोने को कहेंगे, पर कुछ नहीं कहा। यह देखकर मैने ही उससे कहा- "हैलो पार्टनर? मोमबत्ती ढूँढकर तो ले आओ।" वो फौरन दूसरे कमरे में जा कर मोमबत्ती ढूँढने लगा। उसकी माँ ने उसको मना किया कि यहाँ पर मोमबत्ती नहीं है- मैंने सब जगह ढूँढ़ ली है। पर हमारे सौभाग्य से उसने मोमबत्ती ले कर ही छोड़ी। मोमबत्ती आ गयी, तो मजबूर होकर उन्होंने उसको जलाया, कुछ रोशनी हो गयी। रोशनी में मैने देखा- वह मुन्ने पर दाँत किटकिटा रहे थे। कुछ देर बाद वह बोले- तुमने इतनी रात गये यहाँ आने का साहस किया, देखो आठ बज गये। मैं समझ गया कि वह हमारे साहस की तारीफ नहीं कर रहे हैं, वह तो यह कहना चाह रहे थे कि देखो आठ बज गये अब तो यहाँ से चलो! पर हम बैठे रहे। वह टॉपिक को नर्मी देते हुए बोले – “तुम कितने बजे सो जाते हो? भाई हम तो आठ बजे ही सो जाते हैं? क्योंकि "बिस्तर पर जल्दी सोना और जल्दी उठना" आदमी को स्वस्थ, अमीर और बुद्धिमान बनाता है।" देखो हमारा बिस्तर भी तैयार है, बस अब उन पर लेटना ही बाकी है। पर हम चाय पिये बिना जाने वाले कहाँ थे। आखिर उनकी श्रीमती बोली "अजी डीसी साहब, रसोई में दो कप चाय जो हमने अपने लिये बनायी थी, इन्हें पिला दो ना! बड़ी दीनता से उन्होंने हमारी तरफ देखा कि शायद औपचारिकतावश ही ये चाय के लिए मना कर दें, पर हम तो यहाँ चाय पीने ही आये थे। इसलिए मना करने की बजाय मैंने अपनी गिद्ध दृष्टि चाय पर गड़ा दी। वह अनमने मन से अपनी श्रीमती से आधी-आधी कप चाय लाने के लिए बोले। चाय के साथ कुछ और लाये जाने की अपेक्षा करना व्यर्थ था। हमने चाय जल्दी से गटकी और खाली कप मेज पर रख दिया। तब वे हमारी तरफ इस तरह देखने लगे कि जैसे कह रहे हों, – “देखो, बहुत देर हो गयी है, चाय भी तुमने पी ली है, अब यहाँ से फूट लो। हम चलने के लिए तैयार हो गये। उन्हें नमस्कार करके जैसे ही हम दरवाजे से बाहर निकले वैसे ही उनके घर की बिजली आ गयी। बाहर निकल कर मेरे साथी ने कहा - "यार शुक्ला उनकी पत्नी उन्हें एड्जुटेन्ट साहब क्यों कह रहीं थीं? पत्नी भी क्या पति को इस तरह औपचारिकता से बुलाती है? मैने कहा- अब रहने भी दो यार, चाय तो हम पी ही चुके।" और हम ठहाके लगाते-लगाते मेस में आकर सो गये।



दूसरी लाईन

निरीक्षक/जीडी श्रवण यादव
208 कोबरा

आपने लाइन तो कई प्रकार की सुनी और देखी जा होगी। जैसे टिकट काउंटर पर यात्रियों की लाइन, पेमेंट काउंटर पर उपभोक्ताओं की लाइन, सरकारी राशन स्टोरों पर बी.पी.एल. वालों की लाइन, भर्ती केन्द्रों पर बेरोजगारों की लाइन, धर्म स्थलों पर भक्तों की लाइन, दारू के अड्डों पर पियक्कडों की लाइन, अस्पतालों में मरीजों की लाइन, पार्किंग में गाडियों की लाइन, टेलीफोन, बिजली और रेल की लाईन, इत्यादि-इत्यादि। पर इन सब में केरिपुबल के लाइन की महिमा आधुनिक बाबाओं के महिमा की भाँति अगम और अपरम्पार है। जब मैं केरिपुबल की परीक्षा देने आया था तो मेन गेट से रेलवे स्टेशन तक अभ्यर्थियों की लाइन सी लगी थी और उस समय गेट से भर्ती ग्राउंड तक की लाइन में पहुंचकर परीक्षा देना किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं लगा था। अंतिम परीक्षा तक जाते-जाते ये लाइन धीरे धीरे किसी बुजुर्ग की जिंदगी की तरह छोटी हो चुकी थी। हम कुछ ही लोग बचे थे। किस्मत हमारे साथ थी और हमने सारी परीक्षाएं पास कर ली। तब ऐसा लगा था कि अब लंबी लंबी लाइनों में नहीं लगना पड़ेगा और इससे मुक्ति मिल जाएगी। एक अदद् नौकरी की तलाश पूरी हो चुकी थी।

ऐसा महसूस हो रहा था कि अब जिंदगी की रेल अपने लाइन पर आ गई है। पर यह लाइन हमारा पीछा छोड़ने वाली नहीं थी। एक तरह की लाइन से मुक्ति मिली तो दूसरी तरह की लाइन के चक्कर में पंगा हो गया।

अपना ज्वाइनिंग लेटर लेकर जब पहली बार ग्रुप सेन्टर में पहुँचा तो एक नई प्रकार की लाइन का पता चला। गेट पर तैनात हाथ में डंडा लिए एक भारी भरकम विशालकाय प्राणी से मेरा पहला सामना हुआ और कड़क आवाज में पूछा कहाँ जाओगे? लाइन में या क्वार्टर में ? मैं घबरा गया, लाइन में जाने के बजाय घर वापस चले जाना अच्छा था।

क्योंकि मेरे सामने मेरी कल्पना में वही लंबी लाइन थी जिससे मैं परीक्षा ग्राउंड तक पहुँचा था। आपने सुना होगा दूध का जला छाछ को और चाय का जला लस्सी को भी फूंक-फूंक कर पीता है। तो ऐसी लाइन में जाने की बजाय घर वापस चले जाना अच्छा था। पर मेरे पास एक विकल्प था। मैनें कह दिया लाइन में नहीं क्वार्टर में जाउँगा फिर अगला सवाल था – क्वार्टर मे किसके क्वार्टर में? मुझे कुछ जबाब न सूझा) मैनें बता दिया "डी.आई.जी. साहब के क्वार्टर जाना है। क्योंकि ज्वाइनिंग लेटर में निर्देश ही ऐसा था कि - आप फला तिथि तक इस ग्रुप सेन्टर के डी.आई.जी. को रिपोर्ट करे। उसकी मूछों की तरह कड़क उसकी आवाज न जाने क्यों मक्खन लगे ब्रेड की तरह नरम पड़ गयी थी। पंद्रह मिनट से गेट पर खड़ा कर रखा था, पर अभी तो मेरे लिए उसने एक कुर्सी हाजिर कर दी थी और वही मक्खन सी आवाज दोहराते हुए कहा –सर आप दो मिनट बैठिए, आपके लिए गाड़ी मंगा रहे है। थोड़ी ही देर में गेट पर जिप्सी लग चुकी थी। ड्राईवर ने मुझे कड़क सैल्यूट किया। मेरा सामान गाड़ी में डाला और डी.आई.जी. साहब के शानदार बंगले के सामने मुझे छोड़ दिया। केरिपुबल में इतनी सुख-सुविधा। मैं तो सोच सोच के फूला नहीं समा रहा था। नाहक ही मैंने अपने मस्तिष्क में फोर्स के बारे में गलत धारणा पाल रखी थी। डी.आई.जी. महोदय अभी अभी गोल्फ खेल कर आए थे। शायद नहा-धो रहे थे। इसलिए मुझे एक बड़े से नयनाभिराम वातानुकुलित कमरे में बैठा दिया गया और थोड़ी देर इंतजार करने के लिए बताया गया। कुछ ही देर में चाय और बिस्कुट भी आ चुके थे। मैं तो खुशी में डूबता ही जा रहा था इतनी खातिरदारी। वाह! मेरी किस्मत ने मुझे कहाँ से कहाँ पहुँचा दिया। पर यह मेरा भ्रम था। क्योंकि मुझे इसके बाद आने वाली विपत्ति का अनुमान नहीं था, जो सावन के घटा की भाँति कुछ ही पल में मुझ पर बरसने वाली थी। हाथ में कोई फाइल लिए एक प्रौढ सज्जन अंदर से कमरे में प्रवेश किए और आप आए हैं बेटे का प्रश्नवाचक वाक्य पूरा करते हुए मेरे सामने वाले सोफे पर बैठ गये। जी अंकल जी ! प्रणाम। आप डी.आई.जी. साहब है ? मैनें पूछा। उन्होंने आश्चर्य चकित ढंग से जवाब दिया -हाँ बताओ! मैंने अपना ज्वाइनिंग लेटर निकालकर हाथ में पकड़ा दिया। कागज के उस टुकड़े पर जिस पर मेरी जिंदगी की नई इबारत लिखी गई थी उन्होनें एक नजर दौड़ाई और गुस्से में उठ खड़े हुए। चिल्लाते हुए कहा - बेवकूफ तो मैं क्या करूँ? गेट आउट फ्राम हेयर..... इडियट नॉन सेंस... गेट आउट। थोड़ी देर पहले गुलाब की तरह खिलखिलाता उनका चेहरा अब बैंगन की तरह

सॉवला हो चुका था। दरवाजे से बाहर झांक कर किसी को आवाज लगाइ और मुझे तत्काल बाहर करने का हुक्म सुना दिया। कुछ ही क्षणों में मैं उस रंगीन कमरे से बाहर फिर उसी काली-कलूटी सड़क पर वापस आ गया था जिससे मैं अंदर घुसा था। यह सब कुछ मेरी समझ से बाहर था। बड़ी मुश्किल से नौकरी पायी थी। बड़े-बड़े सपने पाल रखे थे। लग रहा था सब कुछ धूल में मिल रहा है। मुंह लटकाए आगत भविष्य की कल्पना में मैं किंकर्तव्यविमूढ़ तात्कालिक विपत्ति की समुद्री लहरों के बीच खड़े-खड़े कुछ घटित होने की प्रतीक्षा कर रहा था। तभी अचानक खाकी की हाफ पैंट और बनियान पहने, हाथ में डायरी लिए एक सज्जन जिनके बारे में कई दिनों के बाद पता चला कि वह बी.एच.एम. थे, मेरे नजदीक पहुँचे और मुझ किस्मत के जले हुए पर शब्दों के कठोर नमक की पोटली उड़ेलनी शुरू कर दी। बेवकूफ तु रिक्रूट है ये क्यों नहीं बताया। मै तो तुझे डी.आई.जी. साहब का गेस्ट समझा था। चल उठा सामान सिर पर और दौड़ चाल में आ जा मेरे पीछे। और खुद उचककर नजदीक खड़ी साइकिल पर सवार हुए और चल पड़े। कुली की तरह दो दो बैग सिर पर रखे उस अनजान डगर पर साईकिल के पीछे पीछे मैं लगभग दौड़ता हुआ चला जा रहा था। पैर रूके तो मैं पसीने से तर-बतर हो चुका था और धौंकनी की तरह चल रही सांसें धमने का नाम नहीं ले रही थी। नवम्बर-दिसम्बर की भीषण ठंड में मई- जून की तरह ग्रीष्म का अहसास हो रहा था। अब मैं दो डबल स्टोरी बिल्डिंग के बीच में खड़ा था एक तरफ अंग्रेजी में लिखा था-ओआरएस लाईन तो दूसरी तरफ एसओएस लाइन। अभी तक ओआरएस का घोल और एसओएस कॉल के बारे में तो सुना था और उनके साथ लाइन लिखा हुआ पहली बार देखा। मतलब इस लाइन में भी दो प्रकार की लाइन। इसके आगे और किसी तीसरे या चौथे प्रकार की लाइन हो सकती थी। बी.एच.एम. महोदय ने दाहिने साइड वाली बिल्डिंग से नीचे उतर रहे एक सज्जन को बुलाया और मुझे सौंप दिया। ये लो संभालो तुम्हारा रिकूट है। डी आई जी साहब के घर पहुँच गया था। चाय भी पीकर आ रहा है। देख लेना। और हां नौ बजे की फालिन से पहले सिग्नल लाइन में चार लड़के भेज देना मेजर। मेजर? ये कैसे मेजर हैं ? मैने अपने आपसे प्रश्न किया। आर्मी में तो बहुत बड़े अफसर होते है और यहाँ खाकी की हाफ पैंट और थर्ड क्लास की फूल बाजू की बनियान में घूम रहे है मेजर साहब। पहली बार केरिपुबल की अपनी लाइन में घुसा था। हॉस्पिटल के मरीजों की तरह लोग लाइन में लेटे हुए हैं। एक महाशय कान में इयर फोन लगाए गाने सुन रहे है, दूसरे महाशय मोबाइल पर कुछ नसीहत दे रहे हैं। तीसरे कसरत कर रहे थे। चौथे जो कि धार्मिक लाइन के लग रहे थे चारपाई पर बैठे बैठे धीरे-धीरे रामचरित मानस की लाइन पढ़ रहे थे। बाकी बिस्तर पर पड़े-पड़े जाग रहे थे। यह अपने आप में एक अनोखी लाइन थी। इस लाइन की खासियत का पता मुझे बाद में चला और अब इस लाइन के उपर तो कितनी लाइनें लिखी जा सकती है। एक लाइन में रहकर भी यहाँ पर सबकी अपनी अपनी लाइन है जो अब तक पढ़ी और सुनी गई लाइनों से हटकर थी। आज "दूसरी लाइन' में आकर अब मेरी जिदंगी की अलग लाइन की शुरूआत हो चुकी थी !!

LIST OF AWARDEES OF POLICE MEDAL FOR GALLANTRY, REPUBLIC DAY, 2013

